नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

भारत का 'बाहुबली' रॉकेट क्रिसमस ईव पर होगा लॉन्च

• बोकारो, सोमवार 22 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 215 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

संक्षिप्त समाचार

कफ सिरप पीने से बच्ची की मौत

कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)। जिले में कफ सिरप पीने के बाद डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत का मामला सामने आने से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। मृत बच्ची की पहचान रवि भुइयां की पुत्री रागिनी कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रागिनी को पिछले दो दिनों से खांसी की शिकायत थी। इसी को लेकर परिवार के लोगों ने दूधीमाटी चौक के पास स्थित एक मेडिकल दुकान से खांसी का सिरप खरीदा था। परिजनों ने जैसे ही बच्ची को सिरप पिलाया, कुछ ही समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। बच्ची को बेचैनी होने लगी। बच्ची की हालत गंभीर होते देख परिजन आनन-फानन में उसे कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रागिनी को मृत घोषित कर दिया।

रांची रेलवे स्टेशन पर तीन माह का नवजात बरामद

रांची(नबिटा ब्यूरो)। आरपीएफ की तत्परता और रेल पुलिस की मानवीय संवेदनशीलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण रांची रेलवे स्टेशन पर सामने आया है। कड़ाके की ठंड में किसी ने एक तीन माह के नवजात को रांची रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया था लेकिन आरपीएफ ने उस मासूम को बचा लिया। शनिवार देर रात ड्यूटी पर तैनात एएसआई अरुण कुमार और महिला कांस्टेबल राखी कुमारी प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर रूटीन जांच और गश्त में थे। इसी दौरान ओवरब्रिज के नीचे एक लगभग तीन माह के नवजात बालक को लावारिस हालत में देखकर चौंक गए। आरपीएफ कर्मियों ने तत्काल पहल करते हुए शिशु को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।

ज्वेलरी दुकान में सेंधमारी

गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)। जिले के तिसरी थाना क्षेत्र स्थित तिसरी चौक पर रविवार सुबह ज्वेलरी दुकानदार उस समय हैरान रह गया, जब दुकान खोलते ही चोरी का बड़ा खुलासा हुआ। सिदो-कान्हो चौक के सामने स्थित एक ज्वेलरी दुकान में चोरों ने सेंधमारी कर करीब ढाई लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान का निरीक्षण किया। पीड़ित दुकानदार शक्ति स्वर्णकार ने पुलिस को बताया कि चोर दुकान से लगभग ढाई लाख रुपए मूल्य के जेवरात चोरी कर ले गए हैं।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

रांची(नबिटा ब्यूरो)। वाईबीएन विश्वविद्यालय की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 22-23 दिसंबर को किया जा रहा है। विषय है- नव क्षितिज की ओर अग्रसरः समकालीन विश्वविद्यालयी शिक्षा एवं विकसित भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का एकीकरण। संगोष्ठी का उद्देश्य उच्च शिक्षा मेंएनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और विकसित भारत के विजन की प्राप्ति में इसकी भूमिका पर विमर्श करना है।

विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को रविवार को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देत रात तक संसद में चर्चा चली थी। हंगामों के बीच इस बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। इस कानून के मुताबिक अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है। सरकार का कहना है कि इससे गांवों में गरीबी कम होगी और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम मिलेगा। सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। सरकार चाहती है कि ग्रामीण इलाकों में चल रही योजनाएं एक-दूसरे से जुड़कर ज्यादा प्रभावी परिणाम दें। सड़कों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोड़कर गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी। वीबी-जी राम जी कानून में संतृप्ति आधारित डिलीवरी को खास महत्व दिया गया है। इसका मतलब यह है कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार का कहना है कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ पहुंचाना इस कानून का मूल उद्देश्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा।

बेकाबू बाइक बिजली पोल से टकराई, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गिरिडीह। जिले के जमुआ-चकाई मेन रोड पर देर रात भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। देवरी थाना क्षेत्र के चतरो हटिया मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और अचेत होकर गिर पड़े। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। रात का समय होने के बावजूद तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी जिससे चालक बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान कांटीदिघी गांव निवासी मिथिलेश कुमार राय (35 वर्ष) और गादिदिघी गांव के टोला मंझलाडीह निवासी राजकुमार राय (55 वर्ष) के रूप में की गई है। दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। दुर्घटना के बाद दोनों सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े मिले। सूचना मिलने पर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही देवरी थाना के सब इंस्पेक्टर रामपुकार सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार के कारण बाइक के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की लेकिन मृतकों के परिजन पोस्टमॉर्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए। परिजनों के आग्रह पर कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शवों को उनको सुपुर्द कर दिया गया।

नक्सल मुक्त होगा लोहरदगा : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लोहरदगा। लोहरदगा पुलिस ने अपराधियों और नक्सलियों को डेडलाइन दे दिया है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने साफ तौर पर कहा है कि अगले एक महीने में जो भी बचे हुए नक्सली और अपराधी हैं उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। हालांकि लोहरदगा एसपी ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए भी आगे आने की बात कही है। साथ ही यह भी कहा कि अगले एक महीने में आत्मसमर्पण नहीं किया तो फिर पुलिस उन्हें पकड़कर जेल भेज देगी। इसके साथ ही लोहरदगा जिला पूरी तरह से नक्सली मुक्त हो जाएगा। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान लोहरदगा पुलिस को कई बड़ी सफलताएं मिली हैं। भाकपा माओवादी, जेजेएमपी और पीएलएफआई के नक्सली और अपराधी पकड़े गए हैं। विगत 17 अक्टूबर 2025 को पुलिस ने चार अपराधियों को धर दबोचा था। उनके पास से हथियार भी बरामद किया गया था। इसी तरह से 20 अक्टूबर 2025 को भी पुलिस ने एक अपराधी जसीम पवारिया को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। जिला पुलिस को 26 नवंबर 2025 को भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ता सदस्य राजा हेमंत असुर उर्फ राजन असुर को पकड़ने में सफलता मिली थी। वहीं 6 दिसंबर 2025 को पुलिस ने जेजेएमपी संगठन के दो समर्थकों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। साल 2025 में कई बड़े नक्सली, उग्रवादी और अपराधी लोहरदगा में पकड़े गए हैं। पुलिस लगातार नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। लोहरदगा जिला में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 15 लाख के इनामी दुर्दांत नक्सली रविंद्र गंझू के अलावे जेजेएमपी और दूसरे छोटे आपराधिक ग्रुप के कुछ सदस्य बचे हुए हैं।

पलामू में पुलिस जवान के परिवार पर हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही कुछ लोगों ने पुलिस जवान के घर में घुसकर पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पुलिस जवान वीरेंद्र पासवान की पत्नी सोना देवी (45) गंभीर रूप से घायल हो गई हैं जबकि उनके पिता महाराज पासवान (75) और दो बेटियां नंदन कुमारी (18) व काजल कुमारी (13) भी घायल हुई हैं। जानकारी के अनुसार गांव के स्वर्गीय अखिलेश पासवान के पुत्र धीरज कुमार और नीरज कुमार से किसी बात को लेकर पहले बहस हुई थी। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने देर शाम हथियारों से लैस होकर पुलिस जवान के घर पर धावा बोल दिया। घायल सोना देवी ने बताया कि बहस के बाद धीरज और नीरज अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ अचानक घर में घुस आए और बिना कुछ कहे हमला शुरू कर दिया। हमलावरों के हाथों में टांगी और लाठी-डंडे थे। उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को निशाना बनाया। हमले में सोना देवी को सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने आए वृद्ध महाराज पासवान और दोनों बेटियां भी मारपीट में घायल हो गईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सोना देवी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है। अन्य घायलों का इलाज हुसैनाबाद अस्पताल में किया गया। इस मामले में घायल परिवार की ओर से हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस जवान वीरेंद्र पासवान वर्तमान में टाटा गालूडीह थाना में तैनात हैं। घटना की सूचना मिलते ही मेदिनीनगर पहुंचे और अपनी पत्नी के इलाज की देख-रेख में जुट गए हैं।

उरीमारी कोलियरी में ओबी गिरने से दो मजदूरों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रामगढ़। रामगढ़ और हजारीबाग के सीमावर्ती क्षेत्र उरीमारी के बरका सयाल स्थित सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र की उरीमारी कोलियरी में देर रात बड़ा हादसा हो गया। आउटसोर्सिंग कंपनी आशीर्वाद में रात्रि पाली के दौरान काम कर रहे दो मजदूरों की ओवरबर्डन (ओबी) गिरने से दबकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुनील यादव और राजू पासवान के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों मजदूर कोलियरी में अपने निर्धारित कार्य में लगे थे तभी अचानक ऊपर से भारी मात्रा में ओबी उनके ऊपर आ गिरा। हादसा इतना अचानक हुआ कि मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आसपास मौजूद अन्य मजदूरों ने शोर सुनकर मदद की कोशिश की और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही कोलियरी क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की खबर फैलते ही यूनियन नेता राजू यादव समेत बड़ी संख्या में मजदूर और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। हादसे से नाराज यूनियन और मजदूरों ने मुआवजे और आश्रितों को नौकरी देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने रात से ही पूरी आउटसोर्सिंग कंपनी का काम बंद करा दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ है। इसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की बनती है। यूनियन नेताओं ने प्रत्येक मृतक मजदूर के लिए 25-25 लाख रुपए मुआवजा और एक-एक परिजन को स्थायी नौकरी देने की मांग रखी है। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की। वहीं कोलियरी प्रबंधन और यूनियन के बीच देर रात से बातचीत का दौर चल रहा है लेकिन समाचार लिखे जाने तक मुआवजे और अन्य मांगों को लेकर कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी है। प्रबंधन की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इस हादसे के बाद उरीमारी कोलियरी क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मजदूरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं तब तक काम शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

महंगा होगा रेल का सफर, 26 दिसंबर से बढ़ेगा किराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा। हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है। दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के अनुसार साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में एक पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। वहीं संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे। रेल मंत्रालय के मुताबिक नया किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और साधारण गैर-उपनगरीय सेवाओं जैसी प्रीमियर व विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू होगा। भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेन टिकट के दाम में ये इस साल की दूसरी बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले जुलाई महीने की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था। 1 जुलाई से भारतीय रेलवे की ओर से रेल किराये में की गई बढ़ोतरी भी इतनी ही थी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराये में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी जबकि एसी ट्रेन से यात्रा करने पर 2 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से इजाफा किया गया था। रेलवे का अनुमान है कि इस किराया समायोजन से उसे करीब 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। रेलवे के मुताबिक इस राशि का उपयोग परिचालन लागत को संभालने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा। पिछले दस वर्षों में रेलवे ने अपने नेटवर्क और ऑपरेशन को काफी बढ़ाया है और देश के दूर-दराज के कोनों तक भी पहुंच गया है।



टॉर्च की रोशनी में ऑपरेशन, सरकारी अस्पताल की बदहाली उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था ने पूरे सिस्टम की पोल खोल कर रखी है। हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मोबाइल की टॉर्च में परिवार नियोजन का ऑपरेशन करते हुए विजुअल सामने आया है।

हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टॉर्च के रोशनी में परिवार नियोजन का ऑपरेशन किया गया है। शायद यह सुनकर हर एक व्यक्ति दंग रह जाए कि आखिर कैसे ऑपरेशन मोबाइल के रोशनी में किया जाता है। दरअसल ऑपरेशन का विजुअल रिकॉर्ड हुआ है। जिसमें एक महिला ऑपरेशन बेड पर है और उसका ऑपरेशन हो रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी यह कह भी रहें की अस्पताल की स्थिति को सुधारने के लिए विजुअल बनाया जा रहा है। दरअसल ऑपरेशन करने के दौरान बिजली गुल हो गई। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण टॉर्च के रोशनी में ही ऑपरेशन कर दिया गया। जब यह मामला प्रकाश में आया तो पूरे मामले का लिपापोती करने का दौर भी जारी है। हजारीबाग के सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि विजुअल कब का है इसका जांच कराया जा रहा है। इन्होंने कहा कि इसके पीछे का कारण क्या है यह भी तफ्तीश कराई जा रही है। हजारीबाग के तमाम अस्पताल को वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था मिले इसके लिए कदम भी उठाया जा रहा है. हजारीबाग उपायुक्त ने संज्ञान भी लिया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। वही हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने भी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि वह अपने विभाग को देखें। बयान बाजी में कुछ रखा नहीं है. इन्होंने दुख जाहिर किया कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधा देने में नाकामयाब साबित हो रही है। सांसद का यह भी कहना है स्वास्थ्य सुविधा देने में सबसे निचले स्तर पर सरकार पहुंचगई है। मामला बेहद गंभीर है. जहां मोबाइल के टॉर्च से एक महिला का ऑपरेशन कराया जा रहा है। थोड़ी चूक हुई तो मरीज की जान भी जा सकती है।

लिटिल चैंप स्कूल का 12वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। लिटिल चैंप स्कूल का 12वां वार्षिक दिवस समारोह 21 दिसंबर 2025 को परमेश्वर बैंक्वेट हॉल, कुमराहार गुमटी, संदलपुर, पटना में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, अभिभावक और विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रतिभा और रचनात्मक ऊर्जा का प्रदर्शन हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी थे. विशिष्ट अतिथि के रूप में कुम्हरार विधायक संजय कुमार एवं पटना साहिब विधायक रत्नेश कुशवाहा उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के अभिनंदन से हुई। मौके पर विद्यालय के निदेशक चन्द्रशेखर प्रसाद एवं कार्यालय प्रमुख वैष्णवी कुमारी भी उपस्थित थीं। छोटे बच्चों ने अपने गायन, भाषण, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों से गूंज उठा।

लिंडसे क्लब में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 34 यूनिट रक्त संग्रह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। हीरापुर स्थित प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी द्वारा पौष पारबोन उत्सव के अवसर पर रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब परिसर में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना रहा। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के तकनीकी सहयोग से शिविर सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिले के सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की जान बचती है, बल्कि रक्तदाताओं के स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी होता है। क्लब के सचिव सलिल विश्वास ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एक यूनिट रक्त किसी के जीवन को बचा सकता है। वहीं, अध्यक्ष अमलेंदु सिन्हा ने रक्तदाताओं के उत्साह की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए सकारात्मक संकेत बताया।

शिविर में क्लब सदस्यों के साथ स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दोपहर तक कुल 34 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाताओं के लिए जलपान व विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई। पीएमसीएच की मेडिकल टीम द्वारा रक्तदाताओं को कॉफी मग, मोमेंटो और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संस्था ने भविष्य में स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों के विस्तार की बात कही।

अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1000 लीटर जावा महुआ नष्ट, महिला समेत दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारी शरीफ। रविवार को पुलिस स्टेशन स्तर की एक विशेष टीम ने हसनपुरा गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान, लगभग 1000 लीटर जावा महुआ मौके पर ही नष्ट कर दी गई। लगभग 65 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया।

थाना हाउस ऑफिसर अफसर हुसैन ने बताया कि हसनपुरा में लंबे समय से बड़े पैमाने पर अवैध शराब बनाने का धंधा चल रहा था। छापेमारी के दौरान, शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली भारी मात्रा में सामग्री भी नष्ट कर दी गई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई से इलाके के अवैध शराब व्यापारियों में दहशत फैल गई है।

गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

नगर निकाय चुनाव के लिए राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने प्रभारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने नगर निगम चुनाव में अपनी पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रभारी की नियुक्ति की है।

राज ने कहा कि यद्यपि यह दलीय आधार पर नहीं हो रहा है तदापि पार्टी के कार्यकर्ता को सफलता दिलाने के लिए पार्टी की कृत संकल्प है राज ने कहा कि इस क्रम में रांची के लिए संजय कुमार सिंह हजारीबाग के लिए मुकेश कुमार धनबाद के लिए दिनानाथ ठाकुर चास के लिए आकाश पांडे गिरिडीह के लिए अनिद्र भट्टाचार्य को

प्रभारी बनाया गया है राज ने कहा आम सहमति के आधार पर कुछ स्थानों पर एनडीए समर्थित उम्मीदवार को भी मदद करने की कवायत की जाएगी।

सरिया लदे ट्रेलर ने बिजली के खंभे को मारी टक्कर, दो ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। टुंडी मुख्य मार्ग स्थित बाभनटोली मोड़ पर शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सरिया लदे एक ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए घटनास्थल पर पहुंचने पर लोगों ने देखा कि ट्रेलर बिजली के खंभे से बुरी तरह भिड़ा हुआ है।

टक्कर के कारण खंभे से जुड़े दो ट्रांसफॉर्मर नीचे गिर गए और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में पास स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान को भी नुकसान पहुंचा है बताया जाता है कि घटना के समय क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पहले से बाधित थी, जिस कारण एक बड़े हादसे से बचाव हो सका। यदि उस समय बिजली चालू रहती, तो जान-माल के भारी नुकसान की आशंका थी घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने

बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर पूरी लाइन की आपूर्ति बंद कर दी गई। वहीं, हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया दुर्घटना में ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए हैं। ट्रेलर गिरिडीह की ओर आ रहा था फिलहाल मामले की सूचना संबंधित विभाग और पुलिस को दी गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भटिंडा फॉल व तोपचांची झील जल्द पर्यटक स्थल के रूप में होगा विकसित : पर्यटन मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू रविवार को धनबाद पहुंचे। यहां उन्होंने धनबाद के बिरसा मुंडा पार्क में 'वंडर ब्लूम एंड एडवेंचर पार्क' का उद्घाटन किया। इसके साथ ही धनबाद विधायक राज सिन्हा के साथ भटिंडा फॉल पहुंच वहां की वस्तुस्थिति को जाना और जल्द हीं भटिंडा फॉल को राज्य के पर्यटन सूची में शामिल करने का आश्वासन दिया।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि भटिंडा फॉल को मैं व्यक्तिगत तौर पर अपनी आंखों से देखना चाहता था की यहां किन सुविधाओं की कमी है, जिसे मैंने देखा भी और समझा भी, इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता भी हुई है, जल्द ही यहां सुखद परिवर्तन देखने को मिलेगा। इसके साथ ही बिरसा मुंडा पार्क में एवियारी और फलवार पार्क का उद्घाटन हुआ है। एवियारी एक नई चीज है धनबाद के लिए जो यहां के लोगों को काफी पसंद आएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि धनबाद के तोपचांची में पर्यटन को लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट आने जा रहा है, जो प्रक्रिया के अंतिम स्टेज में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इसको लेकर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सदन में बात रखा था, इसी संदर्भ में आज का यह दौरा था। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं, मौके पर मौजूद विधायक राज सिन्हा ने पर्यटन मंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कई बार विधानसभा में उन्होंने इस क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर बाते रखी थी, इसी को लेकर आज झारखंड के पर्यटन मंत्री ने क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बताया कि पर्यटन मंत्री ने यहां के सड़को को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है, साथ ही भटिंडा फॉल जो अभी पर्यटन की सूची में डी ग्रेड में शामिल है, उसे सी ग्रेड की सूची में शामिल करने का आश्वासन दिया है। इससे क्षेत्र को विकसित करने में काफी मदद मिलेगी। इसके साथ ही यहां स्थानीय ग्रामीण गोताखोरों को पर्यटन मित्र के रूप में जोड़ने का भी आश्वासन दिया है।

नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना कानूनन अपराध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिला में वाहन जांच व सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू की उपस्थिति में जिले के विभिन्न प्लस टू हाई स्कूल परिसरों में वाहन निरीक्षण एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे छात्र-छात्राओं को सख्त निर्देश दिए गए, जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है और जो बिना हेलमेट के बाइक से स्कूल आते पाए गए।

इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना कानूनन अपराध है तथा बिना हेलमेट वाहन चलाना जानलेवा साबित हो सकता है। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया कि वे ऐसे विद्यार्थियों पर कड़ी निगरानी रखें और उन्हें नियमित रूप से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करें।इस अभियान में सड़क सुरक्षा कोषांग, लोहरदगा की टीम भी उपस्थित रही, जिसने छात्रझछात्राओं को हेलमेट के महत्व, यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में भी प्रशासन के द्वारा लगातार वाहन जांच और जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

श्री श्याम समर्पण महोत्सव का भव्य आयोजन आज

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। श्याम भक्तों के लिए हर्ष और उल्लास का अवसर आने वाला है। 22 दिसंबर को श्याम टाबरिया के तत्वावधान में श्री श्याम समर्पण महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

■ 500 किलो बुंदिया समेत 56 भोग से सजेगा बाबा श्याम का दरबार

महोत्सव के अवसर पर बाबा श्याम को अर्पित करने के लिए विशेष रूप से 500 किलो बुंदिया, 350 किलो सुहाली तथा करीब 3000 पीस बालूशाही सहित कुल 56 प्रकार के भोग तैयार किए जा रहे हैं। भोग निर्माण के लिए रानीगंज से अनुभवी कारीगरों को आमंत्रित किया गया है, ताकि प्रसाद की गुणवत्ता और शुद्धता बनी रहे।

आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव भक्ति, समर्पण और सेवा भाव का अनुपम संगम होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए सजावट, व्यवस्था और भक्तों की सुविधा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

श्याम टाबरिया के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री श्याम समर्पण महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को बाबा श्याम की विशेष कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हजारीबाग में धार्मिक आस्था और भक्ति परंपरा का एक यादगार अध्याय बनेगा।

बाराबर पहाड़ियों की घाटियों में वाणावर महोत्सव 2025 की तैयारियां जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदूमपुर (जहानाबाद)। वनवर महोत्सव का आयोजन 24 दिसंबर को जहानाबाद जिले के ऐतिहासिक मखदूमपुर ब्लॉक की वनवर पहाड़ियों में राज्य सरकार के पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। पहाड़ी क्षेत्र के पाताल गंगा मैदान में महोत्सव के लिए एक भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। भव्य आयोजन के लिए आकर्षक मंचों का निर्माण किया जा रहा है।

महोत्सव का उद्घाटन राज्य सरकार के एक मंत्री और अतिथि अतिथियों द्वारा किया जाएगा। प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार और लोक गायिका मालिनी अवस्थी अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। जिला प्रशासन महोत्सव में लोगों को लाने-ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था कर रहा है। महोत्सव का प्रचार-प्रसार शुरू हो

■ 24 दिसंबर को विख्यात कलाकारों का एक संगम आयोजित किया जाएगा, संगीत की लहरें वनवर की घाटियों में गूंजेंगी

चुका है। वनवर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, राज्य सरकार 2013 से वनवर महोत्सव का आयोजन कर रही है। पहले यह महोत्सव दो दिनों तक चलता था, लेकिन अब यह एक दिन का है। पिछले महोत्सवों में देश के कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

मखदूमपुर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदूमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदूमपुर पुलिस स्टेशन ने एक पुराने मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानेदार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक पुराने मामले में फरार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कचनामा गांव में छापेमारी के बाद कलेंद्र बिंद और बिनोद यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल की विजेता बनी सारण, मुंगेर बना उपविजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत कसियावा स्थित डॉ. चन्द्रिका प्रसाद यादव स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रांगण में डॉ. चन्द्रिका बाबू खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय 10वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में सारण की बालिका टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुंगेर को 9-2 गोल के अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में उपविजेता रहते हुए मुंगेर की टीम को रजत पदक प्रदान किया गया, जबकि पटना एवं नवादा की टीमों को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान की ट्रॉफी एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से बताया कि डॉ. चन्द्रिका बाबू खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

■ डॉ. चन्द्रिका बाबू खेल महोत्सव में कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स व वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

इस दौरान कड़ाके की ठंड से बेपरवाह सारण की बालिकाओं ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन टीम संयोजन और खेल कौशल का परिचय दिया। सेमीफाइनल मुकाबले में सारण ने नवादा को 9झ4 गोल से पराजित किया था, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मुंगेर ने पटना को 4झ1 गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल जीतने के बाद सारण की खिलाड़ियों ने भावुक होकर खेल मैदान की मिट्टी को नमन किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में बेस्ट गोलकीपर का खिताब सारण की रीमा कुमारी को, जबकि बेस्ट प्लेयर का सम्मान मुंगेर की दीपशिखा कुमारी को दिया गया। प्रतियोगिता के समापन पर पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष एवं मां कमला चन्द्रिका जी विद्यापीठ, जहानाबाद के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भाईचारा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का सशक्त माध्यम है। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा बेहतर आयोजन के लिए बिहार हैंडबॉल संघ एवं सभी टीमों की सराहना की। खेल महोत्सव के अंतर्गत हैंडबॉल के साथ-साथ कबड्डी, कुश्ती एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का भी सफल आयोजन किया गया। इसके अलावा मां कमला चन्द्रिका जी विद्यापीठ की टीम ने कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें कबड्डी में विद्यापीठ की टीम उपविजेता रही, जबकि वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में विद्यापीठ की टीम ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया।मौके पर बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव श्री ब्रजकिशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री त्रिपुरारी प्रसाद, हाजीपुर के डॉ. सौरभ प्रकाश, अलखदेव, जहानाबाद जिला हैंडबॉल सचिव सह आयोजन सचिव श्री आलोक कुमार, रोहतास हैंडबॉल सचिव विनय कुमार, मुंगेर सचिव राकेश कुमार, बालाजी, मो. इमरान, राष्ट्रीय रेफरी चंदन कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह तथा रामलखन सिंह यादव कॉलेज, जहानाबाद की प्राचार्या मंजू कुमारी , डॉ० खालिद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पीएम केंद्रीय विद्यालय में हो रहा है बच्चों का हो रहा सर्वांगीण विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भारत सरकार द्वारा एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इस योजना के तहत छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। बच्चों में प्रारंभिक दौर से ही देश प्रेम के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि देश हमें सब कुछ देता है हमें भी कुछ देना सीखना चाहिए।

हजारीबाग बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय परिसर में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संचालित है. यह विद्यालय छात्रों को राष्ट्रभक्ति की भावना से उत्प्रोत कर रहा है। जहां बच्चे शिक्षा के अलावा कई अन्य विद्या की जानकारी ले रहे हैं। ताकि वे देश के जिम्मेवार नागरिक बन सके। स्कूल की प्राचार्या अंकित शर्मा भी कहती है कि यह विद्यालय छात्रों

के सर्वांगीण विकास करने के लिए वचनबद्ध है। जहां उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा दी जा रही है। स्कूल में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट कक्षा, खेल और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को विद्यालय में इंप्लीमेंट किया जा रहा है। सरकार द्वारा 14500 स्कूलों को योजना के तहत विकसित करने का काम किया जा रहा है. यानी मॉडर्न तकनीक के तहत छात्र-छात्राओं को शिक्षा दिया जा सके। बच्चे भी कहते हैं कि यह स्कूल अन्य विद्यालय से भिन्न है। जहां शिक्षा के साथ-साथ कई अन्य विद्या के बारे में जानकारी दी जाती है। जिसमें योग, खेलकूद, स्मार्ट क्लास, प्रयोग, अटल टिंकरिंग लैब समेत अन्य सुविधा छात्रों को दी जा रही है. स्मार्ट क्लास के कारण हर विषय की जानकारी बेहतर ढंग से मिल पाती है। विद्यालय में देश प्रेम का पाठ पढ़ाया जाता है. साथ ही हर एक बच्चा बेहतर नागरिक बने इस पर फोकस किया जाता है। भारत सरकार द्वारा साल 2022 में एक स्कीम लॉन्च की गई थी। जिसका नाम था पीएम श्री यानी पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया जिसे पीएम श्री स्कूल योजना के नाम से भी जाना जाता है। इस स्कीम के तहत नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को इंप्लीमेंट किया जाएगा यानी इन स्कूलों को मॉडर्न तकनीक के तहत बनाया जाएगा। बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मिल का पत्थर भी साबित होगा। बच्चे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस तरह के विद्यालय के लिए धन्यवाद दे रहे हैं।

केंद्रीय कारा में विधिक जागरुकता शिविर बंदियों को मुफ्त कानूनी सहायता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के निर्देश पर रविवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा द्वारा प्रदत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गरीब असहाय व कारा में बंद लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। डालसा का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब, लाचार या कारा में बंद लोग बिना अधिवक्ता के नहीं रहे। इसके लिए लोगों में जन

जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट उत्तम कुमार ने कहा कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है, जो बंदी अभी तक अधिवक्ता नहीं रख पाए हैं, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन दें। उन्हें मुफ्त में वकील मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने डालसा की संचालित बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम के बारे में जानकारी दी। मौके पर पुष्कर राज ने प्ली बार्गेनिंग व पैरोल के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि जेल सुधार गृह है। यहां जो भी बन्दी हैं उनसे जाने -अनजाने कोई गलती हो गई है वे पश्चाताप करें। साथ ही जेल में अच्छा आचरण रखें।साहित्य व धार्मिक पुस्तक पढ़ें। इससे मन का विकार दूर होगा। मौके पर जेल पीएलभी नीरज कुमार समेत सैकड़ो बंदी उपस्थित थे।

विनीता उरांव का उत्कृष्ट प्रदर्शन युवाओं के लिए बनेगा प्रेरणा स्रोत : पुलिस अधीक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। आइआरबी-10वीं वाहिनी मुख्यालय जीएलए कॉलेज परिसर से क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महिला आरक्षी विनीता उरांव ने सभी का दिल जीत लिया। पलामू पुलिस अधीक्षक सह आईआरबी-10 समादेष्टा रिष्मा रमेशन ने उन्हें प्रोत्साहन किया साथ ही बधाई प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विनीता के शानदार प्रदर्शन से पूरा आईआरबी-10 परिवार गर्वित है। उन्होंने आशा जताई कि वह इसी जोश के साथ आगे बढ़ेगी व राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन करेंगी। यह उपलब्धि महिलाओं की खेल क्षमता में बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। कहा कि पलामू पुलिस द्वारा पुलिसकर्मियों को खेलों में प्रोत्साहित करने का यह प्रयास संगठन की मजबूती का प्रतीक है। विनीता उरांव का प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना गरीबों के रोजगार पर है सीधा हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। केंद्र की भाजपा सरकार मनरेगा जैसी ऐतिहासिक जनकल्याणकारी योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने की साजिश के खिलाफ रविवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम गांधी स्मृति भवन के प्रांगण स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना देकर शुरू किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिमला कुमारी ने किया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश केवल नाम बदलने का विषय नहीं है बल्कि यह गरीबों के रोजगार, उनके अधिकारों व संविधान की आत्मा पर सीधा हमला है। उन्होंने

कहा कि महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी यह योजना करोड़ों ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा रही है। इसे कमजोर करने की किसी भी कोशिश को कांग्रेस पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक इसके खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी। धरना कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यानंद दुबे, विनोद तिवारी, रामदेव यादव, ओमप्रकाश अमन, विश्राम दुबे, गोपाल त्रिपाठी, रुद्र शुक्ला, मुकेश सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, राजेश चौरसिया, मुन्ना खान, गोपाल सिंह, अभिषेक तिवारी, धनंजय पाठक, अनिल सिंह, तुलसी पासवान, आशीष ठाकुर, सुधीर सिन्हा, शहजाद अली सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की मंशा की कड़ी आलोचना की। महात्मा गांधी की विरासत व मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की रक्षा का संकल्प दोहराया।

क्रिसमस को लेकर बाजारों में रौनक, सड़कों से लेकर गिरजाघरों तक की गई आकर्षक सजावट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में क्रिसमस को लेकर ईसाई धर्मावलंबियों में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। पर्व में अभी कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर के बाजार पूरी तरह से क्रिसमस के रंग में रंग चुके हैं। हर ओर रोशनी, सजावट और खुशियों का माहौल है। दुकानों में क्रिसमस से जुड़ी सामग्री की भरमार है और लोगों की भीड़ यह साफ बता रही है कि यह पर्व लोगों के दिलों के बेहद करीब है।

रांची के मुख्य बाजार अपर बाजार, मेन रोड, चर्च रोड, कांटाटोली और डोरंडा इलाके में क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉस की मूर्तियां, सांता कैप, जिंगल बेल, स्टार, लाइटिंग आइटम और सजावटी सामग्री आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बाजार में छोटे से लेकर बड़े आकार के क्रिसमस ट्री उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग अपने घरों, दुकानों और संस्थानों में सजाने के लिए खरीद रहे हैं। खासकर रंग-बिरंगी लाइटों और चमकते सितारों की मांग



सबसे ज्यादा है।

क्रिसमस कार्ड, सांता सूट और और गिफ्ट की खरीदारी

क्रिसमस कार्ड भी लोगों को खूब भा रहा है। पारंपरिक डिजाइन से लेकर आधुनिक थीम वाले कार्ड बाजार में उपलब्ध हैं। लोग अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और प्रियजनों को शुभकामनाएं देने के लिए कार्ड खरीदते नजर आ रहे हैं। बच्चों के लिए तो बाजार में एक से बढ़कर एक आइटम मौजूद हैं। खिलौने, मास्क, ड्रेस, सांता सूट और गिफ्ट पैक बच्चों को खासा आकर्षित कर रहे हैं। माता-पिता बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

व्यापारियों के अनुसार, क्रिसमस को लेकर इस बार बाजार में अच्छी रौनक है। लोग इस पर्व का पूरे एक वर्ष इंतजार करते हैं और इसे खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में बिक्री में तेजी आई है और आने वाले दिनों में और बढ़ोतरी की उम्मीद है।

गिरजाघरों में की गई खास सजावट

वहीं, रांची के गिरजाघरों को भी बेहद आकर्षक रूप से सजाया गया है। सेंट मेरी कैथेड्रल, गेल चर्च और अन्य चर्चों में विशेष लाइटिंग और सजावट की गई है। यीशु मसीह के



जन्म की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही है। प्रार्थना सभाओं और विशेष कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

रंग-बिरंगी रोशनी से सड़कें जगमग

सिर्फ गिरजाघर ही नहीं, बल्कि शहर की प्रमुख सड़कों को भी सजाया गया है। लाइटिंग की खास व्यवस्था की गई है, जिससे शाम होते ही सड़कें जगमगा उठती हैं। हर ओर इस उत्सव का उमंग और उत्साह साफ तौर पर देखा जा सकता है। लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं और त्योहार की खुशियों में शामिल हो रहे हैं।

रंग-बिरंगी रोशनी से सड़कें जगमग

सिर्फ गिरजाघर ही नहीं, बल्कि शहर की प्रमुख सड़कों को भी सजाया गया है। लाइटिंग की खास व्यवस्था की गई है, जिससे शाम होते ही सड़कें जगमगा उठती हैं। हर ओर इस उत्सव का उमंग और उत्साह साफ तौर पर देखा जा सकता है। लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं और त्योहार की खुशियों में शामिल हो रहे हैं। कुल मिलाकर राजधानी रांची में क्रिसमस का त्योहार सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और खुशियों का संदेश लेकर आया है। बाजार से लेकर चर्च और सड़कों तक, हर जगह जश्न का माहौल है, जो रांची की गंगा-जमुनी तहजीब और सांस्कृतिक विविधता को भी दर्शाता है।

वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच टोपी, जैकेट, स्वेटर, इनर व कंबल का किया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। कंपकंपाती ठंड ने पलामू में जरूरतमंदों का जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में गर्म वस्त्र व कंबल देकर काफी राहत प्रदान कर सकते हैं। इसी बात का ध्यान रखते हुए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने सुदूरवर्ती गांवों तक जरूरतमंदों के बीच टोपी, जैकेट, स्वेटर, इनर व कंबल का वितरण किया। टीम वरदान ने सतबरवा के पोंची, मटियाही, गोरसोती आदि गांव के भुईंयां टोली पहुंची। वहां सैकड़ों लोगों को राहत प्रदान किया। इतनी ठंड में कई निर्वस्त्र बच्चे मिले। उन्हें नए गर्म कपड़े पहनाए गए। इससे बच्चों को तुरंत राहत मिला। बुजुर्गों व दिव्यांगों को स्वेटर व जैकेट के साथ- साथ कंबल दिया गया। महिलाओं के लिए साड़ी, सलवार कुर्ता, शॉल व मोजा वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में विवेक वर्मा, मन्नत सिंह बग्गा, शर्मिला वर्मा, नेहा सिंह, निकिता सिंह, सतबरवा के निर्दोष कुमार व दिलीप विश्वकर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्रामीणों को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। खासकर महिलाओं से अपील की गई कि अपनी बच्चियों को स्कूल अवश्य भेजें। तभी एक सभ्य समाज का निर्माण संभव है।

धनबाद में भटिंडा फॉल और तोपचांची झील पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झारखंड सरकार में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार रविवार को धनबाद पहुंचे। जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र आठ लेन हाइवे के पास मौजूद बिरसा मुंडा पार्क में पहुंचकर उन्होंने वंडर ब्लूम एंड एडवेंचर पार्क का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री विधायक राज सिन्हा के साथ भटिंडा फॉल भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फॉल के वर्तमान स्थिति की जानकारी भी ली। मंत्री सुदिव्य कुमार ने फॉल का जायजा लेकर राज्य के पर्यटन सूची में भटिंडा फॉल को शामिल करने की बात कही है।

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा भटिंडा फॉलः मंत्री

मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि भटिंडा फॉल की खूबसूरती को खुद देखना चाहता था। उन्होंने कहा कि फॉल में सुविधाओं और अन्य संसाधन की जरूरत है, उसे समझने की कोशिश की। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों से फॉल को लेकर बातचीत भी हुई है। सुदिव्य कुमार ने बहुत जल्द सुविधाओं में बढ़ोतरी और अन्य कई परिवर्तन करने का आश्वासन दिया। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने बिरसा मुंडा पार्क में एवियरी और फ्लावर पार्क का उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धनबाद वासियों के लिए एवियरी बिल्कुल नई है। कोयलांचल वासियों के लिए यह काफी सुखद एहसास देने वाला होगा। मंत्री ने कहा कि तोपचांची में पर्यटन को सरकार की ओर से एक बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सदन में इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया था, इसी संदर्भ में उन्होंने आज का ये दौरा किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मंत्री के प्रति आभार जताया। विधायक ने कहा इस क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लगातार विधानसभा में मामला के उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री सुदिव्य कुमार का दौरा आज उसी का नतीजा है।

मंत्री हफीजुल हसन ने स्कूली बच्चों के साथ की मौज मस्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। जिले के मुरहू प्रखंड स्थित प्रसिद्ध पंचघाघ वाटरफॉल में उस समय खास नजारा देखने को मिला, जब शहर से आए स्कूली बच्चों के साथ मंत्री हफीजुल हसन भी जलप्रपात में स्नान करते नजर आए। बच्चों के साथ उमंग और उत्साह के माहौल में झारखंड मंत्री ने भी पंचघाघ के प्राकृतिक सौंदर्य और ठंडे जल का आनंद उठाया। दिसंबर माह में पिकनिक और भ्रमण के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पंचघाघ वाटरफॉल पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शहर से आए स्कूली बच्चों का एक दल जलप्रपात में नहा रहा था, तभी अचानक मंत्री हफीजुल हसन वहां पहुंचे। बच्चों की खुशी और माहौल को देखकर वे खुद को रोक नहीं पाए और जलप्रपात में उतरकर स्नान का आनंद लिया।

नक्सल छाया से औद्योगिक उजाले की ओर पलामूः निवेश, रोजगार और विकास का नया खाका तैयार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पलामू। नक्सल दौर से बाहर निकलते हुए पलामू के इलाके में औद्योगिक विकास की योजना तैयार की जा रही है। झारखंड गठन के बाद पलामू के इलाके में किसी भी प्रकार के नए उद्योग नहीं लगे हैं। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक कॉन्क्लेव रविवार को पलामू में हुआ है। कॉन्क्लेव में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद विष्णुदयाल राम, विधायक डॉ। शशिभूषण मेहता के अलावा राज्य के कई बड़े उद्योगपतियों ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव में पलामू के इलाके में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को तलाशा गया। वित्त मंत्री, सांसद और विधायकों की तरफ से उद्योगपतियों को हरसंभव

सहायता का आश्वासन दिया गया है। कॉन्क्लेव की मेजबानी पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने की। पहले चरण में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक हुई, जिसमें झारखंड में औद्योगिक विकास को लेकर कई चर्चाएं हुईं। दूसरे चरण में पलामू के इलाके में औद्योगिक विकास को लेकर चर्चाएं हुईं। कॉन्क्लेव में कहा गया कि झारखंड की स्थापना के 25 वर्ष हो गए हैं। पलामू का इलाका उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार से सटा हुआ है। नक्सली, बिजली, पानी और कनेक्टिविटी का हवाला देकर उद्योग का विकास नहीं हुआ है। इस इलाके में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने मंत्री, जनप्रतिनिधि और फेडरेशन ऑफ झारखंड कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों के सामने पलामू के इलाके में औद्योगिक विकास को लेकर बातें रखीं। आनंद शंकर ने कहा कि पलामू के इलाके में नक्सलवाद कमजोर होने के बाद हालात बदले हैं। पलामू के रेहला स्थित आदित्य बिरला ग्रुप के फैक्ट्री का संचालन अच्छे तरीके से किया जा रहा है। इस इलाके में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ कई मुद्दों पर बात हुई है। लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए पहल की जा रही है। पलामू के इलाके के लिए भी औद्योगिक विकास की संभावनाएं देखी जा रही है। कॉन्क्लेव और बैठक में जो बातें सामने आई हैं उसे सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

रजौली चेकपोस्ट घटना में दोषी पाए गए 11 गृहरक्षक निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस अधीक्षक,नवादा के माध्यम से दिनांक 18 दिसम्बर को यह सूचना प्राप्त हुई कि 24 नवम्बर 2025 को रात्रि लगभग 10:00 से 11:00 बजे के बीच रजौली चेकपोस्ट पर आलू लदे एक वाहन के चालक से ड्यूटी पर तैनात गृहरक्षकों द्वारा जबरन आलू की मांग की जा रही थी तथा चालक को तंग करते हुए दबाव बनाया जा रहा था। चालक द्वारा इसका वीडियो बनाते हुए आगे बढ़ने पर गृहरक्षकों द्वारा उसके साथ धक्का-मुक्की भी की गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

वायरल वीडियो की जांच पुलिस निरीक्षक, रजौली अंचल, नवादा द्वारा रजौली थाना

अन्तर्गत चितरकोली पोस्ट पर जाकर की गई। जांच के क्रम में यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ कि घटना में सम्मिलित सभी गृहरक्षक दोषी हैं।

जांच में दोषी पाए गए गृहरक्षकों के नाम इस प्रकार हैं :

1. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1796 शीतल कुमार
2. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1927 ईश्वरी प्रसाद
3. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1991 जवाहर प्रसाद
4. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191910 कन्हैया कुमार
5. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191735 अतीश कुमार
6. गृहरक्षक सिपाही संख्या-1822 रघुनन्दन प्रसाद
7. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191760 महेश कुमार
8. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191854 रणधीर कुमार
9. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191845 सुधीर कुमार
10. गृहरक्षक सिपाही संख्या-2012 श्री यादव
11. गृहरक्षक सिपाही संख्या-191961 मनोज कुमार

प्राप्त जांच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि उक्त समय पर उपर्युक्त सभी गृहरक्षकों द्वारा अपने कर्त्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया तथा अनुशासनहीन एवं अमर्यादित आचरण प्रदर्शित किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी दोषी गृहरक्षकों के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई।

अतः उपर्युक्त तथ्यों एवं जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा सभी 11 गृहरक्षकों को बिहार गृहरक्षक नियमावली, 1953 के नियम-16 (1)(v) के अंतर्गत निलंबित करते हुए अगले आदेश तक कर्त्तव्य से वंचित किए जाने का आदेश दिया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि कर्त्तव्य में लापरवाही, अवैध वसूली अथवा जनसामान्य के साथ दुर्व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इंटरमीडिएट परीक्षा में पहली बार शामिल होंगे दो ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। 2 से 13 फरवरी तक आयोजित होने वाले इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए पहली बार जहानाबाद में दो ट्रांसजेंडर परीक्षार्थी शामिल होंगे। ट्रांसजेंडर परीक्षार्थी के लिए बालिकाओं के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र पर बैठने की व्यवस्था की गई है। शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि यह पहली बार हो रहा है की जहानाबाद के किसी केंद्र पर ट्रांसजेंडर परिहार थी इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जिले में कुल 18 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 10 केंद्र बालको के लिए होगा वहीं आठ परीक्षा केंद्र बालिकाओं के लिए निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग और बिहार विभाग विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देश के आलोक में इस बार किसी भी निजी विद्यालय या महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। बताया जाता है कि परीक्षा केंद्र सिर्फ सरकारी विद्यालयों में बनाया गया है। इस बार शहर के 6 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है वहीं शहरी क्षेत्र के आसपास के विद्यालयों में इस बार इंटरमीडिएट के 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं वहीं मैट्रिक परीक्षा के लिए 9 परीक्षा केंद्र शहर से बाहर बनाए गए हैं। शहर के बाहर बनाए जाने वाले परीक्षा केदो में मखदुमपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटी, काको, पंडुई, दक्षिणी सहित आसपास के सरकारी माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

असामाजिक तत्वों ने लगायी आग, आठ बीघा का धान बोझा जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना क्षेत्र अंतर्गत फेसरा टोला, लोहरा गांव में खलिहान में आग लगने से करीब आठ बीघा धान का बोझा जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज से अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई होने से आसपास के खलिहानों में रखे धान के बोझे को बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरा गांव निवासी रामध्यान यादव, सुरेंद्र यादव एवं मिथलेश यादव के खलिहान में रविवार की रात करीब साढ़े तीन बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण जाग गए और शोर मचाकर पूरे गांव को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग बुझाने की कोशिश की। कुछ ही देर में अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा और कर्मियों ने आग पर नियंत्रण पाया। पीड़ित किसानों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते खलिहान में रखा धान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई है, जिससे उन्हें लगभग ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

आपत्ति दर्ज करने की निर्धारित तिथि से किसान अनभिज्ञ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। प्रखंड क्षेत्र के सूही, बलिया व भरौंधा पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन विगत 13 दिसंबर को कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ प्रियांशु बसु ने बताया कि उसी दिन मतदाता सूची की दूसरी प्रति पंचायत के पैक्स कार्यालय के समक्ष चिपकाया जाना था। दोनो जगहों पर सूची के प्रकाशन किए जाने से संबधित पंचायत के मतदाता सूची में त्रुटि की सुधार कराने में सहुलियत होगी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर तक सदस्य वांछित सुधार के लिए आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। 26 दिसंबर को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त पैक्स में चुनाव की तिथि अभी तक सुनिश्चित नहीं की गई है। ऐसे चुनाव से पहले की अन्य प्रक्रियाएं शुरू हो गई है। इधर मतदाता सूची प्रकाशन के प्रशासन हुए एक सप्ताह बीत गए और रैयत व गैर रैयत किसान अभी तक अनभिज्ञ है। सूही और भरौंधा पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक ने मतदाता सूची प्रकाशन होने की भनक सदस्यो को नहीं लगने दी है। जिसके कारण अराजकता का माहौल बना हुआ है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा मीडिया कर्मियो को भी जानकारी देने से परहेज की गई। इस संबंध में जानकारी के लिए सूही पैक्स प्रबंधक राजीव कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अभी तक पंचायत स्तर पर मतदाता सूची का प्रकाशन नही किया गया है। दो - तीन दिन के बाद प्रकाशन कर दिया जाएगा।

मगध सम्राट जरासंध महोत्सव सह चंद्रवंशी मिलन समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। स्थानीय शहर में चक्रवर्ती राजा मगध सम्राट जरासंध महोत्सव के अवसर पर चंद्रवंशी मिलन सह अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी और पूरा माहौल उत्सवमय बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश चंद्रवंशी ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार उपस्थित रहे। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती

राजा मगध सम्राट जरासंध का इतिहास गौरवशाली रहा है और ऐसे महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। प्रेम कुमार ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के हालिया बयान को लेकर मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि मांझीजी ने पुनर्मतगणना की बात कही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में प्रत्याशियों को री-काउंटिंग की मांग करने का अधिकार है। कई बार पुनर्मतगणना के बाद चुनाव परिणाम में बदलाव भी देखने को मिला है। इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया। इस अवसर पर जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने युवाओं से समाज की एकता और परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

प्रकाश पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

जुटेंगे देश-विदेश के श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। आगामी 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक पटना सिटी में आयोजित होने वाले प्रकाश उत्सव पर्व को लेकर जिला और यातायात प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में यातायात प्रशासन ने विस्तृत रूट मैप जारी करते हुए वाहनों के आवागमन पर कई तरह की पाबंदियां लागू कर दी हैं। छोटी-बड़ी गाड़ियों से लेकर बाजार समिति में आने वाली फल मंडी की गाड़ियों तक पर यातायात प्रशासन का शिकंजा रहेगा। बिहार के अलावा अन्य राज्यों से आने वाले सिख श्रद्धालुओं सहित सभी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना सिटी में तीन स्थानों पर पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए गए हैं।

पटना यातायात प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 359वां जन्मोत्सव प्रकाश उत्सव पर्व के रूप में श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश-विदेश से लाखों की संख्या में सिख श्रद्धालु तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना साहिब पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण चार दिनों तक पूरे इलाके में यातायात व्यवस्था प्रभावित रहती है, जिसे सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहले से ही वाहनों के संचालन के लिए विशेष रूट मैप तैयार किया है। यातायात प्रशासन के अनुसार 24 दिसंबर की मध्यरात्रि से 28 दिसंबर की रात 12 बजे तक भारी वाहनों, खासकर भवन निर्माण सामग्री जैसे सीमेंट, बालू और गिट्टी लदे वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। दीदारगंज की ओर से कोई भी वाहन अशोक राजपथ में पश्चिम दिशा की ओर नहीं जाएगा। ऐसे सभी वाहनों का परिचालन न्यू बाइपास के माध्यम से किया जाएगा। बाजार समिति में आवश्यक सामग्री लेकर आने वाले मालवाहक वाहनों को केवल रात्रि 2 बजे से 4 बजे तक ही माल की डिलीवरी की अनुमति होगी। इसके अलावा 25 दिसंबर की सुबह 4 बजे से 27 दिसंबर की सुबह 6 बजे तक अशोक राजपथ में गायघाट से पूर्व दरवाजा तक ऑटो और अन्य व्यावसायिक वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इन वाहनों को गायघाट से डंका इमली, नवाब बहादुर रोड, सुदर्शन पथ, तुलसी मंडी, अगमकुआं आरओबी होते हुए पटना साहिब तक आवागमन करना होगा।

फिर धराये लाखों के जीवित कछुए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल ने सतर्कता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए वन्यजीव तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन विलेप के तहत की गई इस कार्रवाई में दून एक्सप्रेस के एक कोच से 48 जीवित कछुओं की बरामदगी की गई, जिन्हें सुरक्षित रूप से वन विभाग को सौंप दिया गया।

शनिवार की रात को गया जंक्शन पर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में आरपीएफ पोस्ट गया के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव तथा निरीक्षक चंदन कुमार (अपराध आशा/गया) के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा स्टेशन परिक्षेत्र में अपराध निगरानी एवं रोकथाम के उद्देश्य से गश्त की जा रही थी।

इस टीम में सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, आरक्षक राकेश कुमार सिंह, अमित कुमार, अनील प्रसाद, विपिन कुमार, प्रधान आरक्षक महेश ठाकुर, उप निरीक्षक मुकेश कुमार, सीपीडीएस टीम गया के कर्मी तथा रेल पुलिस के अधिकारी भी शामिल थे।आरपीएफ की टीम के गश्त के दौरान रात लगभग 22:25 बजे प्लेटफार्म संख्या-02 पर खड़ी गाड़ी संख्या 13010 डाउन दून एक्सप्रेस के कोच एस-7 की जांच की गई। इस दौरान कोच में रखे दो प्लास्टिक के बोरे (एक सफेद और एक पीले रंग का) संदिग्ध अवस्था में पाए गए। जब बोरे खोले गए तो उनमें कुल 48 जीवित कछुए मिले।

आरपीएफ द्वारा आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी भी यात्री ने उक्त बोरे अथवा कछुओं पर अपना दावा नहीं किया। चूंकि कछुआ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संरक्षित और अमूल्य जीव है, इसलिए आरपीएफ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी कछुओं को बरामद कर लिया।

शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शिवाजीनगर। हथौड़ी थाना परिसर में आगामी नव वर्ष को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर थाना अध्यक्ष मौसम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई थाना अध्यक्ष मौसम ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से अपील की कि नव वर्ष के अवसर पर सभी लोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अफवाहों से बचें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा शांति भंग करने वाले तत्वों पर नजर रखें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं सुझावों को रखा और नव वर्ष के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

प्रसव के बाद बच्चा बदलने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लखीसराय। सूर्यगढ़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। उरैन पंचायत के सहान मुसहरी निवासी नारायण मांझी की पत्नी अंजली देवी रविवार सुबह प्रसव कराने स्वास्थ्य केंद्र पहुंची।

प्रसव के तुरंत बाद नर्स, ममता और आशा ने प्रसूता को नवजात शिशु सौंपा। परिवार को बताया गया कि लड़का हुआ है, लेकिन जब पंजी में नाम दर्ज कराने की बारी आई तो उन्हें दिया गया बच्चा लड़की निकली।

परिवार ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्यकर्मियों ने जन्म के तुरंत बाद बच्चे को बदल दिया और इस दौरान प्रसूता सहित परिवार को गुमराह किया गया।

नारायण मांझी ने सूर्यगढ़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर अपने वास्तविक बच्चे को वापस दिलाने की मांग की है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वायके दिवाकर ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जाएगी।

स्थानीय लोगों और परिवार ने इस घटना को स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही और मानवता के खिलाफ कृत्य करार दिया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है और स्वास्थ्य केंद्र की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

झारखण्ड के सभी जिलों को मिलेंगे चार-चार मोक्ष वाहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि राज्य के सभी जिलों में स्थित सदर अस्पतालों को चार-चार मोक्ष वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस फैसले से मृतकों के सम्मान जनक अंतिम संस्कार में परिजनों को होने वाली परेशानियों को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि जल्द से जल्द सभी जिलों में मोक्ष वाहन की सुविधा उपलब्ध हो, ताकि किसी भी जिले में शव को ले जाने के लिए परिजनों को इधर-उधर भटकना न पड़े। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वाहनों की खरीद और तैनाती की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो। स्वास्थ्य मंत्री ने चाईबासा में हाल ही में सामने आई घटना को लेकर फैल रही अफवाहों पर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों द्वारा भ्रामक जानकारी फैलाई गई थी। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित बच्चा चार वर्ष का नहीं, बल्कि केवल चार माह का था। मंत्री ने कहा कि उस समय परिजन स्वयं बच्चे के शव को लेकर चले गए थे। मौके पर दो मोक्ष वाहन मौजूद थे, जिनमें से एक तकनीकी खराबी के कारण उपयोग में नहीं था, जबकि दूसरा वाहन कुछ ही समय में पहुंचने वाला था।

मंत्री ने बताया कि ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार ने मोक्ष वाहनों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को केवल इलाज तक सीमित न रखकर, हर परिस्थिति में आम जनता को सम्मान और सुविधा प्रदान करना है।

व्यवसायी की नाबालिग बेटी लापता, अनहोनी की आशंका

पुलिस खंगाल रही सुराग, छापेमारी जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। एसके पुरी थाना क्षेत्र में घर से निकली उत्तर प्रदेश के कारोबारी की नाबालिग बेटी लापता हो गई। गुरुवार की देर शाम से वह लापता है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

इस बीच नाबालिग ने मां के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल किया था। तब वह डरी हुई थी और तबीयत खराब होने की बात कहीं। इसके बाद फोन कट गया। जिस नंबर से लड़की ने फोन किया था, पुलिस उसका लोकेशन ट्रेस कर फ्रेजर रोड तक पहुंच गई।

इसके साथ ही गांधी मैदान से लेकर दस से अधिक ठिकानों पर उसकी तलाशी की गई। रविवार को भी पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी रही। एसके पुरी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। खोजबीन जारी है।

पीड़ित परिवार एसके पुरी में किराए के मकान में रहता है। गुरुवार शाम 16 वर्षीय नाबालिग किसी काम से घर से निकली। काफी देर बात तक वह लौटी नहीं। उन्हें लगा कि वह सहेली के यहां रुक गई होगी या देर हो जाएगी।

रात हुई तो घर वाले आसपास के लोगों और उसके दोस्तों से पूछताछ करने लगे। दूसरे दिन सुबह जान पहचान के सभी लोगों से फोन किया गया और सहेली से बातचीत की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

इसके बाद स्वजन पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस छानबीन कर रही थी कि शनिवार को अचानक मां के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। दूसरी तरफ बेटी की आवाज थी। वह घबराई हुई थी। उसने बताया कि तबीयत खराब है। इसके बाद फोन कट गया। फिर पीड़ित परिवार ने थाना पहुंचकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद उससे दोबारा संपर्क नहीं हो सका। इधर पुलिस ने उस नंबर को ट्रेस किया तो उसका लोकेशन फ्रेजर रोड आया।

पुलिस उस लोकेशन पर पहुंच गई, लेकिन तब तक बच्ची जा चुकी थी। वह नंबर फल बेचने वाली महिला का था। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो बताया कि एक बच्ची आई थी, परेशान लग रही थी। उसने अमरूद लिया और उसका मोबाइल मांगकर कॉल किया और आगे चली गई।

इसके बाद पुलिस ने गांधी मैदान, स्कूल, घर आने-जाने वाले रास्तों से लेकर दस से अधिक जगहों पर उसकी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

रजौली चेकपोस्ट पर अवैध वसूली के आरोप में 11 गृहरक्षकों को किया निलंबित

वायरल वीडियो के आधार पर हुई कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। रजौली चेकपोस्ट पर तैनात गृहरक्षकों की मनमानी और अनुशासनहीनता का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। आलू लदे वाहन के चालक से जबरन आलू मांगने और उसके साथ दुर्व्यवहार की पुष्टि होने पर दोषी पाए गए 11 गृहरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई प्रसारित वीडियो की जांच के बाद की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के माध्यम से 18 दिसंबर को सूचना मिली की 24 नवंबर की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच रजौली चेकपोस्ट पर तैनात गृहरक्षकों द्वारा एक आलू लदे वाहन को रोका गया। आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद गृहरक्षकों ने वाहन चालक से जबरन आलू की मांग की और उसे आगे बढ़ने से रोकते हुए दबाव बनाया।

चालक द्वारा इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया गया, तो गृहरक्षकों ने उसके साथ धक्का-मुक्की भी की। उक्त वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसार हो गया, जिससे प्रशासन की किरकिरी हुई। प्रसारित वीडियो के बाद पुलिस निरीक्षक अंचल द्वारा रजौली थाना अंतर्गत चितरकोली पोस्ट पर जाकर मामले की विस्तृत जांच की गई।

जांच के क्रम में यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ, कि घटना में शामिल सभी गृहरक्षक दोषी हैं और उन्होंने अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं किया। जांच रिपोर्ट में उनके आचरण को अनुशासनहीन, अमर्यादित और नियमों के प्रतिकूल बताया गया है।

जांच में दोषी पाए गए गृहरक्षकों में शीतल कुमार, ईश्वरी प्रसाद, जवाहर प्रसाद, कन्हैया कुमार, अतीश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, महेश कुमार, रणधीर कुमार, सुधीर कुमार, श्री यादव एवं मनोज कुमार शामिल हैं।

सभी के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई थी। जांच प्रतिवेदन और तथ्यों के आधार पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बिहार गृहरक्षक नियमावली के तहत सभी 11 गृहरक्षकों को निलंबित करते हुए अगले आदेश तक कर्तव्य से वंचित कर दिया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है, कि कर्तव्य में लापरवाही, अवैध वसूली या आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बेटियों के दांव-पेंच देख दंग हुए दर्शक

दंगल प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

राजगीर। राजगीर महोत्सव के शौर्य पराक्रम तथा रोमांचक मुकाबले का प्रतीक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन मेला सैरात परिक्षेत्र में शनिवार को हुआ।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विधान पार्षद रीना यादव एवं पूर्व विधान परिषद राजू यादव, डीसीएलआर राजीव रंजन, एवं मुख्य सभापति जीरो देवी ने संयुक्त रूप से किया।

इस दंगल प्रतियोगिता में हरियाणा उत्तर प्रदेश झारखंड बिहार सहित अन्य राज्यों से 150 की संख्या में महिला पुरुष पहलवानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।

उद्घाटन समारोह के मौके पर इंजीनियर सुनील कुमार, डीसीएलआर राजीव कुमार, नगर परिषद के मुख्य सभापति जीरो देवी, सुवेंद्र राजवंशी, जिला परिषद सदस्या तनुजा कुमारी, संयोजक श्रवण यादव, अभिषेक कुमार गोलू, प्रशांत कुमार, उमराव प्रसाद निर्मल, रेफरी कुश यादव, रणवीर यादव, अजीत कुमार, अनुपम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

पहले दिन आयोजित दंगल में 20 जोड़ा पुरुष पहलवान व आठ जोड़ी महिला पहलवानों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

65 से 80 किलो वजन ग्रुप सी के लिए आयोजित क्वार्टर फाइनल में सचिन कुमार पटना, इंद्रजीत कुमार पंडारक, दीपक कुमार मेरठ, रोशन यादव गाजीपुर, विजय कुमार हरियाणा, नीरज कुमार कैमूर, कौशल

कुमार गिरियक, अक्षय कुमार गिरियक एवं ओमकार कुमार राजगीर जगह बनाई।

वहीं, 65 से 85 किलो वजन के ग्रुप बी में सुशील कुमार हरियाणा अमित कुमार गाजीपुर शिवनंदन यादव चंदौली अमित यादव गाजीपुर और राजन कुमार राजगीर ने जगह बनाई।

85 किलो वजन से ऊपर ग्रुप ए में मुरसलीन मेरठ, रितेश यादव गाजीपुर, उदयवीर गाजीपुर, और मनोहर कुमार उत्तर प्रदेश क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। इसी तरह महिला दंगल के 40 किलो से 50 किलो वजन ग्रुप सी के आयोजित क्वार्टर फाइनल में माही कुमारी पंडारक, अनिता कुमारी मिजार्पुर, नंदनी कुमारी बनारस, और सृष्टि रूपस पटना जगह बनाने में सफल रही। वहीं, 51 किलो से 60 किलो वजन के ग्रुप बी के आयोजित क्वार्टर फाइनल प्रतियोगिता में आगरा की गामिनी चाहरा और मेरठ की दिव्या तोमर ने जगह बनाई।

कोहरे की भेंट चढ़ी स्पेशल ट्रेनें, घंटों चल रही लेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। उत्तर भारत में लगातार बढ़ रहे कोहरे और धुंध के प्रकोप को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए धनबाद से चलने वाली प्रमुख स्पेशल ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव का निर्णय लिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार दृश्यता कम होने से ट्रेनों की गति प्रभावित हो रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। इसी कारण कुछ स्पेशल ट्रेनों को आंशिक अवधि के लिए निरस्त किया गया है।

रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार गाड़ी संख्या 03309 धनबाद-दिल्ली स्पेशल आगामी 23 दिसंबर से 13 जनवरी तक नहीं चलेगी। वहीं इसकी वापसी सेवा 03310 दिल्ली-धनबाद स्पेशल को 24 दिसंबर से 14 जनवरी तक रद्द किया गया है। इसके अलावा पंजाब की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी असुविधा बढ़ गई है।

गाड़ी संख्या 03311 धनबाद-चंडीगढ़ स्पेशल को 23 दिसंबर से 13 जनवरी तक निरस्त रखा जाएगा, जबकि वापसी की ट्रेन 03312 चंडीगढ़-धनबाद स्पेशल को 25 दिसंबर से सीधे 15 फरवरी 2026 तक के लिए रद्द कर दिया गया है।रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घने कोहरे के कारण सिग्नल और ट्रैक की दृश्यता प्रभावित होती है, जिससे ट्रेन संचालन सुरक्षित ढंग से करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। इन ट्रेनों के रद्द होने से त्योहारों और सर्दियों की छुट्टियों में घर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें ।

मांझी ने तरेरी आंखें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। शहर के हरिदास सेमिनरी स्कूल स्थित आर्ट गैलरी सह प्रेक्षागृह में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की ओर से नवनिर्वाचित विधायक एवं मंत्रियों के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय मंत्री एवं हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने राज्यसभा सीट को लेकर आक्रामक तेवर दिखाते हुए बड़ा राजनीतिक बयान दिया। उनके इस बयान को राजनीतिक गलियारों में काफी अहम माना जा रहा है। जीतन राम मांझी ने कहा कि यदि इस बार उन्हें राज्यसभा की सीट नहीं मिली, तो वे न केवल मंत्री पद छोड़ देंगे, बल्कि एनडीए से भी नाता तोड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय उन्हें राज्यसभा सीट देने का वादा किया गया था। अब यदि वादा पूरा नहीं हुआ, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। मांझी ने भाजपा पर बेईमानी और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव तक उन्हें कम करके आंका गया।

जीतनराम मांझी ने मंच से ही अपने बेटे और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डॉ.संतोष कुमार सुमन को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में बने रहना है तो जोखिम लेना पड़ेगा।

कैम्प लगाकर बनाया जायेगा राशन कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बक्सर। डुमरांव अनुमंडल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से वंचित रह गए पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं।

यह कार्रवाई सरकार के विशेष सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश पर की जा रही है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने पत्र जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को कैंप मोड में कार्य करने का निर्देश दिया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन के लाभ से वंचित न रह जाए।

जारी निर्देश के अनुसार, डुमरांव अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी सात प्रखंडों में पंचायत स्तर तथा प्रखंड मुख्यालयों पर विशेष कैंप आयोजित किए गए हैं।

ये कैंप 31 दिसंबर तक लगातार संचालित रहेंगे। कैंपों के माध्यम से उन लोगों की पहचान की जाएगी, जिनका नाम किसी कारणवश राशन कार्ड में शामिल नहीं हो सका है या जिनका आच्छादन तकनीकी अथवा दस्तावेजी कारणों से लंबित है।

एसडीएम राकेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक कैंप में एक नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। उनके साथ कार्यपालक सहायक को भी तैनात किया गया है।

नोडल पदाधिकारी कैंप की व्यवस्था, प्राप्त आवेदनों की जांच और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए जिम्मेदार होंगे, जबकि कार्यपालक सहायक ऑनलाइन प्रविष्टि एवं तकनीकी कार्यों में सहयोग करेंगे।

कैंप में आने वाले लाभुकों से आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा परिवार से संबंधित आवश्यक दस्तावेज लिए जा रहे हैं। पात्रता की जांच के बाद योग्य लाभुकों का नाम राशन कार्ड में जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

प्रशासन ने सभी पात्र लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने नजदीकी पंचायत या प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कैंप में पहुंचकर आवेदन करें।

600 करोड़ की लागत से बनेगा बाबा हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र कॉरिडोर

मिल चुकी है 24.28 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। विश्वप्रसिद्ध स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित संपूर्ण हरिहरक्षेत्र सोनपुर का अगले पांच वर्षों में कायाकल्प संभावित है। इस महत्वाकांक्षी संकल्प को पूरा करने में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की भागीदारी होगी।

हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र में काशी विश्वनाथ से भी बड़े हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र कॉरिडोर के विकास का प्रस्ताव है, जिस पर लगभग 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आने की संभावना जताई जा रही है। बताया जाता है कि अहमदाबाद की एजेंसी हरिहरनाथ कॉरिडोर को लेकर सर्वे कार्य कर रही है। अनुमान है कि जनवरी 2026 में कॉरिडोर के निर्माण कार्य की शुरूआत हो सकती है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक तिथि की घोषणा नहीं की गई है।

वर्तमान में सोनपुर के कौनहारा घाट से लोअर बैलहट्टा सहित विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से मिट्टी की जांच और सर्वे कार्य जारी है। इस कार्य में सारण जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। कॉरिडोर के निर्माण से सोनपुर मेला क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है।

इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। बीते 12 दिसंबर 2025 को सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने अपर समाहर्ता को कॉरिडोर विकास के संदर्भ में भू-अर्जन से संबंधित प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की संभावना है।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान इस वर्ष घोषित योजनाओं की अद्यतन समीक्षा के क्रम में दिया था। हरिहरक्षेत्र सोनपुर मेला के सरकारी समापन के बाद 10 दिसंबर की रात नए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपने वाले तत्कालीन जिलाधिकारी अमन समीर ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर और सोनपुर मेले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयासों को दस्तावेज रूप में काफी टेबल बुक के माध्यम से प्रस्तुत किया था।

इसमें मेले के ऐतिहासिक पहलू, वर्तमान बदलाव और आर्थिक विकास की रणनीतियां शामिल हैं। तत्कालीन डीएम ने राज्य पर्यटन विभाग को एनएच-19 छपरा-हाजीपुर मुख्य मार्ग के ग्रैंड एंट्री प्वाइंट पर एक भव्य द्वार निर्माण का प्रस्ताव भेजा है, जो सीधे मेला ग्राउंड तक पहुंचेगा।

वर्तमान में मेला क्षेत्र तक पहुंचने के लिए कोई भी सीधा मार्ग नहीं है। साथ ही मेला क्षेत्र की आंतरिक सड़कों को चौड़ा करने की योजना बनाई गई है, क्योंकि वर्तमान में मुख्य मार्ग से जुड़ी अधिकांश सड़कें संकीर्ण या अतिक्रमण की शिकार हैं।

मेले की भव्यता बढ़ाने के लिए वाराणसी की तर्ज पर बिजली के पोल को अंडरग्राउंड करने का प्रस्ताव भी बिजली विभाग को भेजा गया है। इससे न केवल मेले का स्वरूप आकर्षक होगा, बल्कि बड़े वाहनों के आवागमन में भी सुविधा होगी और सड़कें चौड़ी प्रतीत होंगी। तत्कालीन डीएम ने बीते 10 दिसंबर को राज्य के पर्यटन, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री से अपील करते हुए कहा था कि यदि जिला प्रशासन द्वारा भेजी गई योजनाओं को स्वीकृति मिलती है तो सोनपुर मेला और अधिक वृहद स्वरूप में विकसित होगा।

जिला महिला लोक समिति की मासिक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। रविवार को भोजपुर जिला महिला लोक समिति के तत्वावधान में आरा शहर स्थित राजेन्द्र नगर के गीता महिला उत्थान समिति के सभागार में समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता गीता महिला उत्थान समिति की सचिव गीता पाण्डेय ने की। मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार पिछले करीब एक महीना से काम कर रही है। एनडीए सरकार को बहुमत दिलाने में जीविका दीदी, विधवा एवं बेसहारा गरीब महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है। बिहार सरकार ने महिला रोजगार योजना के तहत स्वरोजगार के लिए 10 हजार रूपया दें रही है।

श्री सिंह ने कहा कि जिन विधवा व बेसहारा गरीब महिलाओं को पैसा नहीं मिला है, उसकी जांच कर शीघ्र 10 हजार रुपए उनके खाता में भेजा जायें।बिहार सरकार ने घोषणा की है कि आगे भी रोजगार के लिए दो लाख रूपया सहायता राशि दी जायेंगी।जिसकी प्रतिक्षा बिहार की

महिलाएँ कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की शीत लहरी और ठंढ में अतिक्रमण साफ कराने के नाम पर बिहार सरकार बुलडोजर से गरीबों का घर ध्वस्त कर रही है। लोक समिति सरकार से मांग करती है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था दियें, जबरन गरीबों को उजाड़ना कतई न्यायसंगत नहीं है। मानवीय एवं कानूनी दृष्टिकोण से भी गलत है।इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है।

लोक समिति शाहाबाद प्रक्षेत्र के महासचिव एवं किसान नेता भानु प्रकाश राय ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छुआछुत, अंधविश्वास एवं पाखंड को छोड़ना होगा। विकास नहीं होंगा। महिलाएं पढ- लिखकर अपना विकास कर सकती है, अंधविश्वास से नहीं। श्री राय ने कहा कि इन दिनों खेती- किसानी का संकट एक बड़ी समस्या है। बिहार के किसानों को सरकार द्वारा घोषित धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 किसानों को नहीं मिल रहा है। किसान मजबूर होकर औने- पौने दाम पर अपना धान बेचने को मजबूर है।

बैठक में उपस्थित बक्सर जिला लोक समिति के संयोजक कवि हीरालाल राय ने कहा कि लोक समिति लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन हैं। शोषित, पीड़ित, वंचित, बेसहारा, गरीब किसान - मजदूर, शिक्षित बेरोजगार युवा एवं महिलाओं की अधिकार के लिए सरकार से मांग करती रही है। गीता पाण्डेय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि लोक समिति के माध्यम से मैं बिहार सरकार से मांग करती हूं कि सरकार महिलाओं को निःशुल्क सिलाई-कटाई का हुनर तथा मशीन की व्यवस्था करें तभी बिहार आगे बढेगा। उन्होंने के बताया कि मैं जे.पी. आन्दोलन के दौरान सक्रिय होकर काम किया हूं। मुझे पेंशन नहीं मिलता है। इनके अलावे बैठक में मुख्य रूप से लोक समिति की महिला कार्यकर्त्ता सजला सिन्हा, सौम्या श्रीवास्तव, चिन्ता देवी, सोनी कुमारी,अभिन्ता कुमारी कलावती देवी, शोभा देवी, किरन देवी, इन्दू देवी ,कुसुम देवी, सीमा देवी, माया देवी, पम्मी देवी, रवि सिन्हा, बन्टी शर्मा, वगैरह गणमान्य लोंगो ने भी अपना विचार व्यक्त कियें। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि महिला लोक समिति की अगली मासिक बैठक 22 जनवरी 2026 को आरा में होंगी।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के आगमन पर स्वागत की जोरदार तैयारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा देश में नई इबारत गढ़ेगा: संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद नितिन नबीन 23 दिसंबर को अपनी कर्मस्थली पाटलिपुत्र की ऐतिहासिक धरती पर पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के अलावा पटना के लोगों में गजब का उत्साह है। बिहार भाजपा भी अपने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के स्वागत की तैयारी में है।

पटना के मिलर स्कूल में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी खुद समारोह स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और जो भी कमियां थीं, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा भी साथ थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का अद्भुत और ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत के लिए पटना की सड़कों के किनारे बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं। पटना हवाई अड्डे से लेकर मिलर स्कूल के मैदान के बीच कई स्थानों पर तोरण द्वार लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों में भी इस बात को लेकर उत्साह है कि देश और दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च पद पर बिहार का लाल पहुंचा है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर के लोग तो अपने विधायक के इंतजार में पलक पांवड़े बिछाए हुए उस समय का इंतजार कर रहे हैं जब वे अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे। यहां के लोग अपने विधायक के स्वागत के लिए विशेष तैयारी में जुटे हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा देश में नई इबारत गढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार में भी भाजपा का संगठन सशक्त होगा और सशक्तिकरण की नई दिशा तय करेगा। इस क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भाजयुमो के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कार्यालय में बैठक की। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के पटना पहुंचने पर स्वागत की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मोर्चा के अधिकारियों से इस स्वागत समारोह को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

'वैदेही सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' में शामिल हुए संजय सरावगी

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सार्थक परिणाम के लिए समयबद्ध कार्यान्वयन जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजधानी पटना के विद्यापति भवन में नारी सशक्तिकरण से जुड़ी संस्था 'अनुपम मुहिमक अनुपम डेग' के तत्वावधान में 'वैदेही सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सार्थक परिणाम के लिए समयबद्ध कार्यान्वयन जरूरी है। इससे न केवल कलाकारों में दक्षता आएगी बल्कि समय के अनुसार उनकी कलाओं में निखार आएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सकारात्मक कार्य वातावरण और 'लिविंग टुगेदर' की भावना विकसित होती है जो किसी भी क्षेत्र में टीम वर्क के लिए जरूरी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से स्थानीय कलाकारों में छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। कलाकारों को मंच के माध्यम से आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

नारी सशक्तिकरण से जुड़ी संस्था 'अनुपम मुहिमक अनुपम डेग' समाजसेवी अनुपम झा की संस्था है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा सम्मानित भी किया गया और उन्हें शुभकामनाएं भी दी गईं।

आगामी चुनाव में पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी की विदाई तय: मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारीमंगल पाण्डेय ने कहा है कि आगामी विधान सभा चुनाव में पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' को भाजपा खत्म करेगी। तृणमूल की भ्रष्ट शासन, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण की राजनीति ने पश्चिम बंगाल के विकास को रोक रखा है। जनता ने इस सरकार को बदलने का मन बना लिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि एस आई आर को लेकर जनता को भ्रमित करने वाली ममता बनर्जी पहले इसे ग़लत बताती रहीं और पश्चिम बंगाल में लागू न होने का दावा करती रहीं, लेकिन अंतिम दिन स्वयं फॉर्म भर दिया। अगर एस आई आर की प्रक्रिया ग़लत थी, तो फॉर्म क्यों भरा गया? दरअसल अवैध वोटरों के सहारे सत्ता प्राप्ति का उनका एजेंडा अब फेल हो चुका है। उनकी दोहरी नीति और भ्रम फैलाने की राजनीति की पोल खुल चुकी है। जनता के बीच तृणमूल कांग्रेस की विश्वसनीयता पहले से ही ध्वस्त है। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि गंगा बिहार से होकर बंगाल में बहती है।

अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर दोस्ती न बढ़ायें : डीएसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एस के एम वी कॉलेज फतुहा के इंटर्नशिप कर रहे छात्र छात्राओं को वाणी पुस्तकालय फतुहा में डीएसपी अवधेश कुमार ने साइवर साइवर ठगों से बचने का कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उन्होंने किसी भी अनजान लिंक को नही खोलने का सलाह देते हुये कहा कि मोबाइल खो जाने की स्थिति में थाना और बैंक को तुरंत सूचित करें। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से पंद्रह दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के पहले दिन डिजिल साक्षरता एवं साइवर सुरक्षा के विषय पर जानकारी देते हुये बताया कि सोशल मीडिया पर कभी भी निजी सूचना साझा नही करें। डिजिटल आरेस्ट, सेक्स स्टॉक्सन, गिफ्ट के झांसे में नही आयें। मोबाइल चोरी होने या खो जाने पर सिम के साथ बैंक अकाउंट को भी बंद करायें। किसी भी वेवसाइट पर आसानी से भरोसा नहीं करे उसका जांच परख करें । साइवर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराये । वही फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर इंजीनियर सुरजीत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर कोई आपका फोटो का दुरूपयोग कर रहा हो तो पुलिस और परिजन के आवश्य बतायें। साइवर फ्रॉड होने पर डरे नही समय रहते साइवर थाना से सम्पर्क करें और सतर्कता बरतें। बिहार में साइवर क्रिमिनल रोज लोगों को ठगने का तरीका निकाल रहा है इससे बचने की जरूरत है युवा और बृद्ध जन अधिक शिकार हो रहे हैं। वही एसआई सोनी राय ने बताया कि फेसबुक, वाट्सप, इंस्टाग्राम में अनजान लोगों से दोस्ती न बढ़ाये और नही ओटीपी शेयर करें। विजली बिल , नौकरी के नाम पर कोई लिंक आये तो उसे टच मत करे आपका मोबाइल हैक हो सकता है। फेसबुक, वाट्सप, ईमेल पर डबल लॉक लगाये। वाणी पुस्तकालय के सचिव डॉ दयानंद प्रसाद ने सभी का स्वागत किया। मौके पर आनंद कुमार पाठक, भूषण प्रसाद, अविनाश पांडेय, माई भारत के स्वयंसेवक रवि प्रकाश, टीम लीडर सुरभि कुमारी, जूही कुमारी, अंजली कुमारी, सोनु कुमार, अंकीत कुमार, मोहित कुमार, मनीष कुमार समेत सैंकड़ो छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

धार्मिक न्यास पर्षद के द्वारा प्रखरता दिवस के रूप में मनेगी अटल जी की जयंती

पंचरूपी हनुमान मंदिर पर होगा 1100 हनुमान चालीसा का पाठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से राजधानी के राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर परिसर में देश के प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती प्रखरता दिवस के रूप में मना रहा है। इस आयोजन के बारे में पंचरूपी हनुमान मंदिर न्यास समिति के सदस्य व मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के उदघाट्न कर्ता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री संजय सरावगी करेंगे जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन करेंगे। आगत अतिथियों का स्वागत सचिव अतुल कुमार सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन न्यास के सदस्य मोहित प्रकाश करेंगे जबकि धन्यवाद ज्ञापन न्यास के सदस्य प्रेम कुमार करेंगे। कार्यक्रम के बारे में मीडिया समन्वयक ने बताया कि इस मौके पर 1100 हनुमान चालीसा का पाठ होगा और गरीब व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में आये लोग और अतिथि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनक व्यक्तिव पर चर्चा करेंगे।

आरएसएसडीआई बिहार कांफ्रेंस के दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्रों में उन्नत डायबिटीज प्रबंधन पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना में आयोजित आरएसएसडीआई बिहार कांफ्रेंस के दूसरे दिन उत्कृष्ट वैज्ञानिक ज्ञान-विनिमय, क्लिनिकल अपडेट्स और बहुचर्चित पैनल डिस्कशनों का प्रभावशाली आयोजन हुआ। विशेषज्ञों ने डायबिटीज, हृदय, किडनी और मेटाबॉलिक रोगों के आधुनिक, साक्ष्य-आधारित और रोगी-केंद्रित प्रबंधन पर विस्तृत विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने एसजीएलटी2 इनहिबिटर्स टीरजेपाटाइड प्रिसिजन डायबिटीज मेडिसिन, बेसल व प्रैंडियल इंसुलिन रणनीतियों की भूमिका, व्यक्तिगत डाइटिंग, व्यायाम, मोटापा-केंद्रित उपचार और प्रारंभिक वजन घटाव के महत्व को रेखांकित किया। एचबीए1सी की प्रासंगिकता पर गहन बहस हुई, जबकि इम्पा-किडनी अध्ययन के आधार पर सीकेडी प्रबंधन की नई संभावनाएं प्रस्तुत की गईं। हॉल-बी में आयोजित पैनल चचाओं में डायबिटिक फुट, जेस्टेशनल डायबिटीज, न्यूरोपैथी, रेटिनोपैथी, हाइपरटेंशन और पोषण से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक समाधान सामने आए। वक्ताओं ने समय पर निदान, मल्टीडिसिप्लिनरी प्रबंधन और जागरूकता को जटिलताओं से बचाव का प्रभावी माध्यम बताया। दिन का समापन क्विज, गवर्निंग काउंसिल मीटिंग और वैलिडिक्टरी समारोह के साथ हुआ जिसने यह सिद्ध किया कि आरएसएसडीआई बिहार वैज्ञानिक उत्कृष्टता और आधुनिक डायबिटीज देखभाल को नई दिशा दे रहा है। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर डॉ अतुल कुमार, डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ सुभाष कुमार, डॉ शैबाल गुहा, डॉ आनन्द शंकर, डॉ मनोज कुमार सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

बिहार भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष से पूछा सवाल - एसआईआर से परेशान क्यों?

जनता गलत जानकारी फैलाने वालों को छोड़ने वाली नहीं: भाजपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज विपक्ष के एसआईआर के विरोध किए जाने को लेकर कहा कि आज से पहले भी देश में एसआईआर हुए हैं, लेकिन विपक्ष ने सवाल नहीं उठाया। आखिर ऐसा क्या कारण है कि वे आज इस मामले पर इतने परेशान हैं।

पटना में मीडिया से बातचीत में भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पहले उन्होंने फर्जी वोटिंग करवाई थी और अब एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। उनका साफ मकसद यह है कि बांग्लादेशियों के नाम वोटर लिस्ट से न हटें और घुसपैठिए यहां वोट देते रहें। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने चुनाव से पहले बिहार में भी यह एसआईआर का मुद्दा उठाया था, लेकिन जनता ने क्या किया? उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आजकल जनता गलत जानकारी फैलाने वालों को छोड़ने वाली नहीं है। पश्चिम बंगाल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की राज्य सरकार भी एसआईआर का विरोध कर रही है क्योंकि उन्हें डर है कि घुसपैठियों और बांग्लादेशियों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में राहुल गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा निकाली, लेकिन जनता ने सूपड़ा साफ कर दिया। अब वे जाग जाएं। एसआईआर पर गलत बात करना छोड़ दें, नहीं तो आगे पश्चिम बंगाल और असम में भी सूपड़ा साफ हो जाएगा। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि चुनाव आयोग चाहता है कि घुसपैठियों के नाम काटे जाएं। विपक्ष के लोग इसका विरोध करते हैं। कांग्रेस ने देश को कलंकित करने का काम किया है। पाताल से लेकर आसमान तक लूटा है। भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पीएम मोदी संकल्पित हैं। वे देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने देश का सोना तक गिरवी रख दिया था।

जनसेवा के संकल्प के साथ मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में विधायकों का संयुक्त सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा रविवार को सोसाइटी परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटना क्षेत्र के नव-निर्वाचित विधायकों श्याम रजक, रत्नेश कुशवाहा एवं संजय गुप्ता को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तीनों विधायकों का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिहन प्रदान कर अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर विधायक रत्नेश कुशवाहा ने मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। वहीं विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी उनके क्षेत्र में स्थित है और इसके विकास एवं विस्तार के लिए वे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर सोसाइटी के साथ निरंतर सहयोग करने वाले 32 पारिवारिक आजीवन सदस्यों को भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ राधेश्याम बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, उपाध्यक्ष संजय भलोटिया एवं घनश्याम अग्रवाल, सचिव दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया, गणेश खेतड़ीवाल सहित पदाधिकारी, सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समरसता के लिए आर्ट ऑफ लिविंग ने मनाया विश्व ध्यान दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आधुनिक युग के इस अशांति तनाव और कोलाहल पूर्ण माहौल में ध्यान के द्वारा ही मन को शांत और संयमित किया जा सकता है। ध्यान के माध्यम से ही मानसिक शांति और बाहरी सामंजस्य संभव है। इसी उद्देश्य के साथ संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित, विश्व का दूसरा ध्यान दिवस आज एक वैश्विक क्रांति के रूप में पूरे विश्व में मनाया गया। एक ही समय पर पूरे विश्व के करोड़ों लोग गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के नेतृत्व में एक साथ मिलकर ध्यान करना अद्भुत और अकल्पनीय अनुभव रहा। विश्व ध्यान दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित 'विश्व करेगा ध्यान गुरुदेव के साथ' कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे बिहार के आर्ट ऑफ लिविंग केन्द्रों से एवं अपने घरों से लाखों लोगों ने एक साथ गुरुदेव के साथ ध्यान किया। आज इस अवसर पर पटना में मुख्य कार्यक्रम बिहार विधानसभा के प्रांगण में संचालित किया गया जहां मेयर सीता साहू सहित सैकड़ों लोग आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित ध्यान शिविर में शामिल हुए।

एएमयू एलुमनी एसोसिएशन ने किया शोक सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एएमयू एलुमनी एसोसिएशन, बिहार-पटना की ओर से शोक सभा का आयोजन अत्यंत गंभीर, शांत एवं प्रार्थनामय वातावरण में किया गया। यह शोक सभा स्व. ज्योत्सना वर्मा–धर्मपत्नी स्वर्गीय के एन. वार्षणे साहब (अलीगढ़ मुस्लिम विश्विवद्यालय के स्वर्ण पदक विजेता यांत्रिक अभियंता, एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व महासचिव) तथा स्वर्गीय जया देवी, एसोसिएशन के मीडिया सचिव संजय कुमार की पूज्य माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करने हेतु आयोजित की गई।

सभा का शुभारंभ दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मौन प्रार्थना एवं दो मिनट के मौन से किया गया। उपस्थित सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी स्मृति में नमन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष, अधिवक्ता नदीम सेराज ने सभा को संबोधित करते हुए इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने स्वर्गीय वार्ष्णे साहब के एएमयू एलुमनी एसोसिएशन के प्रति अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके जीवन में परिवार का सहयोग सदैव प्रेरणास्रोत रहा। साथ ही उन्होंने एसोसिएशन के मीडिया सचिव संजय कुमार के सतत सहयोग और समर्पण की भी सराहना की। वरिष्ठतम अलीग सज्जाद साहब एवं सैयद काजिम हुसैन ने अपने विचार रखते हुए एएमयू बिरादरी की पहचान–एकता, करुणा और भाईचारे–पर प्रकाश डाला तथा वर्मा परिवार एवं संजय कुमार के परिवार के सम्मानजनक स्थान को स्मरण किया।

टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया लघु फिल्म का निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु फिल्म का निर्माण किया गया। इस फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक अनुपम मंगलम, लेखक गजानन महतपुरकर, सह-निर्माता राजीव भार्गव तथा एंकर यश मंगलम हैं। फिल्म के प्रीमियर शो का उद्घाटन प्रोफेसर अरविंद रंजन दास द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं लायंस क्लब पटना संस्कृति की अध्यक्ष शिवानी भार्गव, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप खेतान लायन रचना खेतान सचिव लायन रोहित शंकर, डॉ. लायन रवि भार्गव, बिहार स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन अशोक मेहता सहित राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी योगेश गुप्ता, समाजसेवी नीरज गुप्ता, जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. चिरंजीव दुबे , लायन सोनिया, ऋषिकेश एवं श्रीमती ऋषिकेश अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

गांधी मैदान में ज्ञान, संस्कृति और परंपरा का महोत्सव: मगध पुस्तक मेला 23 से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया जी। मगध की ऐतिहासिक धरती एक बार फिर साहित्य, कला और संस्कृति के भव्य उत्सव की साक्षी बनने जा रही है। मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का आयोजन 23 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक ऐतिहासिक गांधी मैदान, गयाजी में किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को गांधी मैदान में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ, जिसमें आयोजन की थीम, उद्देश्य और प्रमुख आकर्षणों की जानकारी साझा की गई है। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार करण ने की है। संरक्षण सदस्य के रूप में डॉ. जावेद यूसुफ मौजूद रहे। इस पुस्तक मेला के मार्गदर्शक सदस्यों में अनंत धीश अमन, विनय वर्मा और रूद्र आनंद शामिल हुए हैं। कार्यक्रम संयोजक विवेक कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार और कार्यक्रम समन्वयक ममता कुमारी ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा रखी। इस अवसर पर कार्यक्रम सहयोगी गौरव आनंद, रविरंजन निलय, राहुल कुमार, सुशील कुमार, उज्जवल कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

गैलेंट इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस महोत्सव की थीम 'ज्ञान की संस्कृतिः पुस्तक, परंपरा, प्रकृति' रखी गई है। आयोजकों ने बताया कि यह मेला केवल पुस्तकों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह ज्ञान, सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरणीय चेतना का समावेशी मंच बनेगा। संस्था वर्षों से शिक्षा, नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक जागरूकता के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में बच्चों, युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखकर विविध रचनात्मक व संवादात्मक कार्यक्रम तय किए गए हैं। महोत्सव में स्थापित थीम पवेलियन विशेष आकर्षण होगा।

संपादकीय

भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता, बदलती दुनिया में साझेदारी की नई राह

बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत और ओमान के बीच गुरुवार को हुए मुक्त व्यापार समझौते को आर्थिक मोर्चे पर एक दूरगामी असर वाली साझेदारी के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से दुनिया के कई विकसित और शक्तिशाली देश अपने इर्द-गिर्द एक ऐसा घेरा बनाने की कोशिश में हैं, जिसमें तीसरी दुनिया के देशों की उन पर निर्भरता बनी रहे और वे मन-मुताबिक अपनी सुविधा की शर्तें उन पर थोपते रहें। जबकि पारंपरिक रूप से सहयोगी रहे या फिर नए सिरे से संबंध विकसित करने में रुचि रखने वाले देशों के मामले में भारत का रुख पहले भी परिपक्व और उदार रहा है।इस क्रम में अब ओमान के साथ भारत ने जिस तरह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया है, वह आने वाले समय में न केवल दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम रचेगा, बल्कि बहुध्रुवीय दुनिया में विकल्पों के नए मोर्चे भी सामने आ सकते हैं। इससे पहले भी भारत ने ताकतवर देशों के प्रभाव में आने के बजाय अपनी जरूरत के मुताबिक सहयोग के मोर्चे पर कदम बढ़ाया है।गौरतलब है कि भारत और ओमान के बीच पिछले करीब सात दशक से अच्छे और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। उसी को और मजबूत करने तथा अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से भारत ने ओमान के साथ अब जिस मुक्त व्यापार समझौते को आकार दिया है, उसके सकारात्मक असर अगले कई दशक तक देखने को मिल सकते हैं।इस करार के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को नई गति मिलने और खासतौर पर युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अवसर खुलने की उम्मीद की जा रही है। समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान सहित भारत के अट्ठानबे फीसद निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। वहां के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों को विदेशी निवेश की अनुमति में भी बड़ी कामयाबी मिली है।जाहिर है, इस सबसे श्रम की प्रमुखता वाले कई क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लघु तथा मध्यम उद्योगों के साथ-साथ कारीगरों से लेकर महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूती मिलेगी।इसके अलावा, खाड़ी क्षेत्र में ओमान ऐसा देश है, जहां भारतीय सेना की तीनों शाखाएं नियमित संयुक्त अभ्यास करती हैं। इस लिहाज से देखें तो भारत को जिस तरह पहले से ही ओमान के दुक्म बंदरगाह पर जरूरत होने पर साजो-सामान के उपयोग की सुविधा मिली हुई है, उसमें नया समझौता सहयोग को और मजबूत करेगा।दुक्म बंदरगाह भारत के लिए एक वैकल्पिक रणनीतिक ठिकाना है और यह भारतीय नौसेना को पश्चिमी हिंद महासागर में मजबूत आधार देता है। ऐसे में दोनों देशों के बीच हुए करार की अहमियत समझी जा सकती है।खासतौर पर पिछले कुछ महीने से जिस तरह अमेरिका ने मनमाने तरीके से शुल्क लगा कर अपनी सुविधा के मुताबिक नीतियां बनाने के लिए भारत पर दबाव डाला, वह एक तरह से व्यापार में वर्चस्व कायम करने की कोशिश थी। दूसरी ओर, चीन है, जिसे कारोबार के मामले में भारत के लिए वैकल्पिक रास्ते खुलने से निराशा होगी।मगर ओमान सहित अनेक देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और उसे मजबूत करने के क्रम में विकल्प खुलते हैं, तो यह भारत की उपलब्धि है। अमेरिका और चीन जैसे देशों के लिए भी यह सोचने का मौका है कि बहुध्रुवीय विश्व और बदलते समीकरण के दौर में क्या कोई देश अपना वर्चस्व कायम करने की नीति पर ज्यादा देर टिक सकता है!

स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। बिहार में जाति-धर्म की सियासी पिच पर बुरी तरह मात खाने के बावजूद इंडिया गठबंधन का भरोसा इसी पर है। तमिलनाडु में जिस तरह कार्तिगई दीपम परंपरा स्थापित करने का आदेश देने वाले मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश जी आर स्वामीनाथन के खिलाफ गठबंधन ने लामबंदी की है, उससे यही संकेत मिल रहे हैं। डीएमके सांसद कनिमोई की अगुआई में विपक्षी गठबंधन के 120 सांसदों द्वारा स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग का नोटिस देना गठबंधन की पारंपरिक राजनीति का ही विस्तार है।

सेकुलरवाद का बहाना, वोटरों पर निशाना

(उमेश चतुर्वेदी)

विपक्षी गठबंधन यह पचा नहीं पा रहा है कि कथित सेकुलर देश में किसी जज ने बहुसंख्यक सनातनी परंपरा स्थापित करने का निर्णय दे दिया है। स्वामीनाथन के फैसले के अनुसार, जहां कार्तिदीपम मनाया जाना है, वहां एक दरगाह भी है। दरगाह और मंदिर साथ हो तो मंदिर की कीमत पर दरगाह की परंपराएं अपने यहां चलती रही हैं। अब तक की शासन व्यवस्था के लिहाज से ऐसे मामलों में मंदिर के पक्ष में फैसला सवालों के घेरे में आता है। स्वामीनाथन ने मदुरै जिले की थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी है, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। यह बात और है कि डीएमके की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने अदालत के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। दिलचस्प है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका विरोध भी नहीं किया, बल्कि सरकार ही खुद आगे बढ़कर विवाद की आशंका से भर उठी। राज्य सरकार ने स्वामीनाथन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी है। लेकिन इस फैसले के लिए स्वामीनाथन को पचा नहीं पा रही है। उसे लगता है कि अगर उसने जज को सबक नहीं सिखाया तो उसकी सेकुलरवाद के बुनियाद पर टिकी राजनीति में दरार पड़ सकती है। जज को सबक सिखाने और न्यायपालिका पर अंकुश लगाने के डीएमके के इस कदम में सबसे हैरतनाक कदम है, अखिलेश यादव का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना। लोकसभा अध्यक्ष को महाभियोग प्रस्ताव पेश करते वक्त कनिमोई के साथ कांग्रेसी नेताओं और अखिलेश की मौजूदगी के संकेत गहरे हैं। दरअसल महागठबंधन के दल अल्पसंख्यक समुदाय को यह संकेत देने की कोशिश में हैं कि सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबंधन ही उसके हितों के लिए किसी जज को भी सूली पर चढ़ा सकता है। महागठबंधन की कोशिश कुछ महीने बाद होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की करीब छह फीसद अल्पसंख्यक आबादी को लुभाना भी है। वैसे देखा जाए तो राज्य की सात करोड़ 21 लाख की आबादी में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या महज 42 लाख तीस हजार ही है। ब्राह्मणवाद की बुनियाद पर उभरी डीएमके की राजनीति में अल्पसंख्यकवाद पिछड़ी जातियों को लुभाने का भी मंत्र रहा है। राज्य की अधिसंख्य पिछड़ी आबादी को भी लुभाने की इस बहाने की कोशिश हो रही है। इसीलिए कार्तिगई दीपम की परंपरा को रोकने में डीएमके को कोई हिचक नहीं हुई। इस पूरे मसले पर चर्चा से पहले जानना जरूरी है कि कार्तिगई दीपम त्योहार है क्या? दक्षिम के दीप पर्व के रूप में विख्यात कार्तिगई दीपम भगवान मुरूगन के सम्मान में तमिल महीने में दीप जलाने की परंपरा है। शिव और पार्वती के बड़े पुत्र कार्तिकेय तमिलनाडु में मुरूगन और सुब्रह्मण्यम के नाम से भी जाने जाते हैं। मदुरै जिले की जिस थिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम मनाने का आदेश अदालत ने दिया, वह भगवान मुरूगन की छह पवित्र जगहों में से एक है। मान्यता है कि ब्रह्मा और विष्णु के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शिवजी स्वयं अनंत अग्निस्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। उसी दीप स्तंभ की स्मृति स्वरूप उचिपिल्लायर मंदिर के पास प्राचीन दीपाथुन नामक स्तंभ के नजदीक महादीपक जलाया जाता है। थिरूपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर भी इसकी परंपरा रही। लेकिन बाद में वहां मंदिर के नजदीक ही एक दरगाह स्थापित हो गई। दरगाह के बाद सेकुलरवाद को बढ़ावा देना जरूरी था, लिहाजा दीपम की परंपरा अधिकारियों ने रोक दी। जिसे शुरू करने को लेकर अदालती हस्तक्षेप की मांग की गई। पहले मदुरै की जिला अदालत में मामला चला और बाद में मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने पहाड़ी पर दीप जलाने की परंपरा शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद पहाड़ी पर तीन दिसंबर को दीप जलाने श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने लगा। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। राज्य की स्टालिन सरकार का कहना था कि इससे खून-खराबा हो सकता है। जबकि अल्पसंख्यकों की ओर से ऐसी कोई कोशिश या बयानबाजी भी नहीं हुई थी। बहरहाल, डीएमके सरकार के इस फैसले ने राज्य में पैर जमाने की कोशिश में बैठी बीजेपी को मुद्दा दे दिया। पार्टी का कहना है कि डीएमके सेक्युलरिज्म की बात करती तो है, लेकिन उसके निशाने पर सिर्फ़ हिंदू समुदाय ही रहता है। बीजेपी का आरोप है कि डीएमके ने कभी किसी गैर हिंदू परंपरा, दरगाह या आदि पर कभी कोई सवाल नहीं खड़ा किया। बीजेपी पूछ रही है कि आखिर राज्य के हिंदुओं ने कौन सी गलती की है कि उन्हें दीप जलाने के अधिकार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। डीएमके की पूर्ववर्ती जस्टिस पार्टी की स्थापना 1916 में हुई थी। उसका घोषित उद्देश्य एनी बेसेंट की अगुआई वाले होम रूल लीग आंदोलन का विरोध था। जस्टिस पार्टी का मानना था कि अगर होमरूल आंदोलन सफल हुआ तो तमिलनाडु में जारी ब्राह्मणवाद की वजह से ब्राह्मण अधिकारियों की तादाद बढ़ जाएगी। एक तरह से कह सकते हैं कि जस्टिस पार्टी की स्थापना ब्राह्मणवाद के विरोध के लिए हुई थी। कालांतर में उसकी ब्राह्मणवाद विरोध की राजनीति बढ़ते-बढ़ते ब्राह्मण विरोध पर केंद्रित हो गई। बाद में उसके विरोध के दायरे में हिंदी और पूरी सनातन परंपरा समा गई। यही वजह है कि स्टालिन कुनबे को हिंदुत्व की कटु आलोचना से कभी परहेज नहीं रहता। अहर्निश हिंदी विरोध और अब कार्तिगई दीपम का विरोध इसी परंपरा का विस्तार है। विपक्षी गठबंधन को इन दिनों संविधान बचाने की बहुत चिंता है। 'संविधान खतरे में है' की आवाज बुलंद करने वाले विपक्षी गठबंधन के दलों की नजर में न्याय वही है, जो उनके नैरेटिव के हिसाब से हो, अन्यथा वह सेकुलरवाद का विरोध है। राममंदिर पर सर्वोच्च न्यायाल के फैसले को ये दल अब भी दिल से स्वीकार नहीं कर पाए हैं। इंदिरा गांधी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनावी कदाचार के आरोप में रायबरेली का निर्वाचन खारिज कर दिया था, तब न्यायपालिका की शक्तियां ही क्षीण कर दी गईं। मोहन कुमार मंगलम तो इससे भी दो कदम आगे बढ़ते हुए प्रतिबद्ध न्यायपालिका की बात करने लगे थे। पिछले साल इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के एक बयान को लेकर भी विपक्षी गठबंधन नाराज हो गया था। शेखर ने कहा था, ये कहने में बिल्कुल गुरेज़ नहीं है कि ये हिन्दुस्तान है। यहां रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। यही क़ानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। क़ानून तो बहुसंख्यक से ही चलता है। इसी अंदाज में स्वामीनाथन पर भी निशाना साधा जा रहा है। इसने एक बार फिर डीएमके और इंडिया गठबंधन की सियासी रणनीति का चेहरा उजागर किया है। डीएमके ने सेक्युलरिज्म आधारित जो प्रशासनिक मॉडल बनाया है, उसके निशाने पर सिर्फ हिंदू हैं। भगवान मुरुगन की सदियों पुरानी परंपरा को रोकना उसी मॉडल की परिणति है। डीएमके की नीति अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करना और हिंदू समुदाय के खिलाफ़ आक्रामक रहा है। राज्य में वक्फ की ज़मीनों को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। चर्च का धन भी अछूता है। लेकिन हिंदू मंदिरों के कोष पर राज्य का नियंत्रण है। मंदिरों की जमीनें भी सरकारी नियंत्रण में है। लेकिन अब राज्य का जनमत बदल रहा है। बीजेपी की कोशिश तमिल हिंदुत्व को उभारकर अपनी बुनियाद को मजबूत करना है। वह डीएमके के इस दोहरे चरित्र को लोगों को समझाने की कोशिश में है। ऐसे में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव इस बार गैर पारंपरिक रंग में नजर आ सकता है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं)

ब्रिटिश हुकूमत ने बिछाए थे कांटे, नेहरू ने लगाए फूल-पौधे

(गुलजार हुसैन)

मैंने एक फूल जो सीने पे सजा रखा था
उसके पर्दे में तुम्हें दिल से लगा रखा था

कैफी आजमी की यह पंक्तियां सुनते ही देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की मुस्कुराती हुई वह तस्वीर आंखों के सामने आ जाती है, जिसमें उनके कोट में लगा लाल गुलाब खुशबू बिखेर रहा है। उनके गुलाब की खुशबू से मुंबई भी अछूती नहीं रह सकी थी। मुंबई की धरती उनके स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी गतिविधियों की ही गवाह नहीं है, बल्कि उनके एक प्यार भरे रिश्ते के अनमोल पलों को भी समेटे हुए है। मुंबई (तब बॉम्बे) में उनकी छोटी बहन कृष्णा नेहरू का घर था। वह राजनीति से दूर साहित्य की दुनिया में खोई रहती थीं, लेकिन जब भी नेहरू और उनके क्रांतिकारी साथी उनके सामने आते, तो वह उनका खूब मनोबल बढ़ाती। नेहरू को जो खाना पसंद होता, उसका भी इंतजाम रखती थी।

बहन के घर ठहरे थे नेहरू

बात 1942 की है, जब भारत छोड़ो आंदोलन के प्रस्ताव के संबंध में 7 अगस्त को मुंबई में कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक होनी थी। नेहरू मुंबई आए और बहन कृष्णा के घर ठहरे। रूसी लेखक अ. गोरेव और व. जिम्यानिन ने अपनी पुस्तक 'नेहरू- एक जीवनी' में लिखा है कि नेहरू के आने के बाद घर में देर रात तक फोन बजता रहता और बैठकखाने में लोगों की भीड़ लगी रहती थी। आखिरकार जब भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ा प्रस्ताव पास हो गया, तो ब्रिटिश हुकूमत की भौंहें तन गईं। पहले तो नेहरू और मौलाना आजाद को यह पता चला था कि पुलिस कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार कर दक्षिण अफ्रीका भेजने की साजिश कर रही है, लेकिन बाद में पुलिस ने अपनी योजना बदल दी। आखिरकार 9 अगस्त, 1942 को सुबह 5 बजे ही नेहरू को गिरफ्तार करने पुलिस आ धमकी। पुलिस अफसर को नजरअंदाज करते हुए नेहरू नाश्ता करने बैठ गए। पुलिस अफसर गुस्से में झल्लाता रहा, लेकिन नेहरू ने तो ठान लिया था कि अपनी बहन कृष्णा के यहां का नाश्ता किए बगैर वे उठने वाले नहीं हैं। अपना मनपसंद नाश्ता कॉर्न फ्लेक्स



खाने के बाद उन्होंने अपनी बहन को धन्यवाद कहा और बाहर आकर पुलिस की गाड़ी में बैठ गए। नेहरू और उनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के बाद मुंबई को छावनी में बदल दिया गया था। उस दिन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (तब विक्टोरिया टर्मिनस) की ओर जाने वाले सारे रास्तों को बंद कर दिया गया था। इसके बाद नेहरू और उनके साथियों को अहमदनगर किले में कैद कर दिया गया। नेहरू ने गौर किया कि यहां किले की पथरीली दीवारें तो थीं, लेकिन हरियाली नहीं थी। एक सूखे पेड़ के अलावा वहां कोई पेड़-पौधा नहीं था। इसके बाद नेहरू ने किले के अहाते में पौधे लगाने के लिए क्यारियां बनानी शुरू कर दी। बाद में जब नेहरू भारत के प्रधानमंत्री बने, तब भी उनके मन से पेड़-पौधों से लगाव तनिक कम नहीं हुआ। वे प्रधानमंत्री बनने के बाद मुंबई आए और पौधा लगाकर आरे मिल्क कॉलोनी की शुरुआत की। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

भारत के हलाल प्रमाणन को ओमान की मंजूरी, आस्था का धंधा करने वालों का खेल होगा खत्म

अब तक समस्या यह थी कि मुस्लिम देशों में खासकर खाड़ी बाज़ारों में, हलाल प्रमाणन के बिना भारतीय मांस और खाद्य उत्पाद बेचना लगभग नामुमकिन था। इस मजबूरी का फायदा उठाकर वही निजी संगठन निर्यातकों की गर्दन पर सवार रहे। देश-विदेश में वर्षों से हलाल सर्टिफिकेशन एक संगठित धंधा बन चुका है। कुछ निजी संस्थाएँ खुद को 'धर्म का ठेकेदार' घोषित कर मोटी फ़ीस के बदले हलाल सर्टिफिकेट जारी करती हैं वह भी बिना किसी सरकारी निगरानी, बिना पारदर्शिता और बिना जवाबदेही के। इन्हीं संस्थाओं को लेकर बार-बार यह गंभीर सवाल उठते रहे हैं कि उनके पास इकट्ठा हुआ पैसा आखिर जाता कहाँ है। जाँच एजेंसियों और सुरक्षा विशेषज्ञों ने भी आगाह किया है कि जब पैसा बिना नियंत्रण के बहे, तो वह टैरर फंडिंग जैसे खतरनाक रास्तों पर भी जा सकता है।

(नीरज कुमार दुबे)

समस्या यह थी कि मुस्लिम देशों में खासकर खाड़ी बाज़ारों में, हलाल प्रमाणन के बिना भारतीय मांस और खाद्य उत्पाद बेचना लगभग नामुमकिन था। इस मजबूरी का फायदा उठाकर वही निजी संगठन निर्यातकों की गर्दन पर सवार रहे। सर्टिफिकेट चाहिए तो उनकी शर्तें मानो, उनकी कीमत दो, उनकी व्यवस्था स्वीकार करो, चाहे वह कितनी ही अपारदर्शी क्यों न हो। सरकार की गैरमौजूदगी में यह समानांतर सत्ता वर्षों तक फलती-फूलती रही।

लेकिन अब इस खेल पर ब्रेक लगने लगा है। भारत सरकार ने आधिकारिक, सरकार-मान्य और अंतरराष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य हलाल प्रमाणन को लागू कर उस पूरे नेटवर्क की जड़ पर चोट की है, जो आस्था की आड़ में कारोबार और संभावित रूप से आतंकी फंडिंग का रास्ता खोलता रहा। ओमान द्वारा भारत के सरकारी हलाल सर्टिफिकेट को मान्यता दिया जाना सिर्फ़ निर्यातकों के लिए राहत नहीं है, यह उस अनियंत्रित सिस्टम के खिलाफ सीधी कार्रवाई है, जिसे अब तक कोई छूने की हिम्मत नहीं कर रहा था। यह कदम साफ़ संदेश देता है कि आस्था का सम्मान होगा, लेकिन आस्था के नाम पर लूट, दलाली और संदिग्ध फंडिंग अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हम आपको बता दें कि भारत ने अपने निर्यात हितों को साधने और वैश्विक बाज़ार में धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप व्यापार को सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया है कि भारत उन सभी देशों से मिशन मोड में संवाद कर रहा है, जहाँ मांस और मांस उत्पादों के निर्यात के लिए हलाल प्रमाणन अनिवार्य है। इस कड़ी में ओमान के साथ हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-ओमान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता एक अहम मील का पत्थर साबित हुआ है।

पीयूष गोयल ने बताया है कि ओमान पहला ऐसा देश बन गया है जिसने आधिकारिक रूप से भारत के हलाल मांस प्रमाणन को मान्यता दी है। हम आपको बता दें कि इससे पहले खाड़ी देशों और अन्य इस्लामिक देशों में हलाल प्रमाणन के नाम पर अनौपचारिक और अपारदर्शी प्रक्रियाएँ चल रही थीं। भारत पिछले तीन-चार वर्षों से प्रयास कर रहा था कि इन देशों

को औपचारिक और सरकार स्वीकृत हलाल प्रमाणन प्रणाली अपनाने के लिए राज़ी किया जाए।

इस समझौते के तहत ओमान भारत के हलाल प्रमाणन को सीधे स्वीकार करेगा, जिससे दोहराव वाली जाँच, अतिरिक्त प्रमाणन और अनावश्यक लागत से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। इससे न केवल निर्यात लागत घटेगी, बल्कि भारतीय उत्पादों की बाज़ार तक पहुँच भी तेज़ और आसान होगी। पीयूष गोयल ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अब सभी 55 इस्लामिक देशों के साथ इसी तरह की व्यवस्था लागू कराने के लिए सक्रिय बातचीत करेगा।

देखा जाये तो भारत ने अब साफ कर दिया है कि धार्मिक मान्यताओं का सम्मान होगा, लेकिन अव्यवस्था और दलाली की कीमत पर नहीं। औपचारिक और प्रक्रिया आधारित हलाल प्रमाणन की बात दरअसल भारत के उस इरादे का संकेत है, जिसमें वह आस्था को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ जोड़ना चाहता है। यह उन तमाम आलोचकों के लिए भी जवाब है, जो हलाल को लेकर या तो अंध-विरोध करते हैं या फिर आंख मूंदकर उसका समर्थन करते हैं।

आर्थिक दृष्टि से देखें तो खाड़ी और इस्लामिक देश भारत के लिए कोई मामूली बाज़ार नहीं हैं। मांस, खाद्य प्रसंस्करण और ऑर्गेनिक उत्पादों में ये देश बड़े आयातक हैं। यदि भारत अपने प्रमाणन को इन बाज़ारों में मान्य करा लेता है, तो यह सिर्फ़ निर्यात बढ़ाने का मामला नहीं होगा, यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की साख मज़बूत करने का मामला होगा।

सबसे अहम बात यह है कि यह पहल भारत को 'रिएक्टिव' से 'प्रोएक्टिव' बना रही है। अब भारत दूसरों के बनाए नियमों को चुपचाप स्वीकार करने वाला देश नहीं, बल्कि अपने मानकों को आत्मविश्वास से पेश करने वाला खिलाड़ी बन रहा है। हलाल प्रमाणन का यह कदम दरअसल एक बड़े संदेश का हिस्सा है यानि भारत अब वैश्विक व्यापार में बराबरी से बात करेगा, न झुकेगा, न हिचकेगा। बहरहाल, असली परीक्षा तब होगी जब भारत बाकी 54 इस्लामिक देशों में भी इसी तरह की औपचारिक मान्यता हासिल करेगा। तब यह कहा जा सकेगा कि भारत ने न सिर्फ़ व्यापार जीता, बल्कि व्यवस्था भी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

पुलिस का रौब दिखाकर अपहरण व अवैध वसूली के खेल का भंडाफोड़

पुलिस ने जारी की घटना की पुष्टि , कॉन्ट्रैक्ट ड्राइवर समेत 3 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फलका /कटिहार। जिले के फलका प्रखंड से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहाँ पुलिस की पहचान का गलत इस्तेमाल कर अपहरण और अवैध वसूली की कोशिश की जा रही थी। फलका थाना पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सरकारी अनुबंध पर तैनात चालक समेत तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर मामले की पुष्टि की है। फलका थानाध्यक्ष के अनुसार फलका थाने में हाल ही में अनुबंध पर नियुक्त चालक अमन कुमार (24) ने 20 दिसंबर को छुट्टी लेकर घर जाने की बात कही थी। आरोपियों ने ग्राम मोरसंडा में एक स्थानीय युवक मो० राहिल (26) को जबरन अपनी निजी सफेद रंग की कार में बिठाकर अपहरण करने का प्रयास किया। जब

युवक ने शोर मचाया तो स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाई और तीनों आरोपियों को घेर लिया। वही सूचना मिलते ही फलका थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमन कुमार पिता सूरज चौधरी ग्राम- मिल्की नवाबगंज कुरसेला फलका थाने का अनुबंध चालक अमित राज (25) पिता- अर्जुन यादव, ग्राम- दिरा चाँदपुर, पोठिया और बमबम कुमार यादव (22) पिता- स्व० मुन्ना यादव, ग्राम- पूर्वी चाँदपुर, पोठिया के रूप मे हुई। पुलिस ने तलाशी के दौरान इनकी कार से कोडीन युक्त कफ सिरप की 4 बोतलें भी बरामद की हैं। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी ब्रजेश कुमार मौके से फरार होने में कामयाब रहा। जिसकी तलाश जारी है। जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि ये लोग पुलिस होने का नाटक कर रहे थे। इस बाबत सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में फलका थाना कांड सं0-180/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले पर विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है।

पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अमदाबाद /कटिहार। प्रखंड के पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत के पहाड़पुर वार्ड संख्या 10 सीज में पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अंचल पदाधिकारी स्नेहा कुमारी, अपर थाना अध्यक्ष विजय कुमार राम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं।

जहां जेसीबी मशीन के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया।कार्रवाई

■ चार परिवारों के घर तोड़े गये

के दौरान चार परिवारों के घरों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी स्नेहा कुमारी ने बताया कि सीज में पंचायत सरकार भवन का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाना आवश्यक था। उक्त भूमि पर जूली खातून, विनोद मंडल, घीसू तांती और किशन तांती द्वारा अतिक्रमण किया गया था। पूर्व में सभी को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। लेकिन अनुपालन नहीं होने पर बलपूर्वक कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार उक्त स्थल पर लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान वार्ड सदस्य फिरोज आलम, राजस्व कर्मचारी विश्वजय कुमार गौतम सहित अन्य कर्मी मौके पर मौजूद रहे।

मनिहारी नगर पंचायत की सराहनीय पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार ग्रामीण। जिले के मनिहारी नगर क्षेत्र के अलग अलग वार्डों में फुटपाथ पर रेहडी, ठेले व अस्थायी दूकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे लोगों के लिए पीएम स्वनिधि योजना आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने मे मददगार साबित हो रहा है।

नगर मुख्य पार्षद राजेश कुमार ऊर्फ लाखो यादव ने जानकारी दी कि फुटपाथ पर छोटी छोटी दूकान लगाकर जीवीकोपार्जन करनेवाले उद्यमियों को सरकार कीज्ञयोजनाओं से आच्छादित करने मे मनिहारी नगर प्रशासन संकल्पित है। श्री यादव ने जानकारी दी कि फिलवक्त 564 ऐसे उद्यमी उक्त कल्याणकारी योजना से आच्छादित है। इस संबंध मे नगर

कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार पासवान ने जानकारी दी कि नगर क्षेत्र में सडक किनारे छोटी छोटी दुकान लगाकर जीवन यापन करनेवाले दूकानदारों को बैंकों से आसान किस्तों में ऋण क्रियाशील पूंजी सहित वेंडिंग जोन का निर्माण

■ पीएम स्वनिधि योजना से फुटपाथ दुकानदारों को आर्थिक संबल मिल रहा

शामिल है.साथ ही बैकों की ऋणराशि ससमय वापस हो सके इस दिशा मे भी सार्थक सहयोग व पहल शिमिल है. ससमय ऋण अदायगी पर इस योजना के दूकानदारों को ब्याज की राशि पर साठ प्रतिशत तक अनुदान की सुविधा दी जा सकती है। कार्यपालक श्री पासवान ने फुटपाथ दुकानदारों की हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए तय समय मे ऋण अदायगी कर ब्याज की राशि पर मिलनेवाली छूट का लाभ लेने की अपील की है।

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बर्बरता के खिलाफ बजरंग दल व विहिप का उग्र प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार नगर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे सुनियोजित हमलों और दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। रविवार को कार्यकताओं ने बजरंग दल कार्यालय से एक विशाल आक्रोश रैली निकाली, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शहीद चौक पहुंची। यहाँ कार्यकताओं ने बांग्लादेशी कट्टरपंथियों और जिहादी मानसिकता का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रान्त सुरक्षा प्रमुख अनीश सिंह और जिला संयोजक राणा सोनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो हो रहा है, वह मानवता पर कलंक है। दीपू चंद्र दास के साथ हुई क्रूरता ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन विडंबना यह है कि वैश्विक मानवाधिकार संगठन और खुद

को 'लिबरल' कहने वाले लोग इस पर मौन साधे हुए हैं। पूर्व विभाग संयोजक पवन पोद्दार ने तीखे शब्दों में कहा, जो लोग फिलिस्तीन और दुनिया के दूसरे कोनों के लिए आंसू बहाते हैं, आज उन्हें दीपू दास की चीखें क्यों सुनाई नहीं दे रही? क्या मानवाधिकारों की परिभाषा मजहब देखकर बदल जाती है? जब मरने वाला हिंदू होता है, तब दुनिया गूंगी और बहरी क्यों हो जाती है?" एकजुटता और चेतावनी का आह्वान बजरंग दल के कार्यकताओं ने समाज को सचेत करते हुए कहा कि बांग्लादेश की ये तस्वीरें केवल खबरें नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी हैं। जहाँ हिंदू अल्पसंख्यक है, वहां उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। समय आ गया है कि हिंदू समाज अपनी सुरक्षा और अस्तित्व के लिए एकजुट हो और इस जिहादी मानसिकता के खिलाफ मजबूती से खड़ा हो। उनलोगो ने भारत सरकार से मांग की है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा सख्ती से उठाए। बांग्लादेश सरकार दोषियों को चिह्नित कर उन्हें मृत्युदंड की सजा दे। साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय हिंदुओं के प्रति अपने दोहरे मापदंड को छोड़े।?इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर बिहार प्रांत सुरक्षा प्रमुख अनीश सिंह, पूर्व विभाग संयोजक पवन पोद्दार, राजेश राज, जिला संपर्क प्रमुख, जिला संयोजक राणा सोनी, जिला सुरक्षा प्रमुख सोनू सिंह, नगर मंत्री प्रणव भगत, जिला सेवा प्रमुख विष्णु शांडिल्य, जिला सह मंत्री प्रीतम प्रताप, मिलन केंद्र प्रमुख विक्की महतो ,बालोपासना प्रमुख आयुष मिश्रा, उप प्रमुख बादल रमानी, सुजीत, सोनू, प्रवीण रिंकू, आनंद गोदाल, आनंद तिवारी, किशन वर्मा, अश्मित गोस्वामी, बिट्टू कुमार, शुभम, रोहित, छोटू, राहुल कुमार, सूरज, अंश दास, राजा कुमार,अमित सिंह आदि शामिल रहे ।

वार्षिकोत्सव पर छात्र व छात्राओं ने मोहा मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। आज 21 दिसम्बर 2025 दिन रविवार, स्थान- शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक विद्यालय, पटना में बेहद हर्षोउल्लास का माहौल रहा। पूरे वर्ष ज्ञानार्जन के बाद आज का वार्षिकोत्सव बच्चों के रग - रग में एक नया जोश भर दिया है। ये सभी छात्र और छात्राएँ अपनी कलात्मक मेधाशक्ति के द्वारा कार्यक्रम मे चार चाँद लगा दिए पारिवारिक एवं सामाजिक तौर तरीके को विभिन्न नृत्य, संगीत एवं नाट्य कला के द्वारा प्रदर्शित किए हैं।

छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आर्यभट्ट सहोदया के मुख्य संरक्षक डॉ. सी. बी. सिंह सर और्ूस्त्र के मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी कुमोद कुमार सर ने माहौल को खुशनुमा कर दिये। विद्यालय-निर्देशिका मीरा सिन्हा हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहीं। आज वे बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत भी की हैं। विद्यालय के शिक्षा निर्देशिक सर सेविियो पिन्टो ने बच्चों की हरसंभव सुरक्षा एवं नयी तकनीकी ज्ञान दिलाने का प्रयास करते रहे। बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए हर क्षेत्र में अग्रगण्य हों, यही विद्यालय का मूल उद्देश्य रहा है। विद्यालय प्राचार्या जायसा पी. जे. के द्वारा भी बच्चों का उत्साह बढ़ते रहा। सभी अभिभावकगण ने कार्यकाम को आद्यान्त देखकर बच्चों के हौसले बुलंद करते रहे।

रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से कंबल का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। अचानक बढ़ी हाड़ काँपती ठंड के कहर ने समाज के अंतिम पंक्ति मे गुजर बसर कर रहे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इसी देखते हुए भारतीय रेडक्रोस सोसाइटी की ओर से चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा के नेतृत्व मे डंडखोरा प्रखंड के टिकैली गाँव के निःसहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया।

वितरित करते हुए डॉक्टर रंजना झा ने कहा कि शीतलहरी के प्रकोप से सभी वर्ग के लोगों का जीना मुहाल है। सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में समाज के वंचित लोगों की देखभाल करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गांव के 60 लोगों मे ज्यादातर विधवा एवं विकलांग महिलाओ के बीच कंबल वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष

ठंड में 1000 से अधिक कंबल वितरित किया जाता है। अबतक 200 से ज्यादा कंबल वितरित किया जा चुका है। मौके पर सह सचिव विवेन सरकार एवं प्रबंध समिति सदस्य देवराज शर्मा, पुरुषोत्तम मोदी के साथ अमित जायसवाल विक्की उपस्थित रहे । उन्होंने कहा कि इस ठंड में जहां लोग रजाई से निकल नही रहे वहाँ संस्था के सदस्यों ने निःसहाय लोगों की सुधि ली है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य गांव चिन्हित कर और कंबल वितरित किया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य सूरज साह ने लाभूकों को चिन्हित कर सूची तैयार करने में मदद की ताकि सही एवं जरूरतमंद तक सहयता मिल सके। इस मौके पर बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सबों ने रेडक्रॉस का धन्यवाद दिया।

माउंट लिट्रा जी स्कूल, चिपुरा में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना साउथ स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल, चिपुरा परिसर में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वहीं नन्हे छात्र-छात्राएं सांता क्लॉज की वेशभूषा में बेहद आकर्षक नजर आए। बच्चों ने गीत, नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से क्रिसमस का संदेश साझा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अमित कुमार एवं सचिव डॉ. मधुमिता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ अंजू भसीन, सौम्या सिंह, ओम कुमार एवं दीपक कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संस्थान के अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि क्रिसमस प्रेम, शांति और भाईचारे का पर्व है, जो बच्चों को आपसी सद्भाव और मानवता का संदेश देता है। वहीं सचिव डॉ. मधुमिता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और उनमें आत्मविश्वास व सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

चैनल के एमडी पर महिला एंकर के उत्पीड़न का आरोप लगाकर नगर थाने में मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। शहर के एक लोकल न्यूज चैनल के प्रबंध निदेशक के खिलाफ महिला न्यूज एंकर ने उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना के आरोप में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने पीड़िता के फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर थाना क्षेत्र के नया टोला

■ भोजपुरी में फिल्मी स्टाइल में दी धमकी

वार्ड संख्या-35 की रहने वाली 27 वर्षीय पीड़िता नेहा कुमारी उर्फ पूजा कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2023 से उक्त न्यूज चैनल में कार्यरत हैं। पीड़िता का आरोप है कि चैनल के प्रबंध निदेशक ललित अग्रवाल द्वारा उन पर जबरन इस्तीफा देने का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़िता ने अपने बयान में गंभीर आरोप लगाए हैं । उन्होंने कहा कि 09 दिसंबर 2025 से उन्हें लगातार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था।16 दिसंबर 2025 को कार्यालय में बुलाकर उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और अशोभनीय व्यवहार करते हुए धमकी दी गई।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उनके निजी कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चैट निकालकर उनके चरित्र पर लांछन लगाया और उन्हें बदनाम करने की धमकी दी। जिससे वे अत्यंत डरी हुई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कटिहार नगर थाना पुलिस ने कांड संख्या 1228/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में उसके यहा रेड मारा। लेकिन वह फरार हो गया।

धुरियाही पंचायत बना टीबी मुक्त

मुखिया राजकुमार मंडल सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनिहारी/कटिहार। प्रखंड के धुरियाही पंचायत ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए खुद को टीबी क्षय रोग मुक्त पंचायत घोषित किया है। इस सफलता में पंचायत के मुखिया राजकुमार मंडल का अहम योगदान रहा। जिन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने मुखिया को सम्मान,अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके सहयोग और जनहित में किए गए कार्यों की सराहना की।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मो ईमरान ने जानकारी दी कि देशभर में टीवी क्षय रोग मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान चलाकर पंचायत स्तर पर इस रोग के संभावित मरीज के स्वास्थ्य परीक्षण कर टीवी रोगी

का पता लगाकर उसका समुचित ऊपचार किया जा रहा है।धुरियाही पंचायत में 162 संभावित ईवी रोगी की स्वास्थ्य परीक्षणोपरांत महज दो रोगी टीवी रोग के पाये गये। इस लिहाज से धुरीयाही पंचायत को टीवी मुक्त पंचायत घोषित किया गया। डॉ. अशरफ रिजवी उपाधीक्षक सह सहायक कुष्ठ रोग चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि आनेवाले दिनों मे प्रखंड के केवाला एवं बघार पंचायत में विशेष अभियान चलाकर टीबी रोगी की पहचानकर ईलाज की जाएगी।अब इन पंचायतों को भी टीबी मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। पंचायत स्तर पर जागरूकता, निगरानी और स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

दिव्यांग स्कूली बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डंडखोरा/कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संकुलों में समावेशी शिक्षा के तहत गंभीर तथा अतिगंभीर बच्चों के माता-पिता, वर्ग शिक्षक एवं प्रधानाध्यपकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिसमें प्रशिक्षित नोडल शिक्षक सह प्रशिक्षक ने दिव्यांग बच्चों की समस्या से अवगत कराते हुए उनके साथ किये जाने वाले व्यवहार,उनके आहार-विहार को लेकर विस्तार से जानकारी दी। वहीं दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं को बाते हुए इन सुविधाओं को प्राप्त करने को लेकर वांछित प्रमाण पत्रों के बारे में भी बताया। अधिकतर शिक्षकों तथा

माता-पिता द्वारा युडीआइडी कार्ड बनाने में हो रही परेशानी की बात कही। उमवि डुमरिया संकुल में आयोजित प्रशिक्षण में समन्वयक सुमन कुमार व संचालक राघवेन्द्र कुमार झा स्वयं उपस्थित रहकर आयोजित किया। जबकि नोडल शिक्षक प्रत्युष कुमार व संगीता कुमारी ने दिव्यांगता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।वही प्रखंड समन्वयक समावेशी अमदाबाद ने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान सुभाष कुमार, संदीप कुमार, पंचानंद राय, नीरज कुमार, पवन कुमार जायसवाल सहित 40 शिक्षक उपस्थित रहे।

1 साल से संघर्ष कर रहे टाटा के स्टॉक में आई करीब 8 प्रतिशत की तेजी, चार्ट पैटर्न दिखा रहा और उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में पिछले एक साल संघर्ष कर रहे टाटा ग्रुप का स्टॉक टाटा एलेक्सी के शेयरों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। एनएसई में टाटा ग्रुप का यह स्टॉक 7.91 प्रतिशत की उछाल के साथ 5410 रुपये के लेवल पर पहुंच कर बंद हुआ था। इससे पहले शुक्रवार को दिन में कंपनी के शेयर 5450 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए थे। आइए जानते हैं कि चार्ट पैटर्न में इसकी स्थिति कैसी? मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार टाटा एलेक्सी का टेक्निकल सेटअप उत्साहित करने वाला है। शुक्रवार यह शेयर लगातार गिरावट के ट्रेंड को रोकने में सफल रहा। इसके अलावा वैल्यूम में इजाफा देखने को मिला। इन सबके अलावा टाटा एलेक्सी ने 20-डे और 50-डे इएमए को भी हासिल कर लिया है। सितंबर 2025 के बाद पहली बार कंपनी का आरएसआई 60 के ऊपर पहुचंने में सफल रहा है। जोकि मोमेंटम में मजबूती को दर्शाता है। पिछले एक साल में जहां निफ्टी 200 में 5.85 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। तो वहीं इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 25 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। बीते तीन साल में टाटा एलेक्सी के शेयरों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, 5 साल से शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 230 प्रतिशत का लाभ मिला है। जबकि इस दौरान निफ्टी 200 में 102 प्रतिशत की तेजी आई है। टाटा एलेक्सी के शेयर इस साल 11 जून को एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। कंपनी ने एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 75 रुपये का डिविडेंड दिया था। इससे पहले 2024 में टाटा ग्रुप की इस कंपनी की तरफ से 70 रुपये का डिविडेंड प्रति शेयर पर योग्य निवेशकों को बांटा गया था। इस कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 43.90 प्रतिशत और पब्लिक की हिस्सेदारी 56.10 प्रतिशत है।

8वें वेतन आयोग में रिटायर कर्मचारियों को नहीं मिलेंगे डीए बढ़ोतरी समेत कई फायदे!

नई दिल्ली, एजेंसी। 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस सामने आने के बाद से ही केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के बीच कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई थीं। इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ भ्रामक मैसेज तेजी से वायरल हो गए, जिनमें दावा किया गया कि सरकार ने रिटायर कर्मचारियों के कई अहम फायदे खत्म कर दिए हैं। इन मैसेजों में डीए बढ़ोतरी, पेंशन संशोधन और भविष्य में 8वें वेतन आयोग का लाभ न मिलने जैसी बातें कही गईं, जिससे लाखों पेंशनर्स बेवजह चिंता में आ गए। वायरल मैसेज में कहा गया था कि वित्त अधिनियम 2025 के तहत केंद्र सरकार ने पेंशनर्स के लिए ड्यूल हाइक और वेतन आयोग से जुड़ी सुविधाएं खत्म कर दी हैं। इतना ही नहीं, यह भी दावा किया गया कि भविष्य में पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग का कोई फायदा नहीं मिलेगा। फैक्ट-चेकिंग एजेंसी पीआईबी फैक्ट चेक ने इन सभी दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

मैट्रिक फेल होने के बाद घर से भाग कर दिल्ली आए

175 महीने की नौकरी की, आज हैं 3 फैक्ट्री के मालिक

नई दिल्ली, एजेंसी।
मैट्रिक फेल होने के बाद अरविंद को भारी प्रताड़ना मिलने लगी। घर-परिवार, रिश्तेदार सभी दुत्कारने लगे। फिर वह घर से भाग कर दिल्ली चले आए और एक फैक्ट्री में 175 रुपये महीने के वेतन पर हेल्पर की नौकरी कर ली। लेकिन जज्बा था उद्योगपति बनने का तो ऐसा कर दिखाया। आज उनके पास तीन फैक्ट्री है। करोड़ों का टर्नओवर है। करीब 70 लोगों को नौकरी दिए हुए हैं। आइए, जानते हैं अरविंद कुमार मेहता के संघर्ष के बारे में।

बिहार के छोटे से गांव में हुआ जन्म

अरविंद कुमार मेहता का जन्म बिहार में समस्तीपुर जिले के पतेलिया गांव में हुआ है। उन्होंने गांव से कुछ किलोमीटर दूर जय प्रकाश सिंह उच्च विद्यालय, नरहन स्टेट में पढ़ाई की है। वही साल 1978 में मैट्रिक की परीक्षा दी। इस परीक्षा में फेल कर गए। इसके बाद तो उनके सर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। घर-परिवार और गांव वालों से मैट्रिक फेल का ताना मिलने लगा। हद तो तब हो गई जब उनके बाबूजी भी कहने लगे कि मैट्रिक फेल हो गए, क्या करोगे? नौकरी नहीं लगेगी।

उनके रिश्ते के एक मामा उस समय पास के बेगूसराय में एक सरकारी विभाग में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर थे। उनका परिवार में बड़ा मान था। घर में नौकर-चाकर हर समय लगे रहते थे। उनसे हेल्प मांगने वहां गए, इस आस में कि मामा नौकरी लगवा देंगे। लेकिन वहां से भी निराशा हाथ लगी। मामा ने कहा गांव वापस चले जाओ और खेत में ढेपा (मिट्टी का ढेला) फोड़ो। तुमसे कुछ नहीं होगा। जब मैट्रिक पास नहीं कर सके तो जीवन मे क्या करोगे। इसके बाद उन्होंने तय किया कि किसी से नौकरी के लिए हेल्प नहीं मांगेंगे। जो होगा, अपने से करेंगे।

घर-परिवार और रिश्तेदारों के तानों से तंग आ कर उन्होंने एक बड़ा फैसला किया। वह था 19 दिसंबर 1979 का दिन। घर में रहने के दौरान गुल्लक में पैसे जमा करते थे। सालों-साल 10-5 पैसे डालते जाते थे। उस दिन गुल्लक तोड़ दिया। उसमें कुल जमा 600 रुपये निकले। उसे ले कर बरौनी रेलवे स्टेशन पहुंच गए और दिल्ली का टिकट कटा लिया। शाम में वहां से चलने वाली जयंती जनता एक्सप्रेस में चढ़ कर दिल्ली आ गए। यही ट्रेन आज की तारीख में वैशाली एक्सप्रेस के नाम से चलती है। हालांकि इसका शुरुआती और गंतव्य स्टेशन

बदल गया है।

दूसरी कंपनी में वेतन बढ़ा तो अरविंद ने रोहिणी सेक्टर-4 के पास विजय विहार में एक प्लॉट खरीद लिया। फिर 1987 में रजनी मेहता से इनकी शादी हुई। शादी होने के बाद भी इनका दूसरे शहरों का दौरा बदस्तूर जारी था। इसके बाद पत्नी ने कहा कब तक दूसरों का काम करोगे, अपना काम शुरू करो। तब उन्होंने अपनी कंपनी बनाने की ठानी। उस समय दिल्ली देश भर में जो बिजली सप्लाई होती थी, उसकी क्वालिटी बहुत खराब होती थी। घरों में लो-वोल्टेज की समस्या आम रहती थी। इसलिए घर-घर में वोल्टेज स्टेबलाइजर खरीदे जाते थे। बाजार में इसकी खूब मांग थी। इसे देखते हुए घर पर ही 1केवी से लेकर 5केवी तक का ट्रांसफार्मर बनाना शुरू किया। काम चल निकला। वह अपना ट्रांसफार्मर बेचने के लिए इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट बनाने वाली फैक्ट्री की विजिट करते रहते थे। उसी दौरान फरीदाबाद की एक नामी कंपनी के मालिक जो कि उन दिनो मारुति के बड़े वेंडर थे, उन्हें ढूंढते हुए आए। उनकी फैक्ट्री में मशीनें खराब हो रही थीं और उसे ठीक करने वाला कोई नहीं था। पहले उनकी मशीन की सर्विसिंग अरविंद के ही जिम्मे थी। तब उनकी फैक्ट्री जा कर उनकी मशीनें ठीक की। उसी मालिक ने कहा कि कब तक छोटा-मोटा काम करते रहोगे। तुम वेल्डिंग मशीन की फैक्ट्री डालो। एडवांस में उन्होंने पैसे दिए और आर्डर भी। 1992 में उनके बड़े बेटे अमित का जन्म हुआ था।

बस, उसी के नाम पर त्रिनगर में किराये की फैक्ट्री में अमित इंडस्ट्रियल कंट्रोल नामक कंपनी की नींव पड़ गई। अरविंद ने साल 1990 में ही घर पर ही ट्रांसफार्मर बनाने से अपना काम शुरू किया था। फिर वेल्डिंग मशीन बनाया इसके बाद केंटेनर वेल्डिंग मशीन भी बनाने लगे, जिसका उपयोग सरसों के तेल और मोबिल ऑयल के कंटेनर से लेकर तमाम डिब्बे या कंटेनर बनाने में होता है। फिर इसमें भी विस्तार किया। अब तो वह इलेक्ट्रिकल पैनल और मिनियेचर सर्किट ब्रेकर या एमसीबी की भी फैक्ट्री लगा ली। आज की तारीख में अरविंद मेहता की तीन फैक्ट्री है। करीब 70 लोगों को रोजगार देते हैं और करोड़ों रुपये का टर्नओवर हैं।

पहली नौकरी 175 रुपये महीने की

जयंती जनता एक्सप्रेस से दिल्ली आने के बाद अपने एक दोस्त के पास ओखला चले गए। वहां दो-चार दिन रह कर नौकरी ढूंढे जो नहीं मिली। फिर गांव के बगल के गांव के एक व्यक्ति के साथ वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में कई दिनों तक दिन भर भटकते रहते और फैक्ट्री-फैक्ट्री घूम कर काम मांगते रहते। इसी तरह भटकते हुए पूरा सप्ताह बीत गया। फिर आठवें दिन इलेक्ट्रिकल पैनल बनाने की एक फैक्ट्री में नौकरी मिल गई, हेल्पर की। वेतन था 175 रुपये महीना। वेतन तो कम लगा, लेकिन तब भी उस नौकरी को पकड़ लिया। वहीं पास में ही कमरा किराया लेकर रहने लगे।

कंपनी बदली तो बढ़ा वेतन

इलेक्ट्रिकल पैनल के फैक्ट्री में वेतन इतना कम था कि गुजारा मुश्किल से होता था। हालांकि 1979 के हिसाब से यह वेतन कम नहीं था, लेकिन बचपन जिस ऐशो-आराम में गुजरा था, उसे याद कर आंख में आंसू आ जाते थे। तब भी 1982 तक उसी कंपनी में रहे। उसके बाद कंपनी बदल ली। वहां 800 रुपये महीने का वेतन मिला। वहां वेल्डिंग मशीन बनती थी जिसका उपयोग कार बनाने वाली कंपनी मारुति और अन्य ऑटो कंपनियों के वेंडर करते थे। वह इस मशीन को बनाने, इरेक्शन और कमीशनिंग के साथ साथ उसके सर्विसिंग में भी माहिर हो गए। इस वजह से उन्हें हर समय कंपनी के काम से दिल्ली से बाहर बेंगलुरु, कलकत्ता जैसे शहरों में महीने-डेढ़ महीने तक रहना पड़ता था।

कंपनी ने अपने कर्मचारियों को दिया 1.50 करोड़ रुपये तक का फ्लैट

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन की कंपनी ने अपने कर्मचारियों के बीच 18 फ्लैट बांटने का फैसला किया है। इन फ्लैट्स की कीमत 1.3 करोड़ रुपये से 1.50 करोड़ रुपये के बीच है। कंपनी यह फ्लैट्स उन कर्मचारियों को दे रही है जो तीन साल की अपनी सर्विसेज दे चुके हैं। साउथ चीन मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी कर्मचारियों को जोड़े रखने और उनमें नए गुण सीखने रहने के लिए यह फ्लैट्स दे रही है। बता दें, कर्मचारियों को फ्लैट्स देने वाली कंपनी में कुल 450 कर्मचारी इस समय काम कर रहे हैं। ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स का उत्पादन करने वाली चीन की कंपनी ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी की तरफ से यह फ्लैट्स बांटे जा रहे हैं। कंपनी की कुल ऑउटपुट वैल्यू 2024 में 70 मिलियन डॉलर थी। कंपनी के जनरल मैनेजर ने इन फ्लैट्स के बांटने पर कहा कि यह लॉन्ग टर्म को सोचकर तैयार किया गया है। जिससे लम्बे समय तक कंपनी में उनको जोड़ा रखा जा सके। इससे स्थिरता बढ़ेगी। नेशनल बिजनेस डेली से बात करते हुए कंपनी के मैनेजर कहा कि इस साल उन्होंने 5 फ्लैट्स बांटे हैं। अगले साल 8 फ्लैट्स देने की तैयारी में है। अगले तीन साल में कुल 18 फ्लैट्स कर्मचारियों को दिए जाएंगे।

सोना और चांदी ने साल 2025 में निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया

नई दिल्ली, एजेंसी। साल 2025 में सोना और चांदी की कीमत ने शानदार छलांग लगाई है। दोनों धातुओं ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया। इस साल चांदी 132 प्रतिशत उछली है। वहीं सोने में भी 65 फीसदी की तेजी आई है। दोनों धातुओं में यह उछाल मजबूत निवेश मांग और आपूर्ति की कमी के कारण आया है। बात अगर साल 2026 की करें तो इस साल भी दोनों धातुओं में तेजी के संकेत दिखाई दे रहे हैं। हालांकि ये कई

कारकों पर निर्भर करेगी। साल 2025 में सोने ने दुनियाभर में और भारत में भी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत 4,370 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से ऊपर चली गई है। चांदी भी 60 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गई है। यह एक अभूतपूर्व ऊंचाई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि निवेशक सोने की ओर भागे। इसके पीछे कई कारण थे, जैसे केंद्रीय बैंकों का नरम रुख, भू-राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की लगातार मांग। सोने की कीमतें एमसीएक्स और बड़े शहरों के खुदरा बाजारों में 1.33 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चली गईं। इसके पीछे कमजोर रुपया, आयात पर भारी शुल्क और शादियों के मौसम में जोरदार खरीदारी जैसे कारण थे। सोने की यह दोहरी उछाल इस बात को दर्शाती है कि सोना अनिश्चितता के समय में एक बेहतरीन बचाव का जरिया है।

एक क्लिनिक, 20 से ज्यादा डॉक्टर और मुंबई की सच्चाई

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई को सपनों की नगरी कहा जाता है, लेकिन यहां सपनों की कीमत अब स्क्वायर फीट में तय होती है। इतनी ज्यादा कि अब सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि बड़े डॉक्टर भी अकेले क्लिनिक चलाने में असमर्थ हो गए हैं। मार्केटिंग कंटेंट क्रिएटर सोनाली एम की एक लिंक्डइन पोस्ट ने मुंबई की इसी कड़वी हकीकत को सामने रखा है, जहां एक ही क्लिनिक में 20 से ज्यादा डॉक्टर टाइम स्लॉट में मरीजों की जान बचा रहे हैं। उनकी यह पोस्ट काफी वायरल हो गई है।

सोनाली एम ने लिंक्डइन पर पोस्ट के साथ एक फोटो भी शेयर किया है। अपनी पोस्ट के

सपनों की नगरी में पैदा हुआ संकट?

शुरुआत में उन्होंने लिखा है कि क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं कि मुंबई में डॉक्टरों को भी जगह मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बिजनेस करने वालों या नौकरी करने वालों को तो और भी कम जगह मिलेगी। उन्होंने जो फोटो शेयर किया है, वह एक क्लिनिक का है। ऐसा क्लिनिक जहां 20 से ज्यादा डॉक्टर आते हैं।

क्या है पोस्ट में?

सोनाली ने अपनी पोस्ट में मुंबई में जगह की तंगी का आलम बताया है। स्थिति यह है कि अब बड़े-बड़े डॉक्टर भी को-वर्किंग यानी एक साथ मिलकर क्लिनिक चलाने को मजबूर हैं। सोचिए 20 से ज्यादा डॉक्टर एक ही क्लिनिक में अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

ऐसा इसलिए नहीं है कि मरीजों की कमी है, बल्कि इसलिए कि मुंबई में कमर्शियल प्रॉपर्टी (दुकान या ऑफिस की जगह) इतनी महंगी हो गई है कि अकेले दम पर क्लिनिक चलाना लगभग नामुमकिन है। मुंबई सिर्फ आपकी मेहनत नहीं देखती, बल्कि यह भी देखती है कि आप वहां रहने और अपना काम चलाने का खर्चा उठा सकते हैं या नहीं। यह मुंबई हसल के रोमांटिक ख्याल से हटकर एक कड़वी सच्चाई है।

टाइम स्लॉट में बचाई जा रही जान

सोनाली ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि ऐसी जगह पर डॉक्टर बहुत कम समय में मरीजों को देखते हैं ताकि सभी का इलाज हो सके। टाइम स्लॉट में जान बचाई जा रही है। उन्होंने पोस्ट के आखिरी में लिखा है- बड़े सपने देखें, लेकिन पहले यह पक्का कर लें कि आप उस जगह (स्क्वायर फीट) का किराया दे सकते हैं।

एलन मस्क पर खूब बरस रहा पैसा

700 अरब डॉलर के पार हुई नेटवर्थ, रच दिया इतिहास

नई दिल्ली, एजेंसी।
दुनिया में इस समय एक शख्स पर खूब पैसा बरस रहा है। दौलत इतनी इकट्ठी हो रही है कि यह शख्स लगभग रोजाना रेकॉर्ड बना रहा है। इस शख्स का नाम एलन मस्क है। रॉयटर्स के मुताबिक एलन मस्क इतिहास के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं जिनकी नेटवर्थ 700 अरब डॉलर से ज्यादा हो गई है। यह सब इलेक्ट्रिक-गाड़ी बनाने वाली कंपनी टेस्ला में उनके बड़े सैलरी पैकेज को एक कोर्ट के फैसले से फिर से बहाल होने के बाद हुआ है। मस्क के साल 2018 के पे पैकेज से जुड़े स्टॉक ऑप्शन को फिर से बहाल कर

दिया। पहले एक निचली अदालत ने इन्हें रद्द कर दिया था। इस फैसले के बाद मस्क की अनुमानित संपत्ति बढ़कर करीब 749 अरब डॉलर हो गई। ये स्टॉक ऑप्शन अब लगभग 139 अरब डॉलर के हैं, जो कि डील को पहली बार मंजूरी मिलने के समय के 56 अरब डॉलर के आंकड़े से कहीं ज्यादा है। हाई कोर्ट ने कहा कि एलन मस्क के पे पैकेज को रद्द करने का पिछला फैसला गलत और अनुचित था। इसने साल 2024 के उस फैसले को पलट दिया जिसमें इस डील को अविश्वसनीय कहा गया था। इस पैकेज के बहाल होने से मस्क की संपत्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ और वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए, वो भी बहुत बड़े अंतर से। नवंबर में टेस्ला के शेयरधारकों ने मस्क के लिए 1 ट्रिलियन डॉलर के एक नए पे प्लान को मंजूरी दी थी। यह किसी भी कॉर्पोरेट एग्जीक्यूटिव के लिए अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है।

पेप्सी की सहयोगी अफ्रीका में खरीद रही 1118.70 करोड़ में बेवरेजेज कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी।
पेप्सिको की बॉटलिंग कंपनी वरूण बेवेरेजेज लिमिटेड ने एक बड़ा दांव खेला है। रविवार 21 दिसंबर को कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि बोर्ड ने साउथ अफ्रीका की कंपनी ट्विज़ा प्रोप्रायटरी लिमिटेड के 100 प्रतिशत अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। इस पूरी डील की कीमत 1118.70 करोड़ रुपये है। पेप्सिको की सहयोगी कंपनी की लम्बे समय से अफ्रीका के बाजार पर नजर टिकी हुई है। बता दें, ट्विज़ा प्रोप्रायटरी लिमिटेड एक बेवरेजेज कंपनी है। जिसका अफ्रीका के मार्केट पर अच्छी पकड़ है। इस खबर के सामने आने के बाद कंपनी के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे।

वरूण बेवरेजेज ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि इस कंपनी के पास अफ्रीका में तीन उत्पादन सेंटर हैं। जून 2025 में कंपनी की कुल बिक्री

901.90 करोड़ रुपये की थी। यह अधिग्रहण 30 जून 2026 में पूरा हो सकता है। इसके पूरा होने के बाद वरुण बेवरेजेज के पोर्टफोलियो में इजाफा होगा। बता दें, ट्विज़ा प्रोप्रायटरी लिमिटेड की स्थापना 2003 में हुई थी। यह कंपनी नॉन-एल्कोहॉलिक बेवरेजेज कंपनी है।

शेयरों का प्रदर्शन कैसा?

शुक्रवार को स्टॉक मार्केट के बंद होने के समय पर एनएसई में 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 469.95 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। जबकि इस दौरान निफ्टी नेक्सट 50 में महज 3.18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। बता दें, 5 साल में वरूण बेवरेजेज लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 445 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। पिछले साल कंपनी के शेयरों का बंटवारा हुआ था। जिसके बाद वरूण बेवरेजेज के शेयरों की फेस वैल्यू 5 रुपये से घटकर 2

साल के अंत में खुल रहे हैं 11 कंपनियों के आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी।
प्राइमरी मार्केट में इस हफ्ते कई आईपीओ खुल रहे हैं। उसमें एक मेनबोर्ड आईपीओ भी शामिल है। आइए जानते हैं कि कौन सा आईपीओ किस दिन खुलेगा। इनका प्राइस बैंड, साइज सहित अन्य डीटेल्स क्या हैं?

- **गुजरात किडनी:** यह एक मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। कंपनी के आईपीओ का साइज 250.80 करोड़ रुपये का है। आईपीओ 22 दिसंबर को खुलेगा। निवेशकों को 24 दिसंबर तक दांव लगाने का मौका मिलेगा। कंपनी ने एंकर निवेशकों से 100 करोड़ रुपये जुटाए हैं। मेनबोर्ड सेगमेंट के इस आईपीओ का प्राइस बैंड 108 रुपये से 114 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।
- **संड्रेक्स तेल:** कंपनी के आईपीओ का साइज 32.25

करोड़ रुपये का है। आईपीओ 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक खुला रहेगा। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 81 रुपये से 86 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

- **श्याम धानी इंडस्ट्रीज आईपीओ:** आईपीओ 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक खुला रहेगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 65 रुपये से 70 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। इस आईपीओ का साइज 38.49 करोड़ रुपये का है।
- **दाचेपल्ली पब्लिशर्स आईपीओ:** इस आईपीओ का साइज 40.39 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 40 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक ओपन रहेगा। इस एसएमई सेगमेंट का आईपीओ 100 रुपये से 102 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।
- **ईपीडब्ल्यू इंडिया आईपीओ:** कंपनी ने 95 रुपये से 97 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। आईपीओ का लॉट साइज 1200 शेयरों का बनाया गया है। आईपीओ का इश्यू साइज 31.81 करोड़ रुपये निर्धारित है।
- **अपोलो टेक्नो इंडस्ट्रीज आईपीओ:** आईपीओ 23 दिसंबर से 25 दिसंबर तक ओपन रहेगा। आईपीओ का साइज 47.96 करोड़ रुपये का है।
- **बाई काकाजी पॉलीमर्स आईपीओ:** इस एसएमई सेगमेंट के आईपीओ का साइज 105.17 करोड़ रुपये का है। कंपनी का आईपीओ 23 दिसंबर को खुलेगा। आईपीओ 26 दिसंबर तक ओपन रहेगा। आईपीओ के लिए कंपनी ने 177 रुपये से 186 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है।
- **एडमैच सिस्टम्स आईपीओ:** यह आईपीओ 23 दिसंबर से ओपन होने के बाद 26 दिसंबर तक खुला रहेगा। कंपनी ने 227 रुपये से 239 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है।
- **नांटा टेक आईपीओ:** यह एसएमई सेगमेंट का आईपीओ 23 दिसंबर को खुलेगा। निवेशकों के पास 26 दिसंबर तक दांव लगाने का मौका रहेगा।
- **धारा रेल प्रोजेक्ट्स आईपीओ:** कंपनी के आईपीओ का साइज 50.20 करोड़ रुपये का है। कंपनी का आईपीओ 23 दिसंबर से 26 दिसंबर तक खुला रहेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 120 रुपये से 126 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।
- **ई से ई परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर आईपीओ :** कंपनी ने 164 रुपये से 174 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। आईपीओ 26 दिसंबर को ओपन हो जाएगा। यह 30 दिसंबर तक खुला रहेगा।



बिना आरडीएक्स के वेलकम अधूरी

● फिल्म के 18 साल पूरे होने पर अनिल कपूर ने किया फिरोज को याद

बॉलीवुड की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शामिल 'वेलकम' जैसी फिल्म को आज तक याद किया जाता है। मल्टीस्टार कास्ट से सजी इस फिल्म की खासियत यह रही कि हर किरदार ने अपनी अलग पहचान बनाई और अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। चाहे 'मेरी एक टांग नकली है, मैं हॉकी का बहुत बड़ा खिलाड़ी था' जैसे डायलॉग से हंसी बटोरने वाले मुश्ताक खान हों या फिर 'देखो वो जिंदा है' कहकर याद रह जाने वाली सुप्रिया कार्निक, फिल्म का हर किरदार आज भी लोगों को याद है। अब जब इस कॉमेडी क्लासिक के 18 साल पूरे हो चुके हैं, तो अभिनेता अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़े अपने पुराने साथी और दिवंगत अभिनेता-निर्माता फिरोज खान को याद करते हुए उनसे जुड़ी यादों को साझा किया है। वेलकम फिल्म के 18 साल होने पर अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा किया है और फिल्म के सुपरहिट होने का श्रेय भी दिवंगत फिरोज खान को दिया है। अभिनेता ने फिल्म की पुरानी फोटोज को शेयर कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'वेलकम के 8 साल। यह फिरोज खान साहब के लिए है। आरडीएक्स के बिना 'वेलकम' अधूरी थी, ठीक वैसे ही जैसे मोगैम्बो के बिना 'मिस्टर इंडिया' अधूरा थी। दोनों की जगह कोई नहीं ले सकता। उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे स्क्रिप्ट सुनते समय याद है, मैं सोच रहा था कि यह कैसी बनेगी। पिक्चर यहीं रुक जाती है, बैठ जाती है।

अनीस भाई ने कहा, 'चिंता मत करो, फिरोज साहब पिक्चर संभाल लेंगे,' और उन्होंने ऐसा ही किया। आरडीएक्स ने फिल्म को ऊपर उठा दिया। यह फिल्म, उनका किरदार, पागलपन, और जादू सब उनकी वजह से है।'

टिस्का चोपड़ा ने खास अंदाज में पति संजय को दी

सालगिरह की बधाई

बॉलीवुड अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा और उनके पति संजय चोपड़ा शनिवार को अपनी शादी की सालगिरह मना रहे हैं। इस खास अवसर पर टिस्का ने अपने वैवाहिक जीवन की यादों को सोशल मीडिया पर ताजा किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पति संग तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दोनों के बीच केमिस्ट्री साफ झलक रही है। दोनों एक-दूसरे के साथ मुस्कुराते और गले लगते नजर आ रहे हैं। वहीं, फैंस ने भी कमेंट्स सेक्शन में दंपति को बधाइयां और शुभकामनाएं दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा, 'हम अभी भी साथ में नाचते हैं, अभी भी थोड़ी नोक-झोंक होती है और हम बेस्ट फ्रेंड्स हैं। हैप्पी एनिवर्सरी, संजय चोपड़ा। अभिनेत्री ने एयर इंडिया पायलट संजय चोपड़ा से साल 1997 में शादी की थी। दोनों की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। दरअसल, दोनों की पहली मुलाकात फ्लैट ढूंढने के दौरान हुई थी। दरअसल, उस दौरान संजय मुंबई में एयर इंडिया हॉस्टल में रह रहे थे। वहीं, दोस्तों संग रहने के लिए वे फ्लैट ढूंढ रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात अभिनेत्री से हुई थी, लेकिन टिस्का उन दिनों अभिनेत्री नहीं थी, बल्कि वे एयर होस्टेस थीं। पहले फोन कॉल पर बातचीत हुई, फिर मुलाकात हुई, धीरे-धीरे दोस्ती हुई और ये रिश्ता वैवाहिक बंधन में बदल गया। अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म 'साली मोहब्बत' से निर्देशन में डेब्यू किया है। इस फिल्म में राधिका आप्टे, दिव्येंदु, अनुराग कश्यप और वेटरन एक्टर शरत सक्सेना मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्माण जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा मिलकर स्टेज5 प्रोडक्शन के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर की साधारण गृहिणी के इर्द-गिर्द घूमती है। वो जिंदगी में अचानक बेवफाई और धोखे के जाल में फंस जाती है। फिर शुरू होती है उसकी जिंदगी की असली जंग।

एक्ट्रेस अनीत की चमकी किस्मत हाथ लगी इस बड़े प्रोडक्शन हाउस की फिल्म

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा के हाथ एक बड़े प्रोडक्शन हाउस की फिल्म लगी है. उस फिल्म में उनके साथ आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू वेब सीरीज के हीरो लक्ष्य लालवानी नजर आने वाले हैं. अनीत पड्डा ने इसी साल भारत की बड़ी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी 'सैयारा' से बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया. फिल्म में उनके साथ अहान पांडे दिखे. दोनों की जोड़ी फैंस को काफी पसंद आई. फिल्म को लोगों का काफी प्यार मिला और बंपर कमाई भी हुई है. अब अनीत के हाथ एक और बड़े प्रोडक्शन हाउस की फिल्म लगी है. अब वो एक ऐसी कंपनी के साथ फिल्म करने जा रही हैं, जिसने पहले साल 2024 और फिर 2025 में बॉलीवुड को साल की सबसे बड़ी फिल्म दी. यहां जिस प्रोडक्शन हाउस की बात हो रही है वो है 'मैडॉक फिल्म्स'. साल 2024 में इस कंपनी के बैनर तले बनी श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' साल की दूसरी सबसे बड़ी बॉलीवुड फिल्म साबित हुई थी. ढ्रस्ष्क्र के अनुसार वर्ल्डवाइड फिल्म ने 858.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली थी. वहीं विकी कौशल की छावा 808.7 करोड़ रुपये की कमाई के साथ 2025 की सबसे बड़ी फिल्म है. अनीत पड्डा और लक्ष्य लालवानी की फिल्म का नाम फिल्म का टाइटल भी सामने आ गया है. रिपोर्ट में बताया गया कि इस पिक्चर का नाम 'शक्ति शालिनी' रखा गया है. बताया जा रहा है कि जनवरी के आखिरी हफ्ते से इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी. वहीं ऐसी उम्मीद है कि साल 2026 के आखिर तक ये फिल्म रिलीज हो सकती है. हालांकि, अभी फिल्म के ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार है. देखना होगा कि मेकर्स कब तक इस फिल्म का ऐलान करते हैं.

ये फिल्म भी मैडॉक वालों ने ही बनाई है.

अनीत पड्डा और लक्ष्य लालवानी एक साथ बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की एक रिपोर्ट के अनुसार मैडॉक की एक फिल्म के लिए अनीत पड्डा को साइन कर लिया गया है. उनके साथ इस पिक्चर में लक्ष्य लालवानी नजर आने वाले हैं, जो 'किल' और शाहरुख के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' जैसे बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे हैं. ये पहली बार है जब पर्दे पर अनीत और लक्ष्य की जोड़ी देखने को मिलेगी.

एक-दूजे के हुए किम वू बिन और शिन

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री मशहूर कपल्स में से एक, अभिनेता किम वू-बिन और शिन मिन-आ ने दस साल के रिलेशनशिप के बाद शादी रचा ली है। दोनों ने शनिवार दोपहर सियोल के शिला होटल में एक निजी शादी समारोह में एक-दूजे का हाथ थामा। दोनों की शादी में सिर्फ परिवार के लोग, रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल हुए। किम के पुराने दोस्त एक्टर ली क्वांग-सू ने सेरेमनी को होस्ट किया। बीते महीने, उनकी एजेंसी एएम एंटरटेनमेंट ने एक ऑफिशियल बयान में शादी का एलान किया था, जिसमें कहा गया कि कपल ने कई वर्षों तक साथ रहने के बाद जिंदगी में आगे बढ़ने का फैसला लिया है। रिलेशनशिप के दौरान बने गहरे लगाव और भरोसे के आधार पर दोनों ने पार्टनर के रूप में जिंदगी को साथ बिताने का फैसला लिया है। उन्होंने लोगों से दुआओं की अपील भी की थी।

10 साल की डेटिंग के बाद के-ड्रामा के मशहूर कपल ने रचाई शादी

साल 2015 में हुई थी पहली मुलाकात

इस कपल की उम्र में पांच साल का अंतर है। दोनों की पहली मुलाकात साल 2015 में एक कपड़ों के ब्रांड के लिए मॉडल के तौर पर काम करते हुए हुई थी।

बाद में उनका रिश्ता प्यार में बदल गया। उन्होंने उसी साल जुलाई में अपने रिश्ते को कन्फर्म किया था। 10 वर्षों से दोनों एक-दूजे के साथ रिलेशनशिप में हैं। किम ने साल 2008 में एक मॉडल के तौर पर डेब्यू किया और 2011 में ड्रामा 'व्हाइट क्रिसमस' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

किम ने फैंस से कहा, 'हमारा साथ देंगे तो सफर और भी खूबसूरत होगा'

किम ने उसी दौरान अपने फैन कैफे के जरिए फैंस के साथ हाथ से लिखे खत भी शेयर किए। उन्होंने लिखा, 'मैं शादी कर रहा हूं। जिस इंसान के साथ मैंने लंबा समय बिताया है, अब मैं उसके साथ एक परिवार बना रहा हूं और साथ मिलकर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा हूं'। उन्होंने आगे लिखा, 'अगर आप हमारा साथ देंगे तो मैं आभारी रहूंगा, ताकि हमारा सफर और भी खूबसूरत और प्यार से भरा हो'।

क्रिसमस का जश्न

मल्लिका शेरावत ने व्हाइट हाउस में मनाया

दिसंबर का महीना आते ही दुनियाभर में क्रिसमस की रौनक छा जाती है। कड़कड़ाती ठंड के साथ-साथ उत्सव का नजारा हर जगह पर देखने को मिलता है। भारत में भी इसकी तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन विदेशों में तैयारी के साथ-साथ जश्न की शुरुआत हो चुकी है। ऐसा ही कुछ नजारा अमेरिका के व्हाइट हाउस में देखने को मिला। दरअसल, हाल ही में व्हाइट हाउस में क्रिसमस पार्टी का आयोजन किया गया था। इसी उत्सव में बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने भी शिरकत की थी। अभिनेत्री ने इस खास अवसर की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं। तस्वीरों में वे व्हाइट हाउस की भव्य सजावट के बीच मुस्कराती दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, 'व्हाइट हाउस क्रिसमस डिनर के लिए आमंत्रित होना बिल्कुल अवास्तविक लगता है। मैं बहुत आभारी महसूस कर रही हूं।' अभिनेत्री की पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रही है। वे उनकी तारीफ कर रहे हैं। 25 दिसंबर को क्रिसमस फेस्टिवल मनाया जाता है। यह एक ईसाई त्योहार है, जो यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, और अब यह दुनिया भर में एक सांस्कृतिक उत्सव के तौर पर मनाया जाने लगा है। इस दिन लोग क्रिसमस ट्री सजाते हैं और उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं। अभिनेत्री भारतीय सिनेमा में अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने भारत समेत विदेशों में भी अपने अभिनय का परचम लहराया है। मल्लिका शेरावत ने ग्लोबल सुपरस्टार ब्रूनो मार्स के साथ म्यूजिक वीडियो में कैमियो रोल निभाया था।



दोस्ती और रिश्तों की अहमियत पर अंकिता लोखंडे का भावुक पोस्ट

टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री अंकिता लोखंडे भले ही धारावाहिकों में कम नजर आती हैं, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए अपनी निजी जिंदगी के प्यारे पलों को शेयर करती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। अभिनेत्री ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया, जिसकी कुछ दिलचस्प तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं।

इसमें अभिनेत्री के साथ उनके पति विकास जैन, एल्विश यादव, समर्थ जुरैल समते कई कलाकार और दोस्त शामिल हैं। ये तस्वीरें अभिनेत्री की बर्थडे पार्टी की हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'दोस्ती और रिश्ते जीवन की दो अलग-अलग लेकिन बहुत सुंदर देन हैं। सच्ची दोस्ती भगवान का तोहफा होता है, जो दिल के मिलने से बनते हैं। जिन्हें हम प्यार, समय, समझ और कोशिश से बनाते हैं।' अभिनेत्री ने आगे लिखा कि अक्सर हमें पता नहीं चलता है कि ये दोस्ती और रिश्ते हमारी जिंदगी को कितना बदल देते हैं। खुशी के पलों में बहुत कम लोग सच में हमारे साथ खुश होते हैं, और दुख के समय तो और भी कम लोग चुपचाप साथ खड़े रहते हैं। अभिनेत्री मुंबई में लंबे समय से रह रही हैं। उनका कहना है कि यहां पर इतने सच्चे दोस्तों का मिलना उनके लिए भाग्य चमकने से कम नहीं है। उन्होंने लिखा, 'मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि यहां पर मुझे ऐसे लोग मिले हैं जिनके साथ मैं अपनी खुशियां, चुप्पी, हंसी और आंसू बांट सकती हूं।

साभार एजेंसी



एक FLop के बाद 12 साल का ब्रेक फिर सोहेल खान को मिला सलमान का सहारा

सोहेल खान के करियर में एक ऐसा समय भी आया था जब एक फिल्म फ्लॉप होने के बाद उन्होंने डायरेक्शन की दुनिया से 12 साल का ब्रेक ले लिया था. फिर उन्हें उनके बड़े भाई सलमान का सहारा मिला. सलमान संग उनकी एक फिल्म आई थी, जिसने अच्छी कमाई की थी. जहां एक तरफ सलमान खान ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1988 में आई फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' के जरिए की थी, तो वहीं दूसरी तरफ उनके छोटे भाई सोहेल ने भी फिल्मों में ही अपना करियर बनाया, लेकिन उन्होंने शुरुआत बतौर डायरेक्टर की थी. एक बार उनके डायरेक्शन में बनी एक फिल्म पिट गई थी, जिसके बाद वो बतौर एक्टर तो काम करते रहे थे, लेकिन डायरेक्शन की दुनिया से उन्होंने ब्रेक ले लिया था. ये ब्रेक 12 साल का था. वहीं फिर बड़े भाई सलमान को एक फिल्म में बतौर लीड हीरो लेकर उन्होंने डायरेक्टर के तौर पर कमबैक किया था. शनिवार को सोहेल खान ने 55वां बर्थडे मनाया. उनका जन्म 20 दिसंबर 1970 में हुआ था. इस मौके पर चलिए एक नजर उनके करियर पर डालते हैं. साथ ही उस फिल्म के बारे में भी जानते हैं, जिसके बाद उन्होंने 12 साल तक कोई भी फिल्म डायरेक्ट नहीं की थी. सोहेल ने बतौर डायरेक्टर अपना करियर साल 1997 में शुरू किया था. वो 'औजार' के नाम से एक फिल्म लेकर आए थे, जिसमें सलमान खान, शिल्पा शेट्टी और संजय कपूर जैसे सितारे नजर आए थे. उसके अगले साल यानी 1998 में उन्होंने प्रोड्यूसर के तौर भी डेब्यू किया था.

सोहेल की एक्टिंग डेब्यू फिल्म

सोहेल की प्रोड्यूस की गई पहली फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' थी. इसे डायरेक्ट भी उन्होंने ही किया था. डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के तौर पर काम करने के बाद सोहेल ने 2002 में अपने एक्टिंग करियर का आगाज किया था. वो 'मैंने दिल तुझको दिया' के नाम से एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म लेकर आए थे. उनके साथ फिल्म में समीरा रेड्डी, संजय दत्त और कबीर बेदी भी थे. खास बात ये थी एक्टिंग करने के साथ-साथ उन्होंने खुद ही इस पिक्चर को डायरेक्ट भी किया था.

वेस्टइंडीज 419 रन पीछे, बिना विकेट गंवाए 43 रन बनाए

न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 306 रन पर घोषित की

वेलिंगटन (एजेंसी)। वेस्टइंडीज की ओर से ब्रेंडन किंग और जॉन कैंपबेल ने पारी की शुरुआत की। किंग 37 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि कैंपबेल उनके साथ क्रीज पर मौजूद हैं।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 306 रन बनाकर घोषित की। टीम के लिए टॉम लाथम ने 101 और डेवोन कॉन्वे ने 100 रन की शतकीय पारियां खेलीं। कप्तान केन विलियमसन 40 रन और रचिन रवींद्र 46 रन बनाकर नाबाद रहे।

कॉन्वे का दूसरी पारी में भी शतक

डेवोन कॉन्वे ने इस टेस्ट मैच में कुल 327 रन बनाए। पहली पारी में उन्होंने 367 गेंदों पर 227 रन बनाए, जिसमें 31 चौके शामिल थे। दूसरी पारी में कॉन्वे ने 139 गेंदों पर 100 रन की पारी खेली, जिसमें 3 छक्के और 8 चौके लगाए। यह उनके टेस्ट करियर का सातवां शतक है। कॉन्वे 95 साल के टेस्ट इतिहास में न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बने, जिन्होंने एक ही मैच में दोहरा शतक और शतक लगाया। दुनिया में ऐसा करने वाले वे 10वें बल्लेबाज हैं।

न्यूजीलैंड पहली पारी में 420 रन पर सिमट गई

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 575 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 420 रन पर ऑलआउट हो गई। कावेम हॉज ने 123 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके।

तीसरे दिन शनिवार को वेस्टइंडीज ने बिना विकेट गंवाए 110 रन से आगे खेलते हुए 6 विकेट पर 381 रन बनाए थे। जॉन कैंपबेल 45 रन, वहीं, ब्रैंडन किंग ने 63 रन बनाए।

हॉलैंड ने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया

रोनाल्डो को पीछे छोड़ा

लंदन (एजेंसी)। एर्लिंग हॉलैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पांच मैच तक पहुंचा दिया।

मैनचेस्टर सिटी को इस जीत तीन अंक मिले, लेकिन यह आर्सेनल को क्रिसमस के दिन प्रीमियर लीग में शीर्ष पर रहने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल की बदौलत एवर्टन पर 1-0 की जीत हासिल की जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर्सेनल 25 दिसंबर को प्रीमियर लीग में पांचवीं बार पहले स्थान पर रहेगा। इससे पहले जब चार अवसरों पर आर्सेनल क्रिसमस तक शीर्ष पर रहा था तब वह खिताब नहीं जीत पाया था। आर्सेनल के बाद मैनचेस्टर सिटी दूसरे स्थान पर है। वह आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे है। उसने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया। हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र में 17 मैचों में 19 गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया। हॉलैंड ने इस सत्र में सिटी और नॉर्वे के लिए कुल 28 मैचों में 38 गोल किए हैं।

हरियाणवी बॉक्सर नीरज गोयत का ग्लोबल घूंसा

दुबई के मेगा इवेंट में दमदार जीत, अमेरिकी बॉक्सर एंथनी टेलर को हराया, मेन कार्ड का हिस्सा था इवेंट

करनाल (एजेंसी)। हरियाणा के बेगमपुर गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग मंच पर पहचान बना चुके भारतीय बॉक्सिंग स्टार नीरज गोयत ने दुबई में शानदार जीत दर्ज कर देश का नाम रोशन किया। 20 दिसंबर को दुबई के ड्यूटी फ्री टेनिस स्टेडियम में हुए मुकाबले में नीरज गोयत ने अमेरिकी बॉक्सर एंथनी टेलर को कड़े मुकाबले में पछाड़ दिया। यह फाइट बहुप्रतीक्षित एंड्रयू टेट बनाम चेस डीमूर मुकाबले से पहले मेन कार्ड का हिस्सा थी। अनाउंसमेंट के साथ ही इस इवेंट को दुनियाभर में जबरदस्त ध्यान मिला और बॉक्सिंग फैंस इसे लेकर बेहद उत्साहित नजर आए। मुकाबले से पहले नीरज गोयत की एंट्री ने दर्शकों का ध्यान खींच लिया। वह फ्लाइट में एंट्री से पहले झूमते हुए नजर आए और केसरिया, सफेद और हरे रंग की ड्रेस पहनकर रिंग में उतरे। तिरंगे के रंगों में सजे गोयत ने जैसे ही मुकाबला शुरू किया, उन्होंने एंथनी टेलर पर पंचों की बौछार कर दी। पूरे मुकाबले के दौरान नीरज का आत्मविश्वास और आक्रामकता साफ नजर आई। उन्होंने तकनीकी बॉक्सिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए एंथनी को संभलने का मौका नहीं दिया।

पाकिस्तान ने दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप जीता

भारत को 191 रन से हराया, वैभव 26 रन ही बना सके, समीर मिन्हास का शतक

दुबई (एजेंसी)। पाकिस्तान ने दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को खेले गए फाइनल में भारत को 191 रन से हरा दिया। दुबई के आईसीसी एकेडमी में पाकिस्तान ने समीर मिन्हास की शानदार पारी के दम पर भारत के सामने 348 रन का बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में भारतीय टीम 26.1 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ओपनर वैभव सूर्यवंशी 26 रन ही बना सके। पाकिस्तान की ओर से अली रजा ने 4 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सय्याम, हुजैफा अहसान और अब्दुल सुभान को 2-2 विकेट मिले। इससे पहले भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पाकिस्तान ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 347 रन बनाए। टीम के लिए समीर मिन्हास ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 113 गेंदों पर 172 रन की दमदार पारी खेली। अहमद हुसैन ने 56 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने 3 विकेट लिए, जबकि खिलन पटेल और हेनिल पटेल को 2-2 विकेट मिले। कनिष्क चौहान ने 1 विकेट हासिल किया।

दोनों टीमों की प्लेइंग-इलेवन

भारत- आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, आरोन जॉर्ज, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन कुमार सिंह और हेनिल पटेल।

पाकिस्तान- फरहान यूसुफ (कप्तान), समीर मिन्हास, उस्मान खान, अहमद हुसैन, हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, नकाब शफीक, मोहम्मद शायान, अली रजा, अब्दुल सुभान, मोहम्मद सय्याम।

आउट होने के बाद मैदान पर हुआ बवाल

पाक खिलाड़ी से उलझे वैभव सूर्यवंशी

दुबई (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए 19 एशिया कप फाइनल में सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि मैदान पर गर्मागर्म माहौल भी देखने को मिला। 14 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाज अली रजा के साथ उनकी नोकझोंक सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है।

तेज शुरुआत के बाद सस्ते में आउट हुए वैभव

348 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने आक्रामक अंदाज़ में पारी की शुरुआत की। उन्होंने महज़ 9 गेंदों में 24 रन बनाकर भारत को तेज शुरुआत दिलाई। पाक गेंदबाज के इशारे के बाद वैभव ने अपने जूतों के और इशारा कर दिया आ जा...।

भारत के खिलाफ समीर मिन्हास ने खेली 172 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी

दुबई (एजेंसी)।

अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज़ समीर मिन्हास ने ऐसी पारी खेली, जिसने उन्हें रातों-रात सुर्खियों में ला दिया। दुबई के आईसीसी एकेडमी ग्राउंड पर खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में मिन्हास ने भारतीय गेंदबाज़ी आक्रमण को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। 113 गेंदों में 172 रन की ऐतिहासिक पारी के साथ उन्होंने न सिर्फ फाइनल का रुख बदला, बल्कि खुद को पाकिस्तान के भविष्य के बड़े बल्लेबाज़ों में शामिल कर लिया।

- **फाइनल में भारत के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन** – रविवार, 21 दिसंबर को खेले गए फाइनल में भारत ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाज़ी का न्योता दिया। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने जल्दी पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद समीर मिन्हास ने मोर्चा संभाला और एक छोर से रन बरसाने का सिलसिला शुरू किया। उन्होंने महज़ 71 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया, जो फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में उनकी मानसिक मजबूती को दर्शाता है।
- **तेज साझेदारियां, तेज रन गति** – पहले विकेट के गिरने के बाद मिन्हास ने उस्मान खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की अहम साझेदारी की। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया और भारतीय गेंदबाज़ों पर दबाव बना दिया। उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी के दम पर पाकिस्तान ने मात्र 12.3 ओवर में 100 रन पूरे कर लिए। उस्मान के आउट होने के बाद भी मिन्हास का आक्रमण जारी रहा। अहमद हुसैन के साथ मिलकर उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 137 रनों की बड़ी साझेदारी की, जिससे पाकिस्तान एक मज़बूत स्थिति में पहुंच गया।



श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से मैच पहले जेमिमाह रोड्रिग्स बोली

बढ़ी जिम्मेदारी, बढ़ीं उम्मीदें

नईदिल्ली (एजेंसी)। रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम विश्व कप जीतने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैदान पर उतरी। इससे पहले बल्लेबाज़ जेमिमाह रोड्रिग्स ने टीम की मानसिकता को लेकर अहम बात कही है। श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज़ को लेकर जेमिमाह का मानना है कि खिताबी जीत के बाद टीम पर जिम्मेदारी कहीं ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने साफ कहा कि अब सिर्फ जीत का जश्न नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को लगातार बेहतर बनाना ही असली लक्ष्य है।

विश्व कप जीत के बाद बदला माहौल – जेमिमाह रोड्रिग्स के अनुसार, महिला विश्व कप जीत का असर सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और फैंस के बीच भी साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अब ज्यादा लोग महिला क्रिकेट को पहचान रहे हैं और इस खेल में दिलचस्पी ले रहे हैं। जेमिमाह ने इसे विश्व कप की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया, क्योंकि इससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी और महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका मिलेगा।

जीत पर गर्व, लेकिन नजर भविष्य पर

हालांकि टीम विश्व कप जीत पर गर्व महसूस कर रही है, लेकिन जेमिमाह ने साफ किया कि यह सफर की सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने कहा कि अब टीम का फोकस आगे आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स पर है, खासकर टी-20 वर्ल्ड कप पर। उनके मुताबिक, अब जिम्मेदारी ज्यादा है क्योंकि उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ एक ट्रॉफी जीतना नहीं, बल्कि अब तक की सबसे बेहतरीन भारतीय टीम बनना है।

5वें एशेज खिताब पर कब्जा जमाया

ऑस्ट्रेलिया ने लगातार

- **तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 82 रन से हराया, ऑस्ट्रेलिया 3-0 से आगे**

एडिलेड (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड ओवल में खेले गए एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली और 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया ने 8-8 विकेट से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 286 रन पर सिमट गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी में 349 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 434 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम तय स्कोर से 82 रन पहले ही आउट हो गई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू परिस्थितियों में एशेज सीरीज पर अपना दबदबा कायम रखा।

पांचवें दिन जेमी स्मिथ ने इंग्लैंड की जगाई उम्मीद

इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल छह विकेट पर 207 रन बनाकर समाप्त किया था, जिसके बाद उसकी जीत की उम्मीदें काफी धूमिल नजर आ रही थीं। हालांकि, पांचवें और आखिरी दिन जेमी स्मिथ ने 60 रन की अहम पारी खेलकर एक समय इंग्लैंड की उम्मीदें जगा दीं। जब वह आउट हुए, तब तक इंग्लैंड का स्कोर 285 रन तक पहुंच चुका था और टीम लक्ष्य के काफी करीब नजर आने लगी थी।

पीटरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम को लिया आड़े हाथ, एशेज टेस्ट हार के बाद की आलोचना

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने रविवार को एडिलेड ओवल में तीसरे टेस्ट में 82 रन की हार के बाद बेन स्टोक्स की टीम की आलोचना की है। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाकर एशेज बरकरार रखी है। पीटरसन ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि यह हार समझना मुश्किल है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास जोश हेजलवुड और स्टीव स्मिथ नहीं थे। उन्होंने लिखा, हेजलवुड नहीं थे, कमिंस, स्मिथ, लियोन वगैरह भी मुश्किल से थे, इससे यह हार समझना मुश्किल हो जाता है। आज सुबह मैंने और भी आउट होते देखे, जिससे मुझे उस पहले ट्वीट के बारे में सब कुछ पता चल गया जो मैंने लिखा था, जिसमें कहा गया था कि बल्लेबाज अब टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं। मैच की बात करें तो तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को यहां आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज करके 2 टेस्ट शेष रहते हुए एशेज बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की। इंग्लैंड ने 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 207 रन से आगे बढ़ाई।

कोलकाता इवेंट के आयोजक बोले-मेसी छूने-गले लगाने से परेशान हुए

भीड़ नियंत्रित करने की अपील बेअसर रही, प्लेयर के जल्दी निकलने से तोड़फोड़ हुई थी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में 13 दिसंबर को हुए इवेंट से लियोनेल मेसी के जल्दी चले जाने को लेकर नई बात सामने आई है। इवेंट के दौरान सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के कारण फुटबॉलर असहज हो गए, इसलिए तय वक्त से पहले ही वहां से चले गए। यह जानकारी इवेंट के मुख्य आयोजक सतादरु दत्ता ने जांच एजेंसियों को दी है। इस मामले में दत्ता को गिरफ्तार किया गया है।

मीडिया के मुताबिक एसआईटी की पूछताछ में शनिवार को दत्ता ने बताया कि विदेशी सुरक्षा एजेंसियों ने आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मेसी को छूना या गले लगाया जाना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जब प्रोग्राम में मेसी आए तो भीड़ रोकने के लिए मंच से कई बार कहा गया, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं पड़ा।

दत्ता के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान जिस तरह मेसी को चारों ओर से घेर लिया गया और लोग उन्हें गले लगाने लगे, वह पूरी तरह अस्वीकार्य था। इससे वे परेशान हुए और कार्यक्रम बीच में ही छोड़ने का फैसला लिया।

संक्षिप्त समाचार

पीएफआई के निशाने पर थे बीजेपी-आरएसएस के कुछ नेता

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 20 नेताओं और संगठन के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर दलीलें सुनीं। एनआईए ने कोर्ट को बताया कि पीएफआई, भाजपा और आरएसएस नेताओं पर हमले का प्लान बना रहा था। केंद्र सरकार ने 2022 में पीएफआई को बैन कर दिया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एनआईए के स्पेशल जज प्रशांत शर्मा की कोर्ट में बहस के दौरान कहा कि भाजपा और आरएसएस के कुछ नेता पीएफआई के निशाने पर थे। कोर्ट ने एनआईए की ओर से स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर राहुल त्यागी द्वारा दी गई दलीलें सुनीं। कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति की ओर से दलीलें सुनने के लिए इस मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को तय की है। एनआईए ने कहा कि पीएफआई दूसरे धर्मों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बना रहा था। कुछ बीजेपी और आरएसएस के नेता पीएफआई के निशाने पर थे। एनआईए के वकील राहुल त्यागी ने यह भी कहा कि पीएफआई शरिया कानून के आधार पर खिलाफत स्थापित करने के लिए काम कर रहा था। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि पीएफआई देश की एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। 2022 में देशव्यापी कार्रवाई के दौरान एनआईए ने पीएफआई के कई नेताओं को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने पीएफआई को एक प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया था। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय ने पीएफआई के नेताओं और अन्य लोगों के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था।

अब दिल्ली की ट्रिब्यूनल ने परिवार को दिया 68.74 लाख देने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के एक मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने 2022 में सड़क हादसे में मारे गए 24 साल के एक युवक के माता-पिता को मुआवजे के रूप में 68.74 लाख रुपये देने का आदेश दिया है। पीठासीन अधिकारी ऋचा मनचंदा, मृतक हर्षित वर्मा के माता-पिता की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थीं। बता दें कि यह दुर्घटना 6 मार्च 2022 को दिल्ली के बादली इलाके में रोहिणी जेल स्टाफ क्वार्टर के पास हुई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दुर्घटना के समय हर्षित वर्मा उस कार की अगली सीट पर बैठे थे, जिसे दिव्यम डबास चला रहा था। हादसे के रोज डबास गाड़ी को बहुत ही तेज और लापरवाही से चला रहा था, अचानक उसने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। 15 दिसंबर के अपने आदेश में, ट्रिब्यूनल (अदालत) ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि वर्मा की मौत इसी दुर्घटना में लगी गंभीर चोटों के कारण हुई थी। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि ड्राइवर ने खुद गवाह के तौर पर पेश होकर हादसे की परिस्थितियों को समझाने से इनकार कर दिया। इस पर अदालत ने कहा, इसलिए, ड्राइवर के खिलाफ यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि संबंधित दुर्घटना गाड़ी को तेज़ और लापरवाही से चलाने के कारण ही हुई थी। अदालत (ट्रिब्यूनल) ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी भरोसा किया, जिसमें मौत का कारण दुर्घटना से लगी चोटों को बताया गया था। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि मौत के समय मृतक की उम्र केवल 25 वर्ष थी और वह एक निजी कंपनी में सीनियर एनालिस्ट (वरिष्ठ विश्लेषक) के रूप में काम कर रहा था। यह देखते हुए कि उसके माता-पिता पूरी तरह से उसी पर निर्भर थे और वह परिवार में अकेला कमाने वाला था, ट्रिब्यूनल ने विभिन्न श्रेणियों के तहत उन्हें कुल 68.74 लाख रुपये का मुआवजा दिया। अदालत ने कार का बीमा करने वाली कंपनी, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, को मुआवजे की यह राशि जमा करने का निर्देश दिया है।

ठंड-पलूशन का कॉकटेल बढ़ा रहा दिल्लीवालों का ब्लड प्रेशर

ओपीडी में बढ़े मरीज, ब्लड प्रेशर इतना ज्यादा है कि उसे मेडिकल इमरजेंसी की श्रेणी में रखा जा सकता है

नई दिल्ली, एजेंसी। जिसे बहुत से लोग मौसम की मामूली बेचैनी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, वह चुपचाप दिल के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। शहर के अस्पतालों के डॉक्टरों का कहना है कि सर्दी और बढ़ते वायु प्रदूषण के मेल से ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) खतरनाक स्तर तक बढ़ रहा है। ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है जिनका ब्लड प्रेशर इतना ज्यादा है कि उसे मेडिकल इमरजेंसी की श्रेणी में रखा जा सकता है।

टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी रिपोर्ट के अनुसार, मैक्स अस्पताल, साकेत में इंटरनल मेडिसिन के डायरेक्टर डॉ. रोमेल टिक्कू ने बताया कि पिछले 10 दिनों से वे हर दिन कम से कम तीन से चार ऐसे मरीज देख रहे हैं जिनका ब्लड प्रेशर बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा, इनमें से ज्यादातर मरीज पहले से ही स्टेज 2 हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप की दूसरी अवस्था) में हैं, और कई तो हाइपरटेंसिव क्राइसिस (बेहद गंभीर स्थिति) के साथ अस्पताल आ रहे हैं।

डॉ. टिक्कू ने बताया कि अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के दिशा-निर्देशों के अनुसार ब्लड प्रेशर को अलग-अलग चरणों में बांटा गया है। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 एमएमएचजी से कम होता है। यदि ऊपर वाला नंबर (सिस्टोलिक) 120 से 129 के बीच और नीचे वाला (डायस्टोलिक) 80 से कम हो, तो इसे बढ़ा हुआ माना जाता है और यह जीवनशैली में सुधार का संकेत है। स्टेज 1 हाइपरटेंशन तब होता है जब रीडिंग 130-139 या 80-89 के बीच हो, जबकि स्टेज 2 की शुरुआत 140/90 एमएमएचजी द या

उससे ऊपर से होती है, जिसमें तुरंत इलाज की ज़रूरत पड़ती है। उन्होंने आगे कहा, हाइपरटेंसिव क्राइसिस तब होता है जब ब्लड प्रेशर 180 और/या 120 को पार कर जाए। यह एक आपातकालीन स्थिति है जिसमें तुरंत डॉक्टर की मदद लेनी चाहिए। डॉ. टिक्कू ने आगे बताया कि सर्दियों का प्रदूषण स्थिति को और भी गंभीर बना रहा है। उन्होंने कहा, प्रदूषण रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और शरीर में सूजन पैदा करता है। इससे ब्लड प्रेशर बहुत कम समय में बढ़ सकता है और यहां तक कि ब्लड प्रेशर की दवाइयों का असर भी कम हो सकता है। उन्होंने सलाह दी कि, ठंडा मौसम और प्रदूषण चुपचाप ब्लड प्रेशर बढ़ा सकते हैं। नियमित जांच, शरीर को गर्म रखना और समय पर दवाइयां लेना ही गंभीर समस्याओं से बचा सकता है। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सुरनजीत चटर्जी ने कहा कि ओपीडी (ह्रक्ष्ट) में हर साल सर्दियों के दौरान ब्लड प्रेशर बढ़ने का एक जैसा ही पैटर्न देखा जाता है। उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे नए मरीज भी आ रहे हैं जिन्हें पहली बार हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हुई है, और वे मरीज भी आ रहे हैं जिनका ब्लड प्रेशर पहले कंट्रोल में था लेकिन अब बढ़ गया है, भले ही वे वही पुरानी दवाइयां ले रहे हों। यह दर्शाता है कि ब्लड प्रेशर बढ़ने का मौसम से गहरा संबंध है।

डॉ. चटर्जी ने बताया कि यह समस्या बुजुर्गों, लंबे समय से हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों और मधुमेह (डायबिटीज) या किडनी की बीमारी से जूझ रहे लोगों में ज्यादा देखी जा रही है। उन्होंने कहा, ठंड की वजह से रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं जिससे खून के बहाव में रुकावट आती है और दिल को काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। साथ ही, ठंड हमारे नर्वस सिस्टम को भी प्रभावित करती है, जिससे एड्रेनालिन जैसे स्ट्रेस हार्मोन बढ़ जाते हैं और ब्लड प्रेशर और ऊपर चला जाता है।

पैसे लेकर कैदी से मिलवाते; तिहाड़ जेल में वसूली गैंग एक्टिव

दिल्ली पुलिस ने किया भंडाफोड़?

नई दिल्ली, एजेंसी। पैसे दो और तिहाड़ जेल में कैदी से मिलो, यह सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन दिल्ली के तिहाड़ जेल में कैदियों के रिश्तेदारों से उन उन मुलाकातों के लिए पैसे वसूले जा रहे थे जो कानूनी रूप से पूरी तरह मुफ्त होती हैं। इस गिरोह का भंडाफोड़ तब हुआ जब एक कैदी ने जेल प्रशासन को सतर्क किया, जिसके बाद कई डेटा एंट्री ऑपरेटरों का तबादला (ट्रांसफर) कर दिया गया। जेल सूत्रों के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब तिहाड़ की इंटेलिजेंस विंग को सूचना मिली कि एक कैदी के रिश्तेदार से मुलाकात बुक करने के लिए पैसे लिए गए हैं, जबकि इस तरह की मुलाकातों के लिए कोई शुल्क नहीं लगता है।

टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती जांच के दौरान, जेल अधिकारियों ने कैदी के रिश्तेदार से बुकिंग का पूरा विवरण इकट्ठा किया। इसमें यह पाया गया कि मुलाकात या मीटिंग का इंतजाम एक फोन कॉल के जरिए किया गया था। इस आरोप की सच्चाई जानने और इस गड़बड़ी की गहराई का पता लगाने के लिए, इंटेलिजेंस विंग के अधिकारियों ने खुद कैदियों के रिश्तेदार बनकर उस फोन नंबर पर कॉल किया, जिसका इस्तेमाल बुकिंग के लिए किया जा रहा था। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर मुलाकात का इंतजाम करने के बदले में पैसों

की मांग की। इस्तेमाल होने वाले लॉगिन क्रेडेंशियल (यूज़र आईडी और पासवर्ड) की पहुंच थी। बुकिंग सिस्टम तक पहुंचने और कैदियों व उनके रिश्तेदारों के बीच मुलाकात का समय तय करने के लिए इन क्रेडेंशियल की जरूरत होती है। हालांकि, अभी तक उस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है जिसके क्रेडेंशियल का गलत इस्तेमाल किया गया था, लेकिन जेल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर 20-25 डेटा एंट्री ऑपरेटरों का तबादला कर दिया है ताकि जांच चलने तक इसका और दुरुपयोग न हो सके। एक जेल अधिकारी ने बताया कि रिश्तेदार फोन कॉल के जरिए मुलाकात बुक कर सकते हैं, जिसे टेली-बुकिंग कहा जाता है, और इसके लिए एक टोल-फ्री नंबर दिया गया है। सेंट्रल पब्लिक रिलेशंस ऑफिस में तैनात डेटा एंट्री ऑपरेटर नेशनल प्रजन्स इंफॉर्मेशन पोर्टल पर लॉगिन करके इन बुकिंग अनुरोधों को संभालते हैं। वे कैदियों के रिश्तेदारों का विवरण दर्ज करते हैं और शारीरिक रूप से मिलने या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करने के लिए एक खास तारीख और समय तय करते हैं। अधिकारियों का मानना है कि जेल के बाहर सक्रिय दलालों ने सिस्टम की खामियों का फायदा उठाया। बताया जा रहा है कि जेल परिसर के बाहर घर बैठे बुकिंग के विज्ञापन वाले बोर्ड लगाए गए थे, जिनमें फोन कॉल के जरिए मुलाकात कराने का वादा किया गया था। बाद में इन बोर्डों को हटा दिया गया। अब इस बात की जांच की जा रही है कि यह गिरोह कितने समय से चल रहा था। एक जेल अधिकारी ने कहा, इंटेलिजेंस विंग के कर्मचारियों की मेहनत की वजह से ही इस गलत काम को रोका जा सका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल 1 जनवरी से 20 दिसंबर तक जेलों में कुल 64,017 मुलाकातें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुईं, जबकि 4,02,310 मुलाकातें व्यक्तिगत रूप से (आमने-सामने) की गईं। जेल के आईटी विभाग को निर्देश दिया गया है कि वह लॉगिन आईडी और पासवर्ड के साथ बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (जैसे फिंगरप्रिंट) की सुविधा शुरू करे ताकि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति सिस्टम का इस्तेमाल न कर सके।

दिल्ली के अली गांव में यूपी सरकार का ऐक्शन

सील कर दिए 300 घर

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण दिल्ली की ओखला विधानसभा क्षेत्र के अली गांव में 15 दिसंबर को उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने दिल्ली पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर सीलिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई अदालत के निर्देश पर सिंचाई विभाग की जमीन पर कथित अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गई। इस दौरान 300 से ज्यादा अवैध अतिक्रमण को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई से पहले अधिकांश घरों को कोई नोटिस नहीं दिया गया। कॉलोनी के लोगों के मुताबिक मुख्य सड़क पर स्थित कुछ दुकानों को ही नोटिस मिला था, जबकि रिहायशी मकानों को बिना किसी पूर्व सूचना के सील कर दिया गया। इस दौरान करीब 300 रिहायशी मकान और कई दुकानें सील कर दी गईं। लक्ष्क्क 4 लागू होने के कारण बुलडोजर से तोड़फोड़ नहीं की गई, लेकिन प्रशासन ने मकानों को सील करने का रास्ता अपनाया। कार्रवाई के दौरान बिजली और पानी के कनेक्शन भी काट दिए गए, जिससे सैकड़ों परिवार अंधेरे और बिना पीने के पानी के रह गए। सीलिंग के बाद हालात और भी गंभीर हो गए। घरों पर ताले लगने से सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं और उन्हें किसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं दी गई। मजबूरन लोग अपने ही सील किए गए घरों के बाहर दिसंबर की कड़ाके की ठंड में तिरपाल और अस्थायी टेंट लगाकर रहने को मजबूर हैं। इस मानवीय संकट के बीच सबसे ज्यादा परेशान हालात महिलाओं और बच्चों के हैं। एक महिला, जिसके बच्चे को जन्म लिए महज नौ दिन हुए हैं, खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है। गर्भवती महिलाएं भी बिना किसी चिकित्सीय सुविधा, भोजन और सुरक्षा के ठंड में रात काट रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक किसी भी सरकारी एजेंसी ने न तो शेल्टर की व्यवस्था की है, न भोजन, पानी या स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

बांग्लादेशी पत्रकार का युनुस सरकार पर कड़ा प्रहार: दुनिया में बदनाम हो गया देश

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश के वरिष्ठ पत्रकार और ढाका ट्रिब्यून के संपादक रियाज़ अहमद ने इंक़िलाब मंच के नेता उस्मान हादी की मौत के बाद भड़की हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस अशांति ने देश में कानून-व्यवस्था और सरकार की गंभीर नाकामी को उजागर कर दिया है और आगामी आम चुनावों से पहले बांग्लादेश ने एक बेहद गलत उदाहरण पेश किया है। रियाज़ अहमद ने कहा कि हादी की हत्या के बाद जनता का गुस्सा और दुख स्वाभाविक था, लेकिन इसी भावनात्मक माहौल का फायदा उठाकर कुछ कट्टर और हाशिए के तत्वों ने हालात को हिंसक बना दिया। उन्होंने कहा,÷इसे बहाना बनाकर भीड़ के भीतर मौजूद कुछ तत्व बेहद हिंसक हो गए। राज्य को ऐसी हिंसा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करनी चाहिए।उस्मान हादी, जो पिछले साल जुलाई में हुए जन-आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल थे, को 12 दिसंबर को ढाका के विजयनगर इलाके में रिक्शा से जाते समय करीब से गोली मार दी गई।गोली उनके सिर में लगी। गंभीर हालत में उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिंगापुर एयरलिफ्ट किया गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद 18 दिसंबर को उनकी मौत हो गई।उस्मान हादी का जनाज़ा शनिवार को हुआ। परिवार की इच्छा के अनुसार उन्हें राष्ट्रीय कवि काज़ी नजरुल इस्लाम की कब्र के पास दफनाया गया। हादी की मौत के बाद ढाका समेत कई इलाकों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए।शुक्रवार को, जब हादी का शव ढाका लाया गया, तब कई दौर के विरोध प्रदर्शन हुए।हालांकि कई प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे।

मुनीर के गले की फांस बनी अमेरिका की दोस्ती, गाजा में सेना भेजने का प्रेशर; अपने ही जाल में कैसे फंसा पाकिस्तान

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान इस समय अमेरिका से दोस्ती मजूबत करने की कोशिश में लगा हुआ है। इस बीच अमेरिका पाकिस्तान पर गाजा में शांति सेना भेजने का दबाव बना रहा है। जिसको लेकर असीम मुनीर मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गाजा शांति समझौते को लेकर एक ऐसा बयान दिया है, जिससे पाकिस्तान में सत्ता हिल रही है। उन्होंने पाकिस्तान की गाजा स्टेबिलाइजेशन फोर्स में शामिल होने की पेशकश या विचार करने के लिए आभार जताया। मार्को रुबियो ने कहा कि हम पाकिस्तान के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने इसका हिस्सा बनने का प्रस्ताव दिया है या कम से कम इसका हिस्सा बनने पर विचार करने को कहा है। बता दें कि मार्को रुबियो ट्रंप के गाजा पीस प्लान के तहत पाकिस्तानी सेना को गाजा भेजने की बात कर रहे थे। लेकिन पाकिस्तानी सेना इस मुद्दे पर बंटी हुई दिखाई दे रही है। फील्ड मार्शल असीम मुनीर के खिलाफ पाकिस्तान के लोग सड़कों पर उतर आए। राजनीतिक दलों और खासकर मुनीर को इतना

ताकतवर बनाने वाली सरकार भी इससे सहमत नहीं है। ऐसे में असीम मुनीर मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बयान के बाद पाकिस्तान में ऐसी खबरें फैलने लगीं कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर निकट भविष्य में वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं। इसके बाद से पाकिस्तान की जनता, मीडिया, सेना, सरकार और अन्य राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं।

हमारा काम नहीं...-बढ़ता विवाद देख शनिवार को पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान को सैन्यकर्मी भेजने के लिए नहीं कहा गया है और न ही देश ने अभी तक कोई निर्णय लिया है। इससे पहले, विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा था कि जब तक आईएसएफ के कार्यक्षेत्र स्पष्ट नहीं हो जाते, पाकिस्तान कोई निर्णय नहीं ले सकता और साथ ही यह भी कहा था कि हमास को निरस्त्र करना हमारा काम नहीं है। मुस्लिम देश को फिलिस्तीनी समूहों से नहीं लड़ना चाहिए पाकिस्तानियों की मानें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की योजना मुस्लिम देशों को हमास और अन्य प्रतिरोधक समूहों के साथ टकराव के रास्ते पर धकेलने का है। पाकिस्तानी अखबार द डॉन ने अपने संपादकीय में लिखा है, अमेरिका वह करने की कोशिश कर रहा है, जो इजरायल करने में विफल रहा। हमारा मानना है कि किसी भी मुस्लिम देश को फिलिस्तीनी समूहों से नहीं लड़ना चाहिए।

मंच पर पत्रकार से भिड़े बाबा रामदेव

नई दिल्ली, एजेंसी। कभी योग, कभी राजनीति और अब कुश्तीज्बाबा रामदेव एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। इस बार वजह कोई बयान नहीं, बल्कि मंच पर हुआ एक अनोखा कुश्ती मुकाबला, जिसमें उनके सामने खड़े थे एक पत्रकार और कहानी यहीं पलट जाती है। एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में शनिवार को योग गुरु रामदेव ने मंच पर मौजूद संपादक को कुश्ती की चुनौती दे दी। 59 साल के बाबा रामदेव पूरे आत्मविश्वास के साथ भिड़ने पहुंचे, लेकिन उन्हें शायद अंदाजा नहीं था कि सामने खड़ा शख्स कोई आम पत्रकार नहीं, बल्कि पहलवानी विरासत से जुड़ा नाम है। मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी जयदीप कार्णिक कुश्ती के मजबूत पारिवारिक बैकग्राउंड से आते हैं। उनके पिता सुभाष कार्णिक न सिर्फ जाने-माने पहलवान रहे, बल्कि मध्य प्रदेश के सबसे सम्मानित कुश्ती लेखकों में शुमार थे। वहीं दादा रंगनाथ कार्णिक अपने दौर के दिग्गज पहलवान माने जाते थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखता है कि बाबा रामदेव पूरी ताकत के साथ दांव आजमाते हैं, लेकिन जयदीप कार्णिक बेहद फुर्ती से उनके दांव को काटते नजर आते हैं। एक मौके पर रामदेव ने पत्रकार को जमीन पर गिरा भी दिया।

ब्रिटेन में अंग्रेज़ी कक्षाएं निशाने पर, प्रवासियों के खिलाफ प्रदर्शन! ईएसओएल को बताया 'बच्चों के लिए खतरा'

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में प्रवासियों को अंग्रेज़ी सिखाने वाली ईएसओएल कक्षाएं अब खुले तौर पर एंटी-इमिग्रेशन समूहों के निशाने पर आ गई हैं। शरणार्थी होटलों के बाहर हुए विरोध प्रदर्शनों के सुर्खियों से हटते ही, इन समूहों ने अब स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में चल रही अंग्रेज़ी कक्षाओं को नया लक्ष्य बना लिया है।24 नवंबर को ग्लासगो के एक प्राथमिक स्कूल के बाहर ईएसओएल कक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया गया। यह कक्षा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए आयोजित की जा रही थी। इस प्रदर्शन को व्यापक प्रचार मिला एक स्वयंभू निगरानी समूह के जरिए, जो खुद को पीडोफाइल हंटर

बताता है। इससे पहले इसी समूह ने रेनफ्रू में एक प्राथमिक स्कूल के पास चल रही ईएसओएल कक्षा के खिलाफ ऑनलाइन शिकायतें फैलाई थीं, जिसके बाद रेनफ्रूशायर काउंसिल ने वहां की कक्षाएं बंद कर दीं। ग्लासगो सिटी काउंसिल ने इस पूरे मामले पर सख्त प्रतिक्रया दी। डालमारनॉक प्राइमरी स्कूल में हुए विरोध के बाद परिषद ने बयान जारी कर कहा कि वह किसी भी तरह के नस्लवाद या कट्टरता को बर्दाश्त नहीं करेगी। काउंसिल ने इन अभियानों को भ्रमित और ज़हरीला करार देते हुए कहा कि स्कूलों में बाहरी निगरानी समूहों का आना, डर फैलाना और हिंसा भड़काना पूरी तरह अस्वीकार्य है। इसी महीने ग्रेटर लिंकनशायर की रिफॉर्म पार्टी मेयर एंड्रिया जेनकिंस को ईएसओएल फंडिंग वापस लेने की योजना के लिए कानूनी मंजूरी मिल गई। उन्होंने कहा कि वह यह बजट लिंकनशायर के लोगों पर खर्च करना चाहती हैं। इससे देशभर में भाषा शिक्षा के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले डेढ़ दशक से ईएसओएल शिक्षा प्रवासन बहस का राजनीतिक हथियार बनती जा रही है।

17 साल की सज़ा के बाद भड़के इमरान: बोले-किसी कीमत पर माफी नहीं मांगूंगा

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तोशाखाना-भ्रष्टाचार मामले में खुद और पत्नी बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा सुनाए जाने के बाद देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने इस फैसले को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देने का ऐलान किया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, जेल में बंद इमरान खान ने यह संदेश अपने कानूनी सलाहकारों के माध्यम से बाहर भेजा। सोशल मीडिया तक पहुंच न होने के कारण, उनके वकील ने एक्स पर बातचीत का विवरण साझा किया। इमरान खान ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को निर्देश दिया है कि वह जन आंदोलन की तैयारी शुरू करें। पूरे देश को अपने अधिकारों के लिए उठ खड़ा होना होगा।इमरान खान ने कहा कि यह फैसला उनके लिए कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जज ने बिना सबूत, बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए और बचाव पक्ष को सुने बिना जल्दबाज़ी में फैसला सुनाया। उन्होंने कहा, पिछले तीन वर्षों के निराधार फैसलों की तरह यह फैसला भी राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने आधिकारिक बयान में इस फैसले को असंवैधानिक, अवैध, दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक बदले की सबसे घिनौनी मिसाल करार दिया।

प्रेम यादव हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झरिया थानांतर्गत कतरास मोड़ के समीप मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधियों ने पिछले दिनों गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी थी। धनबाद पुलिस ने न सिर्फ कांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है, बल्कि हत्या में प्रयुक्त कट्टा, बाइक और घटना के समय पहना हुआ कपड़ा भी बरामद कर लिया है।

इस संबंध में रविवार को एक प्रेस वार्ता कर धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बीते 18 नवंबर को झरिया के कतरास मोड़ पर बाइक सवार अपराधियों द्वारा प्रेम यादव को गोली मारकर की गई हत्या मामले में मृतक के पिता द्वारा झरिया थाना में मामला दर्ज कराने के बाद वरीय पुलिस अध्क्षक के द्वारा इस मामले में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने अनुसंधान के क्रम में कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों रोहित कुमार सिंह और कुनाल कुमार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से एवं एक अन्य अभियुक्त आकाश गोप को बिहार के वैशाली से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार हुए इन अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने कांड में प्रयुक्त किया गया पिस्टल, एक देशी कट्टा, मोटरसाइकिल और घटना के समय पहना हुआ कपड़ा, एक मैगजीन और 03 जिंदा गोली बरामद किया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनो अभियुक्तों का पूर्व से ही आपराधिक इतिहास रहा है। तीनों अभियुक्त पूर्व में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट के मामले में जेल की हवा भी खा चुके है।

सिटी एसपी ने बताया कि उक्त घटना का मूल कारण मृतक एवं अभियुक्तों के बीच पूर्व का विवाद था। उन्होंने बताया कि कांड के उद्भेदन में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके अच्छे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

किशोरी फुटबॉल मैच के माध्यम से बाल विवाह पर रोक का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बाल समृद्धि परियोजना के तहत गोमिया प्रखंड के सियारी पंचायत में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकबकीय जा रहा है। इस कड़ी में दवार मैदान में किशोरियों का फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। पंच सूत्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के निदेशक गुलाब चंद ने कहा कि खेल के माध्यम से किशोरियों का नेतृत्व क्षमता का विकास का प्रयास चल रहा है ।उन्होंने बताया कि उरी तथा सारथी नेटवर्क के सहयोग से गोमिया प्रखंड में जलवायु परिवर्तन तथा बाल विवाह, बल हिंसा रोक से संबंधित जागरूकता का कार्य किया जाता है । इसके तहत आज फुटबॉल खेल का आयोजन किशोरियों के बीच किया गया है।

इस दौरान सहयोगिनी के निर्देशक गौतम सागर ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार के द्वारा 100 दिन का अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत संस्था के द्वारा बोकारो जिले के विभिन्न स्थानों में बाल विवाह मुक्त करने के लिए विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान सियारी पंचायत के मुखिया रामकृष्ण मुर्मू ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में बाल विवाह तथा बच्चों के अधिकार को लेकर सघन रूप से कार्य किया जा रहा है। तथा संस्था के साथ मिलकर के पूरे प्रखंड के साथ पंचायत को भी बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है। करीखुर्द पंचायत के मुखिया सोनाराम मुर्मू ने कहा कि सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

जिससे महिलाओं तथा किशोरियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस दौरान जन विकास केंद्र के नरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि गोमिया क्षेत्र में महिलाओं तथा किशोरियों के बीच ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम किए जाने की जरूरत है। जिससे महिलाओं तथा बच्चों के बीच होने वाले हिंसा को रोका जा सके ।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान का काफी प्रभाव पड़ा है। फुटबॉल खेल में एक गोल से उदा गांव की किशोरी क्लब ने दवार किशोरी क्लब को हरा दिया। सफरोज अंसारी ने रेफरी की भूमिका निभाई इस दौरान छोटेलाल टुडू ,रूपलाल मांझी, बाबू दास मुर्मू अरविंद टुडू, विनोद कुमार यादव ,सोनी कुमारी, प्रीतम सागर, नेहा पूजा उर्मिला कुमारी आदि उपस्थित थे।

महिलाओं को ठगने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। एसपी के निर्देश पर सेक्टर 4 थाना पुलिस ने सरकारी अधिकारी बता कर शादीशुदा और लड़कियों को प्यार के झांसे में फंसा कर जेवरात और पैसे की ठगी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। ठग पटना के फतुहा का रहने वाला है। उसका नाम संकल्प कुमार उर्फ गोलू है। पुलिस ने ठगे गए जेवर को गलाने वाले कुरथा फतुहा स्थित शशि ज्वेलर्स के मालिक सूर्यकांत सोनी को गिरफ्तार किया है। जिसने जेवरात को गला कर सोने का छोटा सिक्का बना दिया था।बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बियाडा कॉलोनी की रहने वाली शादीशुदा महिला अंजली सिन्हा को संकल्प कुमार उर्फ गोलू से सोशल मीडिया के जरिए जान पहचान हुई। आरोपी संकल्प ने पहले उसे बैंक अधिकारी बताकर उसकी प्यार के जाल में फसाया और शादी करने की बात कही। संकल्प ने अंजलि को कहा कि वह अपने गहने बैंक लॉकर में रख दे। अंजलि ने उसे विश्वास में आकर गहने बैंक में रखने के लिए दे दिया। उसके बाद मौके से वह जेवर लेकर फरार हो गया और अपना मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिया। इस मामले को लेकर सेक्टर चार प्राथमिक की दर्ज की गई। जांच के बाद उसे पटना के फतुहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त इस तरह के कई मामलों में आरोपी है सरकारी अधिकारी बनकर महिला और लड़कियों को शादी का लालच देकर फसता था और खाने जेवरात लेकर फरार हो जाता था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 1 लाख 75000 हजार नकद और 22 ग्राम सोना भी बरामद किया गया है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ नगर सेवा भवन पर प्रदर्शन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ का नगर सेवा भवन बोकारो पर प्रदर्शन सोमवार 22 दिसंबर को होगा। इसकी तैयारी बैठक रविवार को स्थानीय मजदूर मैदान सेक्टर चार में हुई।

बोकारो इस्पात प्रबंधन के संपदा न्यायालय के अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ की बैठक स्थानीय सेक्टर पांच में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने की।

बैठक में अभियान की विभिन्न सेक्टरों हुई सफल तैयारी पर संतोष व्यक्त किया गया। महासंघ के संरक्षक राकेश ने बताया कि प्रदर्शन को सफल बनाने झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ के लिए बोकारो इस्पात नगर के सभी झुग्गी कॉलोनी निवासियों और फुटपाथ दुकानदारों के साथ बैठक कर संगठित किया गया है। उन्होंने सभी बोकारोवासियों से कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की। कहा कि सेल प्रबंधन के संपदा न्यायालय द्वारा हवाई अड्डा और सिटी सेंटर सेक्टर चार सहित पूरे बोकारो में

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत लगभग 250 दुकानों और झुग्गियों को तोड़ दिया गया है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिन दुकानदारों, मीट दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गयी हैं या जिन्होंने स्वयं ही व्यवसाय बंद कर दिया है, उन्हें पुनर्वासित करना जिला प्रशासन और सेल प्रबंधन की नैतिक जिम्मेवारी है।

उन्होंने कहा कि पूरे बोकारो में उजड़ने की तलवार लटक रही है। इसीलिए सबको साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन में शामिल होना होगा।

बैठक में महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष संजय रजक, सुधीर कुमार, विजय ठाकुर, रघुनंदन वर्णवाल, ददन प्रसाद, गोविंद जायसवाल, प्रदीप कुमार प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

थैली में नवजात का शव ले जाने के मामले में भाजपा उग्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चाईबासा । झारखंड के नोवामुंडी प्रखंड के बालजोड़ी गांव में चार माह की मासूम बच्ची की मौत के बाद शव वाहन नहीं मिलने की अमानवीय घटना ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बच्ची के आदिवासी पिता को मजबूरन अपनी मृत बेटी का शव थैली में रखकर बस से गांव ले जाना पड़ा।

इस घटना के विरोध में सदर अस्पताल परिसर में भाजपा के जिला अध्यक्ष संजय पांडे के नेतृत्व में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने हेमंत सरकार, जिला प्रशासन और सदर अस्पताल प्रबंधन पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी हितों की बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आदिवासी परिवारों को इलाज के बाद अपने मृत परिजनों को सम्मानपूर्वक घर ले जाने के लिए शव वाहन तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने इस घटना को सरकार और स्वास्थ्य विभाग की विफलता बताया।

गीता कोड़ा ने बताया कि डीटीओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 40 एंबुलेंस और दो शव वाहन उपलब्ध हैं, जबकि सदर अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि उसके पास केवल 20 एंबुलेंस हैं और पूरे जिले के लिए प्रभावी रूप से सिर्फ एक शव वाहन ही संचालित हो रहा है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब कागजों में संसाधन उपलब्ध हैं, तो जरूरतमंद मरीजों और मृतकों के परिजनों को यह सुविधाएं क्यों नहीं मिल पा रही हैं। पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि हाल ही में राज्य सरकार द्वारा सभी अस्पतालों के लिए फंड जारी किया गया है, इसके बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

यह स्थिति गंभीर भ्रष्टाचार, लापरवाही और विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

लोगों के लिए खुल गया वंडर ब्लुम फ्लावर एंड एडवेंचर पार्क

धनबाद। रविवार को बिरसा मुण्डा मुण्डा पार्क पार्क में शहर वासियो के लिए वंडर ब्लुम फ्लावर एंड एडवेंचर पार्क का उद्घाटन पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के द्वारा किया गया।इस पार्क का मुख्य आकर्षण फ्लावर पार्क, नाईट लाइट पार्क, बर्ड पार्क, जिप लाईन, रोप वे, क्रिकेट, बुल राईड, फिश स्पो जैसे आधुनिक रोमांचक सुविधाए है। इस पार्क के संचालक रवि कुमार ने बताया कि ये सभी आकर्षण खास तौर पर युवाओं और बच्चों को ध्यान मे रखकर तैयार कियागया है।पार्क प्रबंधक ने बताया कि यह स्थल परिवार के लिए घुमने फिरने और मनोरंजन का नया केन्द्र बनेगा।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में विधायक राज सिन्हा, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा,नीलम मिश्रा, राज आनंद सिंह, एसडीओ राजेश कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार सिंह, प्रदिप साव, विजय कुमार, राहुल कुमार समेत अन्य लोगों उपस्थित थे।

कुशवाहा अभियंता फोरम का मिलन समारोह, समाज के विकास का संकल्प

बोकारो। कुशवाहा अभियंता फोरम बोकारो द्वारा आयोजित वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का सिटी पार्क बोकारो में संपन्न हुआ। इस समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अभियंता भागवत प्रसाद कुशवाहा ने किया, संगठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महासचिव सुजीत कुमार ने फोरम द्वारा निर्धन छात्रों की छात्रवृत्ति, संस्था का लेखा जोखा सहित अन्य समाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर माधव शरण सिंह, लालजी सिंह, आरबी सिंह, डीडी सिंह, एसपी सिंह, गुलाबचंद सिंह, एके वर्मा, अनिल कुमार सिंह आदि लोगों ने आगामी वर्ष के योजना एवं कार्यक्रमों पर अपने-अपने विचार रखें। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन का संचालन सत्य प्रकाश द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में रस्सी कूद, चित्रकला प्रतियोगिता, सुई धागा रेस, स्पीकिंग रेस, लेमन रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में आरती कुमारी, नेहा कुमारी, रीना कुमारी, अनीता सिंह, ज्योति माला, विद्या कुमारी, लता कुमारी, श्रेया कुमारी, रवि कुमारी, समृद्धि कुशवाहा, कार्तिका कुशवाहा, ऋषभ राज, सूर्य सिंह, भाविक राज, शाश्वत सम्राट, सत्य प्रकाश, बलदेव कुशवाहा, राजेश रोशन आदि विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कफ सीरप से बच्ची की मौत होने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोडरमा। खांसी का सीरप पीने से कोडरमा में डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत का एक मामला सामने आया है। मृत बच्ची की पहचान रवि भुइयां की पुत्री रागिनी कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग डेढ़ साल बताई जा रही है।इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हालांकि, पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत की है और न ही बच्ची के शव का पोस्टमार्टम ही कराया। कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई भुइयां टोला की रहने वाली बच्ची की मां ने बताया कि पिछले दो दिनों से रागिनी को खांसी की शिकायत थी। इसके बाद उन्होंने दूधीमाटी चौक के समीप स्थित मेडिकल दुकान से जाकर दवा देने को कहा।

इसके बाद बच्ची की खांसी को देखते हुए दुकानदार ने खांसी का सीरप टिक्सीलिक्स दिया था। गुरुवार शाम सीरप का सेवन करने के कुछ समय बाद ही बच्ची की तबीयत अधिक बिगड़ने लगी। वे तत्काल बच्ची को कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, बच्ची के स्वजन ने कफ सीरप पीने के बाद तबीयत अधिक बिगड़ने की बात कही थी। उनसे शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।इसके बाद वे बच्ची का शव लेकर चले गए। वहीं, इस घटना को लेकर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने घटना को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर को जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दे दिया है।

आज भी ग्रामीण इलाकों में तबीयत खराब होने पर लोग डॉक्टर से परामर्श लेने के बजाय सीधे दवा दुकानों से दवा खरीद लेते हैं। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग इलाज के खर्च से बचने के लिए दुकानदार को अपने लक्षण बता देता है और उसी आधार पर दवा ले लेता है।

सांसद खेल महोत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

धनबाद। बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स धनबाद में खेल महोत्सव के फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरा एवं अंतिम दिन रविवार को मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने किक मारकर मैच शुरू किया। फाइनल मैच बिरसा मुंडा क्लब धनबाद और सरना एफ सी के बीच में हुआ। बिरसा मुंडा क्लब टाई ब्रेकर में 6-5 से सरना एफ सी क्लब को पराजित कर टूनामेंट का विजेता बना। धनबाद जिला फुटबॉल संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मो.सलाउद्दीन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, खेल प्रभारी सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, कैलाश कुमार गुप्ता, संदीप शर्मा ने सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। मंच संचालन शशि प्रकाश ने किया। निर्णायक की भूमिका सरकार मरांडी, सनाउल्लाह अंसारी, संतोष रजक, दिलीप महतो ने निभाया। इस अवसर पर सुनील चौधरी, देवाशीष पाल, सुरेश दास, राजीव शर्मा, सुनील गुप्ता, विजय शर्मा, दुर्गा सिंह, भोला पांडे, सरोज शुक्ला, जगतु गोप, राजेश सिंह, संजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

भारतीय राजपूताना सेवा संगठन की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। लुबी सर्कुलर रोड स्थित विवाह भवन में भारतीय राजपूताना सेवा संगठन की बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह सिकरवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर धनबाद के भारी मात्रा में क्षत्रिय और छात्रानी उपस्थित हुए और सभा में अपनी बातों को रखा ।सभा में मुख्य अतिथि सिकरवार ने कहा कि राजपूत समाज में रहकर राजपूत का सबसे पहले सेवा करना है और जो आर्थिक रूप से कमजोर राजपूत है। उनको हर हाल में हम सभी को मिलकर देखना है और वैसा कोई भी काम जो उनसे नहीं हो पा रहा है। हम सभी को मिलकर करना होगा तभी असली सेवा होगा। इस संगठन के द्वारा कई राज्यों में लड़कियों की शादी कराई गई बहुत सारे समस्याओं को सुलझाया गया है उन्होंने कुछ राज्यों का उदाहरण भी लोगों के समक्ष रखा ।उन्होंने विशेष आग्रह किया की धनबाद में भी हमारे जाति के बहुत सारे लोग हैं केवल सभी को संगठित करने की जरूरत है और एक छतरी के नीचे लाकर सभी को इकट्ठा करना है हम सबसे मजबूत हैं हमको कोई भी ताकत हिला नहीं सकती है और अंत में उन्होंने कहा कि हर हाल में क्षत्रिय को एकता बनाकर रखना होगा। इस सभा की अध्यक्षता श्री गजेंद्र सिंह ने किया और संचालन अशोक सिंह ने किया।इस सभा को मुख्य रूप से संबोधित करने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह उदय प्रताप सिंह मुकेश सिंह अरुण कुमार सिंह शारदा सिंह अनंतनाथ सिंह, के अलावे कई लोगों ने अपनी बातों को रखा इस सभा में भारी संख्या में क्षत्रिय परिवार से लोग शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता गजेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह ब्रह्मदेव सिंह अंशल चंद्र अतुल सिंहचन्द्र केट सिंह अभिषेक सिंह मनोज सिंह सरजू सिंह सहित लगभग 500 लोगों ने भाग लिया।

सर्वमंगला पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल कूद में बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। नगरीकला सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में सातवां वार्षिक खेल-कूद दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद महतो, विधायक, टुंडी विधानसभा-सह पूर्व कैबिनेट मंत्री झारखंड सरकार, लेफ्टिनेंट कर्नल चरनजीत सिंह, एन० सी० सी०, एवं रवि कुमार मिश्रा, जिला युवा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम का उ?द्घाटन किया । मुख्य अतिथि ने स्कूल प्रबंधन, विधार्थी एवं अभिभावक को खेल-कूद के भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई दिया एवं विधार्थी को पढ़ाई के आलवे खेल-कूद के फायदे को बताया । लेफ्टिनेंट कर्नल चरनजीत सिंह ने इस स्कूल में उपलब्ध एन० सी० सी० सुविधा को ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने को कहां ताकी

विधार्थी को भविष्य में सरकारी/प्राइवेट नौकरी में काम आए। जिला युवा पदाधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने भी विधार्थी को स्कूल में उपलब्ध मेरा युवा भारत सुविधा का फायदा लेकर समाज सेवा एवं नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ा सकें ।डॉ० सर्वमंगला प्रसाद, डॉ० प्रभा सक्सेना, डॉ० हरदेव प्रसाद एवं ई० महेन्द्र प्रसाद ने स्कूल के विधार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अलावे खेल-कूद की सुविधा एवं अच्छे संस्कार प्रदान करने का वचन दिया ताकी स्कूली शिक्षा के बाद हर विधार्थी योग्य एवं अच्छा नागरीक बन सके ।कल्याणी नायर, बिंदु कुमारी, प्रबंधक प्रकाश कुमार दिलीप पंडित मृत्युंजय मंडल विकास कुमार जितेंद्र विश्वकर्मा किशन महतो विधायक प्रतिनिधि विकास महतो बसंत महतो कृष्ण देव पंडित सावित्री कुमारी महेंद्र सिंह नरेश प्रसाद चन्दलाल महतो एवं सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं तथा स्कूल के सदस्यगण इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे योगदान दिया। इस कार्यक्रम में करीब सात सौ विधार्थी भाग लिए।

इस मौके पर स्कूल के सभी विधार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं
संपादक कमल किशोर
द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि.
के लिए
भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,
गोविंदपुर मेन रोड,
अशोक नगर, केजी
आश्रम, धनबाद
(झारखंड) से मुद्रित तथा
प्लॉट नंबर 31,
कॉपरेटिव कॉलोनी,
बोकारो स्टील सिटी,
जिला बोकारो (झारखंड)
से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर,
नवबिहार टाइम्स
(दैनिक), सत्येंद्र नगर,
औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक:
मनोज विशाल
फोन नंबर:
9431145865,
8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण
संख्या:
JHAHIN/2017/72655,
Email :
bokaronbt@gmail.com